नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 210 | नई दिल्ली, सोमवार 28 अक्टूबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

विविध भूमिका चुनने से मुझे अपनी... पेज-12

## एक नजर

### मोदी ने दी दिवाली, धनतेरस, छठ पूजा और गुरु नानक जयंती की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दिवाली, धनतेरस, छठ पूजा और गुरु नानक जयंती की बधाई दी है।

श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा 'त्योहारों का समय है। 'मन की बात' के श्रोताओं को धनतेरस, दीवाली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती और सभी पर्वों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

उन्होंने कहा 'आप सभी पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाएं - वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखें, कोशिश करें कि त्योहारों के दौरान आपके घर में स्थानीय दुकानदारों से खरीदा गया सामान जरूर आए। एक बार फिर, आप सभी को, आने वाले पर्वों की बहुत बहुत बधाई।

### श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़े 12 भारतीय मछुआरे

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के निकट अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास नेदुनथीवु इलाके के पास 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। इन मछुआरों पर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा को पार कर श्रीलंकाई इलाके में प्रवेश करने का आरोप है। यह मछुआरे तमिलनाडु के रहने वाले हैं। तमिलनाडु प्रदेश के मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बताया, मछुआरों को रविवार सुबह हिरासत में लिया गया और पूछताछ के लिए श्रीलंकाई नौसैनिक शिविर ले जाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़े गए इन मछुआरों की मोटर नाव और मछली पकड़ने का साजो सामान भी जब्त कर लिया है। इसी साल 16 जून से अब तक श्रीलंकाई नौसेना ने सिर्फ तमिलनाडु के 425 मछुआरों को पकड़ा है और 58 नावों को जब्त किया है। पकड़े गए मछुआरों में लगभग 110 मछुआरे अभी भी श्रीलंका की हिरासत में हैं। इससे पहले 23 अक्टूबर को भी श्रीलंकाई नौसेना ने रामेश्वरम से 16 तमिल मछुआरों को गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के बाद तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

### सेबी जैसी संवैधानिक संस्था में भ्रष्टाचार से गड़बड़ा रहा है आर्थिक आधार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं का पतन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही नहीं बढ़ा है बल्कि सेबी जैसी संस्थाओं में गड़बड़ी होने लगी है जिससे अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंच रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां जारी एक बयान में शनिवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे देश की अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार जड़ जमा रहा है और देश की विकास का आधार खोखला हो रहा है। उन्होंने कहा, संस्थागत पतन ने देश में भाई- भतीजावाद को बढ़ावा दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था अब प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की बजाय एकाधिकार को बढ़ावा दे रही है। छोटे और मध्यम व्यवसाय प्रतिगामी कर प्रणाली में फंस गए हैं, उद्यमियों को संघर्ष करना पड़ रहा है और खुदरा निवेशक अनिश्चित और असुरक्षित बाजार की ओर देख रहे हैं। अर्थव्यवस्था का यह माहौल समृद्धि और नवप्रवर्तन को सक्षम तथा प्रभावी बनाने वाला नहीं है। श्री गांधी ने प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड- सेबी प्रमुख मधुबी बुच पुरी पर लगे आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा, माधवी बुच का घोटाला इस बात का उदाहरण है कि जब संस्थाएं ध्वस्त हो जाती हैं और भाईचारा हावी हो जाता है तो क्या होता है।

## मन की बात में डिजिटल अरेस्ट का जिक्र कर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# फ्रॉड कॉल आने पर रुको, सोचो और एक्शन लो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है।

उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति की राह पर है जबकि 'गेमिंग क्षेत्र' का भी विस्तार हो रहा है और ये दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है।

'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है।

इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। इसमें किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से 'अरेस्ट' हो गया है और उसे जुमार्ना देना होगा। कई लोग ऐसे मामलों में डर जाते हैं और शिकार बन जाते हैं।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के दर्शकों को विस्तार से बताया कि इस प्रकार के फरेब करने वाले गिरोह कैसे काम करते हैं और कैसे 'खतरनाक खेल' खेलते हैं।

उन्होंने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं।

उन्होंने कहा, इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती।

उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया।

उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी ना दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें।

उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती और न ही पूछताछ करती है और न वीडियो कॉल पर ऐसे पैसे की मांग करती है।

उन्होंने कहा, अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, सबूत सुरक्षित रखें। यह तीन चरण आपकी डिजिटल सुरक्षा का रक्षक बनेंगे। मैं फिर कहूंगा 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई चीज नहीं है। यह सिर्फ धोखाधड़ी है, झूठ है और फरेब है। बदमाशों का गिरोह ऐसा कर रहा है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं वह समाज के दुश्मन हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर जो फरेब चल रहा है उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसी राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं और आपसी तालमेल के लिए 'नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन' केंद्र की स्थापना की गई है।

उन्होंने कहा, ऐसी धोखाधड़ी करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड और बैंक अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है।

मोदी ने कहा कि ऐसे मामलों में एजेंसियां अपना काम कर रही हैं लेकिन 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रहे फरेब से बचने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है।

उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों सहित हर जगह इसके बारे में लोगों से जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भारत को एनिमेशन की दुनिया की वैश्विक शक्ति बनाने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।

छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों की लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं और इन्हें चाहने वाले भी दुनियाभर में हैं।

उन्होंने कहा, एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। भारतीय गेम्स भी इन दिनों दुनिया-भर में लोकप्रिय हो रहे हैं।

पिछले दिनों भारत के अग्रणी गेमर्स से हुई अपनी मुलाकात को याद करते हुए उन्होंने कहा, वाकई, देश में रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है। एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है।

### 'आत्मनिर्भर भारत अभियान को और मजबूत करने का मौका'

मन की बात में नरेंद्र मोदी ने कहा, 'त्योहारों के इस मौसम में हम सब आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को और मजबूत करते हैं। हम वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ अपनी खरीदारी करते हैं। यह नया भारत है जहां मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड बन गया है।' उन्होंने कहा कि हमें न सिर्फ भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि अपने देश को इनोवेशन के ग्लोबल पावरहाउस के रूप में स्थापित करना है। पीएम मोदी ने कहा, 'अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। इसी महीने हमने लद्दाख के हान्ले में एशिया के सबसे बड़े 'इमेजिंग टेलीस्कोप टअउए' का उद्घाटन किया। यह 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। एक ऐसी जगह जहां ठंड -30 डिग्री से भी कम है, जहां ऑक्सीजन तक की कमी है। हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है।'

### मोदी ने बताए डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण

प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं आपको डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताता हूं। ये तीन चरण हैं - रुको, सोचो और ऐक्शन लो। कॉल आते ही रुको, घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। दूसरा चरण है- सोचो। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती। न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है। अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। तीसरा चरण - एक्शन लो। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें। http://cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें। परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें।'

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए 14 और उम्मीदवार किए घोषित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आज 14 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी करने के साथ ही अब तक कुल 101 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई पर पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है।

पार्टी ने पहली सूची में 48, दूसरी सूची में 23, तीसरी सूची में 16 तथा चौथी सूची में आज 24 और उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी।

चौथी सूची में पार्टी ने औरंगाबाद पूर्व से एलएच शेवाले को मधुकर देशमुख की जगह उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने अंधेरी पश्चिम विधानसभा सीट से भी उम्मीदवार बदला है और सचिन सावंत की जगह अशोक जाधव को नया उम्मीदवार बनाया है। श्री सावंत के नाम का ऐलान पार्टी ने तीसरी सूची में किया है।

## एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 20 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की

# आदित्य ठाकरे के खिलाफ मिलिंद देवड़ा को बनाया उम्मीदवार



एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। शिंदे ने आदित्य ठाकरे के खिलाफ मुंबई की वर्ली सीट के लिए मिलिंद देवड़ा को टिकट दिया है। आदित्य के खिलाफ वर्ली विधानसभा से मिलिंद को उतारकर वह शिवसेना का बड़ा चेहरा बन सकते हैं। शिवसेना की दूसरी लिस्ट में संजय निरुपम को दिंडोशी से टिकट दिया गया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने रविवार को 20 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की। विधानसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ मुंबई के वर्ली निर्वाचन क्षेत्र से मिलिंद देवड़ा को मैदान में उतारा है। राज्यसभा सांसद देवड़ा इस वर्ष की शुरूआत में कांग्रेस छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे। उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे वर्ली से मौजूदा विधायक हैं, जिन्होंने 2019 में इस निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। देवड़ा को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए वर्ली निर्वाचन क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है।

कांग्रेसी रहे संजय निरुपम को शिवसेना ने दिंडोशी विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। निरुपम कांग्रेस छोड़कर शिवसेना में शामिल हो गए थे। दिंडोशी विधासनभा सीट मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। डिंडोशी सीट की स्थापना 2008 में परिसीमन के बाद हुई थी। पिछले 10 वर्षों से अविभाजित शिवसेना ने इसका प्रतिनिधित्व किया था। वहीं, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नीलेश राणे कुडाल सीट से शिवसेना के उम्मीदवार हैं।

### शिवसेना की लिस्ट

दूसरी लिस्ट में अक्कलकुआ सीट से आमश्या फलजी पाडवी, बालापुर से बलीराम भगवान शिरसकर, रिसोड से भावना पुंडलीकराव, हदगाव से संभाराव उर्फ बाबुराव कदम, नांदेड़ दक्षिण से आनंद शंकर पाटील, परभणी से आनंद शेशराव भरोसे, पालघर से राजेंद्र गावित, बोईसर से विलास सुकुर तरे, भिवंडी ग्रामीण से शांताराम तुकाराम मोरे, भिवंडी पूर्व से संतोष मंजय्या शेट्टी, कल्याण पश्चिम से विश्वनाथ आत्माराम, अंबरनाथ से बालाजी प्रल्हाद किणीकर, विक्रोली से सुवर्णा सहदेव, दिंडोशी से संजय निरुपम, अंधेरी पूर्व से मूरजी कांनजी पटेल, चंबूर से तुकाराम रामकृष्ण काते, वर्ली से मिलिंद देवड़ा, पुरंदर से विजय सोपानराव, कुडाल से निलेश राणे और कोल्हापुर उत्तर से राजेश विनायक को उम्मीदवार बनाया गया है।

# पंजाब पुलिस ने पांच सौ करोड़ की हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार किया

## कैफीन, डीएमआर और विदेशी पिस्तौल बरामद




**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करों का पदार्फाश करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 किलो हेरोइन समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने अमृतसर के बाबा बकाला कस्बे से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन, 17 किलो डीएमआर, 5 विदेशी पिस्तौल और 1 देसी पिस्तौल बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों का सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ भुल्लर विदेश से यह नेटवर्क को चला रहा था। डीजीपी ने बताया कि उक्त सभी खेप सीमा पार पाकिस्तान से आई थी। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 500 करोड़ रुपए से ज्यादा है।

डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन यूनिट में उक्त एफआईआर दर्ज की गई है।

बीते दिनों पुलिस द्वारा एक खेप पकड़ी गई थी, उक्त आरोपितों की पूछताछ में इस रिकवरी की इनपुट मिली थी। पुलिस पिछले काफी समय से उक्त एरिया में ट्रैप और रेकी कर रही थी। नशे की यह खेप जलमार्ग के जरिए पंजाब तक पहुंचायी गयी है। इस खेप के साथ टायरों की बड़ी रबर ट्यूब भी बरामद की गई है, जिससे संकेत मिलता है कि जलमार्गों के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है।

### अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन के पैकेट बरामद

चंडीगढ़। बीएसएफ ने पाकिस्तान द्वारा पंजाब में नशा सप्लाई की घटना को असफल बनाते हुए अमृतसर क्षेत्र से दो पाकिस्तानी ड्रोन तथा दो पैकेट हेरोइन के बरामद किए हैं। बीएसएफ की तरफ से रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक इंटेलिजेंस रिपोर्ट के बाद बीएसएफ ने अमृतसर के गांव धनोए कलां में सीमावर्ती क्षेत्र से सटे खेतों से एक ड्रोन तथा एक पैकेट हेरोइन बरामद किया है। हेरोइन के पैकेट का वजन 550 ग्राम था। इस बीच बीएसएफ की टीम ने अमृतसर जिले के गांव उत्तर धालीवाल में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है।

बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार तीसरे घटनाक्रम के तहत अमृतसर के सीमावर्ती गांव रोड़ावाला खुर्द से 510 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी ड्रोन चीन में बने हैं तथा डीजेआई माविक थ्री क्लासिक क्वालिटी के हैं।

# मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़, 9 यात्री घायल



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में बांद्रा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर रविवार को भगदड़ मच गई। इस घटना में 9 लोग घायल हुए हैं। बीएमसी की ओर से बताया गया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि अत्यधिक भीड़ के चलते यह हादसा हुआ। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की के दौरान यह भगदड़ मची। यह घटना बांद्रा टर्मिनल के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर सुबह 5 बजकर 56 मिनट पर हुई।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अधिकारी ने बताया कि 22921 बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़ने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ थी। अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान हो गई है। इनमें शबीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदर गुप्ता (28), रवींद्र हरिहर चूमा (30), रामसेवक रवींद्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगे (27), दिव्यांशु योगेंद्र यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत सहानी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) शामिल हैं।

### हादसे को लेकर संजय राउत का भाजपा पर हमला

बांद्रा हादसे को लेकर शिवसेना (वइळ) नेता संजय राउत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'जब से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार तीसरी बार सत्ता में आई है और रेल मंत्री को फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई है, तब से देश में 25 से ज्यादा बड़ी रेल दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। मुंबई जैसे शहर में जिसे उपनगरीय रेलवे कहा जाता है, देखिए वहां क्या हाल है? आप बुलेट ट्रेन, मेट्रो आदि की बात करते हैं। नितिन गडकरी हवा में बस चलाने की बात करते हैं, लेकिन आप जमीन पर हकीकत देख रहे हैं। बांद्रा में जो हुआ उसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या रेल मंत्री जिम्मेदार नहीं हैं?'

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ 'फूलवालों की सैर' का समापन समारोह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय संस्कृति और एकता के परिचायक 'फूल वालों की सैर' कार्यक्रम का शनिवार देर रात को धूमधाम से समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री आतिशी ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और यहां शानदार कव्वाली का भी आयोजन किया गया। इस मौकेपर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, फूलवालों की सैर' सिर्फ. एक उत्सव नहीं है, इसने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखा है। उन्होंने कहा कि, 'फूलवालों की सैर' जैसे उत्सव आज के दौर में इंसानियत का पैगाम देते हुए लोगों को साथ लाने का उत्सव है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली



दिलवालों का शहर है, यहाँ लोग आपस में दीवारें नहीं बनाते बल्कि फूलवालों की सैर जैसे त्यौहार के साथ इंसानियत का पैगाम बांटते है। उन्होंने कहा कि नफरत की राह छोड़कर, इंसान को इंसानियत से जोड़ने वाला ये त्यौहार दिल्ली की एकता और विविधता की असली पहचान है। आगे आतिशी ने कहा कि फूलवालों की सैर ने दिल्ली की सैकड़ों साल पुरानी परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने बचपन के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, मैं दिल्ली में पली-बढ़ी। मेरे अभिभावक दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थे, हम दिल्ली यूनिवर्सिटी कैंपस में रहते थे। वहां सभी मिल जुलकर त्यौहार मनाते थे तो बचपन में काफी समय तक ये पता ही नहीं चला कि कौन-सा त्यौहार किस धर्म का है। वहाँ पर हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सभी के त्यौहार मनाए जाते थे। पंजाबी, गुजराती, मराठी, मलयाली, तमिल सभी के त्यौहार मनाए जाते थे। सीएम आतिशी ने कहा, दिल्ली की यही सबसे बड़ी खासियत और खूबसूरती है कि, दिल्ली के लोग दिलवालें होते है और आपस में दीवारें नहीं बनाते है। उन्होंने कहा कि, 'फूलवालों की सैर' भी दिलवालों का त्योहार है जहाँ दिल्ली के हर धर्म-जाति-भाषा के लोग एक साथ आते है, इस उत्सव का लुत्फ उठाते है और रातभर शानदार कव्वाली सुनते है। उन्होंने कहा कि, ऐसे त्यौहार हमारी परंपरा में बने रहे और न सिर्फ. फूलवालों की सैर बल्कि लोगों के बीच का ये प्यार हमेशा दिल्लीवालों में बना रहे।

# बादली पदयात्रा में बीजेपी पर बरसे केजरीवाल

## उन्होंन कहा 'विकासपुरी में गुंडे भेजकर मुझे मारने की कोशिश की'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राजनीति में एक बार फिर से हलचल मच गई है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बादली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक पदयात्रा के दौरान अपने पुराने चिर परिचित अंदाज में नजर आए। अपने भाषण के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर कई सवाल उठाए और हाल ही में हमले की घटना पर बीजेपी से सवाल किया। पदयात्रा के दौरान, केजरीवाल ने लोगों से बातचीत करते हुए अपने जेल के दिनों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा उन्हें खत्म करने की कोशिश की जा रही है। पिछले दिनों एक हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे साजिश करार दिया और स्पष्ट किया कि यदि भाजपा उन्हें चुनौती देने की हिम्मत रखती है, तो उन्हें चुनाव में आकर सामने आना चाहिए। केजरीवाल ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, "मैंने दिल्ली में 500 मोहल्ला क्लीनिक बनवाए



हैं, अब भाजपा को यहां 5000 मोहल्ला क्लीनिक बनाकर दिखाना चाहिए।" उनकी इस टिप्पणी ने स्पष्ट किया कि वह भाजपा की सरकार की कार्यशैली पर गंभीरता से सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने अपने समय को भी याद करते हुए कहा कि जब वह जेल में थे, तब भाजपा को दिल्ली के लिए काम करना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय उन्होंने इसे और बर्बाद कर दिया। अपने भाषण में, केजरीवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने दिल्ली की मुफ्त बिजली की स्थिति का उल्लेख किया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोग काम के नाम पर मतदान करने आए हैं और यही कारण है कि विधानसभा चुनाव में वे आम आदमी पार्टी को 70 सीटों पर जीत दिलाने के लिए तैयार हैं।

इस पदयात्रा में केजरीवाल ने अपनी ईमानदारी का भी बखान करते हुए कहा, "अगर केजरीवाल बेईमान है, तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है।

## लाल क्वार्टर मार्केट में दीपावली मनाई जायेगी एक नवम्बर को : अशोक सेठ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैसा कि सभी दुकानदार इस असमंजस मे है कि दिवाली 31 तारीख को मनाई जाए या फिर एक तारीख को इसलिए लाल क्वार्टर की सभी वरिष्ठ एसोसिएशन ने संकट मोचन मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश पंडित को बुलवाया और उनसे समझा एवं वैष्णो देवी के मुख्य पुजारी से भी बात की और यह निष्कर्ष निकाला की दिवाली पूरे हर्षोल्लास के साथ एक नवंबर को ही सभी दुकानदार भाई मनाएंगे। उक्त जानकारी अशोक सेठ प्रधान ईस्ट दिल्ली ज्वेलर्स एसोसिएशन नें एक विज्ञप्ति में दी` अशोक सेठ नें बताया दोपहर अग्निशमन विभाग के उच्च अधिकारी सुमेश दुआ अपनी टीम के साथ मार्केट एसोसिएशन अधिकारियों से मिलने के लिये आये और उन्होंने काफी जानकारियां दी की कैसे दिवाली के समय हमारे घर या प्रतिष्ठान पर आग ना लगे उन बातों से अवगत कराया और अनुरोध किया की मार्केट में अगर कोई अतिक्रमण हैं।

# नाबालिगों से भीख मंगवाने के मामले में युवक दोषी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने एक अरोपी को नाबालिग का अपहरण कर उसे भीख मांगने के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया है। अदालत ने कहा है कि विश्वसनीय गवाही पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है। एडिशनल सेशन जज पंकज अरोड़ा अब्दुल अहद उर्फ गुड्डू के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस पर 11 लड़कियों के अपहरण का आरोप था। अदालत ने कहा, अभियोजन पक्ष के गवाहों की गवाही स्पष्ट, ठोस और भरोसेमंद है। पुलिस जांच में ऐसा कुछ भी संकेत नहीं मिला है कि बच्चे की आरोपी के साथ कोई दुर्भावना या पूर्व दुश्मनी थी, न ही आरोपी ने आपत्तिजनक परिस्थितियों में बच्चे के साथ रहने की परिस्थितियों के बारे में बताया। अदालत ने कहा, अभियोजन पक्ष ने सफलतापूर्वक साबित कर दिया है कि आरोपी ने पीड़िता का अपहरण किया था ताकि उसे नौकरी पर रखा जा सके या भीख मांगने के लिए इस्तेमाल किया जा सके। सजा की अवधि पर अदालत 25 नवंबर को सुनवाई करेगी।

# मायापुरी मे वाटिका एपार्टमेंट के योग हॉल में नि:शुल्क आर्थोपेडिक चिकित्सा जांच शिविर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मायापुरी मे वाटिका एपार्टमेंट में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। यहाँ डॉ.अनुराग शर्मा -सी.के. बिड़ला अस्पताल, पंजाबी बाग द्वारा आर्थोपेडिक शिविर मे बड़े इत्मीनान से लोगों को देखा गया। स्वास्थ्य जाच की गई जिसमे मधुमेह जांच, बी.पी, और अस्थि की सघनता आदि की जांच की गई। टीम आरडब्ल्यूए-73 वाटिका अपार्टमेंट एव एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विनोद शर्मा जी ,उप'ध्यक्ष श्री संजीव सहाय, महासचिव अशोक भार्गव का पूर्ण सहयोग रहा। यह कार्यक्रम सी.के. बिड़ला अस्पताल, पंजाबी बाग (वेस्ट) के सौजन्य से किया गया।

# एक नजर

## दो से अधिक अधीनस्थ जजों का स्थानांतरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के भीतर अपने अधीनस्थ न्यायालयों में कई न्यायिक अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण को अधिसूचित किया है। 25 अक्तूबर को जारी दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में हाईकोर्ट ने दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 और दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों के लिए नई पोस्टिंग की पहचान की। तबादलों के अलावा इन पोस्टिंग में प्रशिक्षण पूरा होने पर विभिन्न जिलों में लगभग 70 न्यायिक अधिकारियों को शामिल करना भी शामिल था।

## रंजिश में नाबालिग समेत दो को मारी गोली, एक की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी पश्चिमी जिले के किशनगढ़ गांव में थप्पड़ का बदला लेने के लिए पांच आरोपितों ने एक किशोर की गोली व चाकू घोंपकर हत्या कर दी। जबकि उसके दोस्त को गोली मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। वहीं दोनों घायलों को उनके दोस्तों ने तुरंत नजदीकी अस्पताल में दाखिल करखाया। जहां डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक का इलाल चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। किशनगढ थाना पुलिस ने उक्त में मामले में केस दर्ज कर चार नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा है। आरोपित की पहचान संजय महलावत के रूप में हुई है। बाकी सब आरोपित नाबालिग है।

दक्षिणी पश्चिमी जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 26 अक्टूबर की शाम को सूचना मिली थी कि किशनगढ़ गांव में गौशाला के पास दो युवकों पर चाकू से हमला किया गया है। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पता चला घायलों को नजदीक के सफदरजंग अस्पताल में दाखिल करखाया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने 16 वर्षीय यश को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके दोस्त सौरव की हालत गंभीर बताई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। इधर पुलिस ने केस दर्ज कर चार नाबालिग समेत पांच आरोपितों को पकड़ा। डीसीपी के अनुशार शुरूशाती जांच में पता चला है कि यश का कुछ दिन पहले संजय महलावत के लड़को से झगड़ा हो गया था। झगड़े में यश ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया था। अभी तक जांच में पता चला है कि रंजिश में आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया है।

## पटियाला हाउस कोर्ट में 29 को दीपावली कार्यक्रम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पटियाला हाउस कोर्ट में 29 अक्तूबर को दीपावली उत्सव का आयोजन किया जाएगा। नई दिल्ली बार एसोसिएशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम मे दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। बार एसोसिएशन ने इसके संबंध में सर्कुलर जारी किया है। दिल्ली की सभी जिला अदालतों में स्थानीय बार एसोसिएशन इस प्रकार के आयोजन कर रहा है। 26 अक्तूबर को साकेत कोर्ट में दीपोत्सव का आयोजन किया गया था।

## अदालत ने 2018 के लूट के एक मामले में आरोपी को बरी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यक्ति को लूटपाट के आरोपों से बरी करते हुए कहा कि पुलिस ने दोषपूर्ण जांच की और अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों में विरोधाभास पाए गए। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल अहलावत आरोपी वेद प्रकाश के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे जिस पर 12 मई 2018 को उत्तरपूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में एक बस स्टैंड के समीप शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन और पर्स लूटने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने 18 अक्टूबर को सुनाए फैसले में कहा कि शिकायतकर्ता और उसके मित्र के अनुसार किसी के पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में फोन करने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। अदालत ने कहा, हालांकि, जांच अधिकारी ने फोन करने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया और उसे मामले में अभियोजन पक्ष का गवाह नहीं बनाया गया। इसलिए अभियोजन पक्ष अपनी कहानी को साबित नहीं कर पाया। उसने कहा, साथ ही अभियोजन यह भी साबित नहीं कर पाया कि आरोपी से बरामद मोबाइल फोन शिकायतकर्ता का था इसलिए रिकॉर्ड में उपलब्ध सामग्री के आधार पर आरोपी को मौजूदा मामले में लगाए आरोपों में दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

## बाबा नगर सेन की शोभा यात्रा में शामिल हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली में आयोजित विशाल शोभायात्रा में शामिल होकर नगर सेन बाबा का आशीर्वाद लिया। अरविंद ने कहा कि बाबा नगर सेन ने इंसान की समानता और बच्चों की शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया था। हम उन्हीं के रास्ते पर चलकर दिल्ली सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। आगे केजरीवाल ने कहा कि बाबा नगर सेन की प्रमुख स्थली मध्य प्रदेश में दिमनी है। वहां पर उनका डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर है। वहां बाबा ने बहुत सामाजिक और धार्मिक काम किए। बाबा नगर सेन को सिर्फ दलित समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोग पूजते हैं। वह सबके लिए बहुत सम्मानीय हैं। उन्होंने इंसान की समानता के ऊपर सबसे जोर दिया कि सब समान हैं।

# एसओएल में डेढ़ लाख छात्रों ने कराया नामांकन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएलद्ध) में लगभग डेढ़ लाख छात्रों ने विभिन्न कोर्स में नामांकन कराया है। अभ्यर्थी इसके लिए 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एसओएल के एक अधिकारी ने बताया कि डीयू के रेगुलर कोर्स के जो पाठ्यक्रम हैं, वही पाठ्यक्रम एसओएल में भी पढ़ाए जाते हैं। यहां कक्षाएं सप्ताहांत में चलती हैं। छात्रों को कौशल विकास कोर्स के लिए के लिए भी नामांकित जाता है ताकि पढ़ाई के साथ-साथ उनके पास कोई कौशल भी हो, जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद वह नौकरी के योग्य हो जाएं। अभ्यर्थी एसओएल की वेबसाइट solad-mission.samarth.edu.in https://sol.du.ac.in/index.ph स्त्र से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू में भी कर सकते हैं आवेदन : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) दूरस्थ शिक्षा के अलावा कई कोर्स ऑनलाइन भी संचालित करता है। जो छात्र कक्षाओं में जाकर पढ़ाई नहीं कर सकते हैं, वह ऑनलाइन पढ़ाई करें। इस बारे में अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाइट https://www.ignou.ac.in/ से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू ने लगभग सभी विषयों में अपने यहां आवेदन प्रक्रिया खोली है। इसमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री कोर्स के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। छात्र 31 अक्तूबर तक इसमें आवेदन कर सकते हैं।

# उच्च न्यायालय ने सज्जन कुमार को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की अपील स्वीकार की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या और दंगे के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार और अन्य को बरी करने के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक अपील स्वीकार कर ली है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को दिए एक आदेश में जांच एजेंसी को निचली अदालत के 20 सितंबर 2023 के आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति दी और मामले पर अगली सुनवाई दिसंबर में करने का फैसला किया। अपील की अनुमति किसी अदालत द्वारा किसी पक्षकार को उच्च अदालत में फैसले को चुनौती देने की औपचारिक अनुमति देना होता है। अदालत ने आदेश में कहा, इस अदालत की राय में सीबीआई को



अपील की अनुमति दी जाती है अपील स्वीकार की जाती है। अदालत ने मामले में बरी करने के आदेश के खिलाफ पीड़िता शीला कौर की अपील भी स्वीकार कर ली और रजिस्ट्री से वर्तमान आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ 1984 के दंगों से संबंधित किसी भी अन्य अपील पर एक रिपोर्ट पेश करने को कहा। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने 20 सितंबर 2023 को मामले में कुमार को बरी करते हुए उन्हें संदेह का लाभ दिया था और कहा था कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ संदेह के परे आरोप साबित करने में नाकाम रहा। निचली अदालत ने दो अन्य आरोपियों वेद प्रकाश पियाल और ब्रह्मानंद गुप्ता को भी बरी करते हुए कहा था कि अभियोजन उनके खिलाफ हत्या और दंगा करने के आरोप साबित करने में नाकाम रहा है। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी जिसके बाद दंगे भड़क उठे थे। सुल्तानपुरी में एक घटना में सिख व्यक्ति सुरजीत सिंह की हत्या कर दी गयी थी।

कुमार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत दंडनीय विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। वह दंगों से जुड़े एक अन्य मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अभी तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

# बढ़ते प्रदूषण को रोकने में फेल हुई दिल्ली सरकार : विजेंद्र गुप्ता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा है की दिल्ली सरकार शहर में बढ़ते प्रदूषण को रोकने में बुरी तरह से नाकाम हो चुकी है। दिल्ली की जनता दमघोंटू हवा में सांस लेने को मजबूर है, लेकिन आम आदमी पार्टी सिर्फ खोखले वादों और घटिया स्तर की राजनीति करने में व्यस्त है। प्रदूषण की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि आईटीओ और आनंद विहार के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 361 और 405 दर्ज किया गया है जो कि "बहुत खराब और गंभीर" श्रेणी में आता है। यह स्थिति स्मॉग की चादर में लिपटी दिल्ली के निवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार के पास न तो इसे सुधारने की इच्छाशक्ति है और न ही कोई ठोस योजना। ाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के प्रसारण के बाद मॉडल टाउन की झुग्गी बस्ती में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चाहे राजधानी में बढ़ रहा वायु प्रदूषण हो, यमुना की गंदगी हो, शहर की टूटी सड़कें हों, स्वास्थ्य सेवाएं हों या फिर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम...सभी दिल्ली सरकार की नाकामी की कहानी के अलग अलग किरदार हैं जो दिल्ली सरकार की विफलता की दास्तां सुना रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि पिछले दस सालों में आप आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जनता को सिर्फ धोखा ही दिया है और विकास के नाम पर जनता को झूठे आश्वासन देकर करोड़ों रुपये का भारी भ्रष्टाचार किया है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का वायु प्रदूषण इतना भयंकर हो गया है।

## दीपावली बाजार में सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश भर में दीपावली को लेकर दिल्ली के बाजारों में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं। वहीं खुशी के मौके पर कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए दिल्ली पुलिस सतर्क हो गई है। इसके लिए बाजार में पुलिस की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, साथी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बाजार संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर कर रहे हैं। दीपावली पर बाजारों में बढ़ती भीड़-भाड़ को देखकर नवनियुक्त उपायुक्त डिप्टी राजा बंथीया, अतिरिक्त आयुक्त शंकर बनर्जी,एसएचओ जतन सिंह और कोतवाली थाने की टीम ने कूचा महाजनी का दौरा कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

इस दौरान बंथीया ने कारोबारियों से बाजार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जानकारी हासिल की, जैसे बाजार में कितनी दुकानें हैं, आपातकालीन परिस्थिति में बाजार से बाहर निकलने के कितने अन्य रास्ते हैं।

# झुग्गियां उजाड़ रही है भाजपा : मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने रविवार को गांधीनगर की झुग्गी-बस्तियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंद्रह दिन में सैंकड़ों झग्गियों को तोड़ने के लिए भिजवाए गए नोटिस और उससे प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने भरोसा दिया कि किसी भी हालत में अरविंद केजरीवाल और आआपा इन झुग्गियों को टूटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि ये लोग 80-90 साल से यहां रह रहे हैं, किसी के घर में शादी है, किसी महिला का पति नहीं है, अब ये कहां जाएंगे। भाजपा वालों में इंसानियत नहीं बची है। इन्होंने केजरीवाल को जेल में डाला था ताकि वो गरीबों के लिए ना लड़ पाएं, लेकिन वो बाहर आ गए हैं और गरीबों की लड़ाई लड़ेंगे। केजरीवाल के रहते एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी। सिसोदिया ने कहा कि यहां लोगों ने अपनी दो-तीन पीढ़ियां बिताई हैं। कई बच्चे कह रहे हैं आपके स्कूलों में पढ़ते हैं, अब हम कैसे पढ़ेंगे। भाजपा ने इन झुग्गीवालों को 15 दिन में यह इलाका खाली करने का नोटिस दिलवाया है। भाजपा यह नहीं सोचती कि ये गरीब लोग 80-90 साल से यहां रह रहे हैं। अंत में उन्होंने कहा कि हम पूरी शिद्दत से इसके खिलाफ लड़ेंगे और इन झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे, यह केजरीवाल का वादा है।

# एनडीएमसी ने दीपावली त्योहारी सीजन पर विशेष सफाई अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने दीपावली त्योहार की पूर्व संध्या पर पूरे क्षेत्र में लगे लगभग 3000 कर्मचारियों की अपनी विशेष सफाई, धुलाई, सफाई, मरम्मत और पेंटिंग की टीमों के साथ एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया हुआ है। दीपावली त्योहार के मद्देनजर, इस स्वच्छता अभियान का विशेष ध्यान आवासीय कॉलोनियों, बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी और गैर-सरकारी भवनों और सड़कों के किनारे प्रमुख सार्वजनिक स्थानों और सार्वजनिक शौचालय के आसपास के क्षेत्रों पर होगा। दैनिक आधार पर विशेष स्वच्छता अभियान में स्वच्छता टीमों द्वारा न केवल झाड़ू से फुटपाथ और सड़कों की सफाई



की जा रही है, बल्कि धूल या अन्य वायु प्रदूषण तत्वों को साफ करने के लिए पानी से धुलाई भी की जा रही है। एनडीएमसी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए यह पहल बहुत महत्वपूर्ण है। एनडीएमसी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार साफ और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए, एनडीएमसी ने कनॉट प्लेस, सरोजिनी मार्केट, बंगाली मार्केट, गोल मार्केट, खान मार्केट, मालचा मार्केट में फुटपाथों, गलियारों की पानी से सफाई करने पर विशेष जोर देने के साथ एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है। नई दिल्ली में एनडीएमसी ने सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और सौंदर्य को बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापक सफाई अभियान शुरू किया हुआ है। वहीं कनॉट प्लेस क्षेत्र में फुटपाथों और सार्वजनिक चौकों पर व्यापक गीली सफाई की गयी है। इस प्रयास में 50 स्वच्छता कर्मचारियों, 40 बागवानी कर्मचारियों और 45 सिविल इंजीनियरिंग कर्मियों का समर्पित कार्य शामिल था, जिन्होंने पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित करने के लिए प्रेशर जेटिंग मशीनों का भी उपयोग किया। पानी से धुलाई और सफाई अभियान के तहत, सरोजिनी नगर और होशियार सिंह मार्ग में इसी तरह के सफाई प्रयास किए गए है।

# कनॉट प्लेस में संदिग्ध सामान मिलने से हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में रविवार को एक संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर इस संदिग्ध वस्तु को किसने और किस मकसद से यहां रखा? पुलिस के मुताबिक, पालिका बाजार में एक दुकान के सामने इलेक्ट्रॉनिक वस्तु बरामद हुई। इस वस्तु का सत्यापन किया जा रहा है। नई दिल्ली जिला डीसीपी देवेश कुमार महला ने इस संबंध में कहा, अभी वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसी बीच हमें एक दुकान के सामने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिला। इसे देखने से ऐसा लग रहा है कि यह नेटवर्क जैमर की तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी लोगों से आग्रह करते हैं कि अगर किसी को कहीं पर भी किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु दिखे, तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें, ताकि समय रहते यह साफ हो सके कि आखिर यह वस्तु क्या है? बता दें कि दीपावली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में बाजारों में बड़ी संख्या में लोगों की आमद देखने को मिल रही है। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे मौकों पर अप्रिय घटना के घटने की आशंका बढ़ जाती है, जिसे देखते हुए पुलिस बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है, ताकि हर प्रकार की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए। इसी बीच, कनॉट प्लेस इलाके में संदिग्ध वस्तु मिलने से पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो चुका है। पुलिस ने सभी दुकानदारों को भी स्पष्ट कर दिया है कि अगर उन्हें किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु आसपास दिखती है, तो वो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

# जन मुद्दों पर संघर्षों को तेज करने के आह्वान के साथ सीपीआई (एम) गौतम बुध नगर कमेटी का सम्मेलन हुआ संपन्न : गंगेश्वर दत्त शर्मा

**गौतम बुध नगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी गौतम बुध नगर कमेटी का नौ वां त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन डिवाइन फॉर्म हाउस ग्राम इटैडा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रविवार 27 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे झंडा रोहण के साथ हुआ। झंडा रोहण कॉमरेड लता सिंह ने किया। और सभी साथियों ने शहीद वेदी पर फूल चढ़कर और शहीदों एवं दिवंगत लोगों के सम्मान में खड़े होकर 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अध्यक्ष मंडल, स्टेरिंग व मिनट्स कमेटी का चुनाव किया गया। कामरेड लता सिंह, आशा यादव, गजेंद्र सिंह खारी की अध्यक्षता में सम्मेलन की कार्रवाई विधिवत रूप से शुरू हुई। सम्मेलन का उद्घाटन भाषण कामरेड बृजेश कुमार सिंह सचिव मंडल सदस्य सीपीआई(एम) दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी ने किया! उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में केंद्र व प्रदेश सरकार की मजदूर- किसान व आमजन विरोधी नीतियों को रेखांकित करते हुए आम आदमी की बिगड़ती आर्थिक व सामाजिक स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त किया! उन्होंने कहा कि आज देश को जानबूझकर सांप्रदायिक जातिवाद की आग में झोंका जा रहा है, हमारे संविधान, लोकतंत्र और भाईचारे को कमजोर करने की साजिश की जा रही है, यह सब बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था से ध्यान हटाने के उद्देश्य जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से उपरोक्त स्थिति के खिलाफ जनता को लामबंद कर बड़ा जन आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। सम्मेलन में पार्टी जिला सचिव कामरेड डॉक्टर रुपेश वर्मा ने पिछले 3 साल के कार्यों व संघर्षों की समीक्षा एवं आगामी 3 साल के लिए कार्यक्रमों व संघर्षों की दिशा तय करने के लिए सम्मेलन में विचार विमर्श के लिए रिपोर्ट रखी! जिस पर सम्मेलन में आए 95 डेलीगेट साथियों में से 20 साथियों ने बहस में हिस्सा लिया। सम्मेलन में शोक प्रस्ताव, आर्थिक व उदारीकरण की नीतियां एवं बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, महंगाई व खाद वितरण प्रणाली, सांप्रदायिकता और जातिवाद, गांव, कॉलोनी व मजदूर बस्तियों के नागरिकों की समस्याओं/ मांगों पर संघर्षों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए! रिपोर्ट एवं प्रस्तावों पर विचार विमर्श के बाद सम्मेलन में उपस्थित डेलीगेट साथियों ने सर्व समिति से रिपोर्ट एवं प्रस्तावो को पास किया। सम्मेलन को किसान के सभा के नेता सतीश यादव ने संबोधित किया और बधाई दिया। सम्मेलन में 11 सदस्य नई जिला कमेटी का चुनाव किया गया तथा कमेटी का सचिव कामरेड रामसागर सक्सेना को चुना गया। नई कमेटी में कामरेड डॉक्टर रुपेश वर्मा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, भरत डेंजर, आशा यादव, राम स्वारथ राजभर, नरेंद्र पांडे, चंदा बेगम मुकेश कुमार राघव को चुना गया तथा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में लता सिंह व भीखू प्रसाद को चुनाव गया।



सम्मेलन में जन संघर्षों व पार्टी के कार्यों में योगदान के लिए कामरेड लता सिंह को शोल उढ़ाकर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में समापन भाषण कामरेड अनुराग सक्सेना सीपीआई(एम) दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव मंडल सदस्य ने रखा। सम्मेलन का समापन इंकलाब- जिंदाबाद, सीपीआईएम- जिंदाबाद, सीपीएम का नौ वां सम्मेलन- जिंदाबाद, मजदूर- किसान एकता- जिंदाबाद के नारों व जन मुद्दों पर संघर्षों को तेज करने के आह्वान के साथ हुआ।

# अखिलेश यादव ने भाजपा पर बोला हमला




ऋषि तिवारी

**नोएडा।** अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य प्रदीप कपूर को श्रद्धांजलि देने के लिए नोएडा के सेक्टर 40 स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बात की और भाजपा पर जमकर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो किसी भी स्तर तक गिर सकती है। भाजपा अपने फायदे के लिए किसी भी सीमा से नीचे जा सकती है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकताओं के भरोसे चुनाव नहीं लड़ती बल्कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के सहारे चुनाव लड़ती है। जो पार्टी कार्यकताओं के बजाए अधिकारियों के भरोसे चुनाव लड़ती है, उस पार्टी की हार तय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ रही है और जीतेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता, जिला अध्यक्ष, सपा के प्रदेश सचिव सुनील चौधरी समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नोएडा आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कुछ कार्यकताओं ने बातचीत के दौरान बताया कि अखिलेश यूपी में भाजपा का डटकर मुकाबला कर रहे हैं। भाजपा के हर हमले का जवाब दे रहे हैं। वह मजहब, जाति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति में विश्वास रखते हैं। यही वजह है कि आज उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं।

# नरेला जोन में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार, अधिकारी कर रहे भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मचारियों का बचाव

**नई दिल्ली।** नरेला जोन में भ्रष्टाचार चरम पर है। शिकायत करने पर अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें बचाने में लगे हैं। जानकारी के अनुसार डीसी साहब और उनके लिए वसुली कारोबार ठेकदार रर सुधीर कुमार चौहान का प्रिय अवैध वसूली खपत कार्यकर्ता दिनेश अवेजीदार वार्ड 33 जी और इन सब को बचाने वाली सिविक सेंटर में कार्यकृत सीमा , रड पद की, अध्यक्षता में नरेला जोन में हो रहे हैं समस्त अवैध और भ्रष्टाचार कार्य उन कार्य को करने के लिए, सरे आम नीलामी लगती है। यह खेल करोड़ों रुपए का होता है। शेयर बाजारी की तरह मोल तोल और की जाती हैं। अवैध भर्ती तथा अवेध भर्ती के नाम पर लूट और अवेजीदार सफाई कर्मचारियों को जोन में बिठा कर करते हैं। पक्का दूसरों के रिकॉड पे इसी तरह एक फजीर्वाड़ा अवैध एवजीदारी को किया गया पक्का जो की सिर्फ. और सिर्फ. लाखों रुपए की रकम लेकर तथा फर्जी डुप्लीकेट रिकॉड रर सुधीर कुमार चौहान और अवजीदार दिनेश के मध्यम से तैयार कर कर ये कार्य कराया गया है। जिसमें कुछ अवेजीदार सफाई कर्मचारी जो यूनियन का दाग दार चोला पहने और लाखों करोड़ों रुपए की बोली लगा कर करते है तमाम अवैध रूप कार्य हैं में टउऊडिपार्टमेंट कमिश्नर जी और समस्त विजिलेंस डायरेक्टर कमिश्नर समस्त संबंधित अधिकारियों से आग्रह करता हूं जितने भी कर्मचारी यूनियन के बहाने से काम मुक्त घूम रहे हैं इन सब पर सख्त सख्त कार्रवाई की जाय तथा छत्रृदिल्ली सरकार सहाब से कानूनी तौर पर एक निर्देश करवाए जाय की सफाई व्यवस्था यूनियन का कार्य अपनी पूर्ण ड्यूटी के बाद करें । स्थानीय लोगों ने मांग की है कि रर सुधीर कुमार चौहान को और इनके प्रिय शिष्य अवजीदार दिनेश को नरेला जोन से बहार करे और इनके ऊपर विजिलेंस इंक्वारी बिठाई जाए। इन्हें बर्खास्त किया जाए।

# सेवा भारती नोएडा महानगर में मनाई भगिनी निवेदिता जन्म जयंती

ऋषि तिवारी

**नोएडा।** सेक्टर 12 सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में सेवा भारती नोएडा महानगर द्वारा भगिनी निवेदिता जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सेवा भारती की प्रांत सह किशोरी विकास प्रमुख सुरभि सिंह, प्रांत सामाजिक आयाम प्रमुख अनिता सिंह, सेवा भारती नोएडा महानगर अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता, सेवा भारती महानगर नोएडा के मंत्री अमृतपाल सिंगला, सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य प्रकाश वीर जी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सेवा प्रमुख सुन्दर जी एवं अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। सेवा भारती की प्रांत सह किशोरी विकास प्रमुख सुरभि सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर 1867 को जन्मीं निवेदिता का वास्तविक नाम मार्गरेट एलिजाबेथ नोबल था। एक अंग्रेजी-आइरिश सामाजिक कार्यकर्ता, लेखक, शिक्षक एवं स्वामी विवेकानन्द की शिष्या- मार्गरेट ने 30 साल की उम्र में भारत को ही अपना घर बना लिया, मात्र 10 साल की उम्र में अपने पिता को खोने के बाद उनका जीवन गरीबी में बीता। उनकी शिक्षा इंग्लैंड के एक चैरिटेबल बोर्डिंग स्कूल में हुई। सिर्फ 17 साल की उम्र में अपनी पढाई पूरी करने के बाद उन्होंने शिक्षक की नौकरी कर ली। 25 साल की उम्र में उन्होंने अपना भी एक स्कूल खोला और वह उस समय शिक्षा में अलग-अलग प्रयोग करने के लिए मशहूर थीं। इसके अलावा वे ज़िन्दगी का सच्चा सार जानना और समझना चाहती थीं और इसीलिए उन्हें महान विचारकों और सुधारकों की संगत बेहद पसंद थी। साल 1895 में मार्गरेट के जीवन में सबसे बड़ा बदलाव आया। दरअसल, उन्हें एक निजी संगठन द्वारा एक हिन्दू योगी का भाषण सुनने के लिए बुलाया गया था। यह योगी कोई और नहीं बल्कि स्वामी विवेकानंद थे। वह स्वामी जी के भाषण से इतना प्रभावित हुई की उन्होंने भारत आने का फैसला कर लिया। जब विवेकानंद मार्गरेट से मिले तो उन्हें भी समझ में आ गया कि मार्गरेट भारतीय महिलाओं के उत्थान में योगदान कर सकती हैं। मार्गरेट ने उसी पल यह मान लिया कि भारत ही उनकी कर्मभूमि है। इसके तीन साल बाद, जनवरी, 1898 में मार्गरेट भारत आ गयीं। स्वामी विवेकानंद ने उनको 25 मार्च 1898 को दीक्षा देकर भगवान बुद्ध के करुणा के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। दीक्षा के समय स्वामी विवेकानंद ने उन्हें नया नाम निवेदिता दिया, जिसका अर्थ है समर्पित और बाद में वह पूरे देश में इसी नाम से विख्यात हुईं। सेवा भारती नोएडा महानगर के मंत्री अमृत पाल सिंगला ने बताया कि निवेदिता दीक्षा प्राप्त करने के बाद कोलकाता के बागबाजार में बस गयीं थी। यहाँ पर उन्होंने लड़कियों




# ग्रेटर नोएडा में चोरी छुपे पटाखे बेचने वाले दो गिरफ्तार

ऋषि तिवारी

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बादलपुर पुलिस ने ग्रेटर नोएडा में अवैध पटाखों को व्यापार करने वाले दो अपराधियों को रविवार को पकड़ा है। जिनकी पहचान अमित कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार और बिजेन्द्र सिंह पुत्र कालूराम के तौर पर हुई है। इसमें सुरेन्द्र कुमार की उम्र 31 साल है और बिजेन्द्र की उम्र 51 साल की है। दोनों कृष्णा कुंज कोलोनी बिसरख रोड छपरौला थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने शातिरों के पास से 3 बोरे अवैध पटाखें बरामद किए हैं। पूरी तलाशी में पुलिस को अभियुक्तगणों के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में और एक गत्ते के कार्टन में 02 पैकेट जोकर ब्रांड कलर कोटि अनार, 05 पैकेट क्लासिक बम्ब, 05 बंडल कुल 50 पैकेट मेगा बुलट बम्ब, 29 पैकेट हीना कलर स्पार्कल 02 पैकेट स्वीट 16 स्काई शॉटस मल्टी कलर, 42 पैकेट गोल्डन कोहिनूर बुलट बम्ब, 07 पैकेट गोल्डन कोहिनूर कलर स्पार्कल, 09 पैकेट चिदम्बरम कैनन बुलट बम्ब, 05 पैकेट दीपावली टू इन वन अनार और 02 प्लास्टिक के कट्टो में 03 बंडल मुर्गा छाप इलैक्ट्रिक क्रेकर बम्ब, 09 पैकेट क्लासिक बम्ब, 08 पैकेट चकरी, 10 बंडल (50 पैकेट) रॉकेट बम्ब, 25 पैकेट कोहिनूर गोल्डन कलर फूलझडी छोटी, 04 पैकेट पोस्त, 05 पैकेट अनार, 05 पैकेट ब्रांड चकवर, 07 पैकेट कोहिनूर गोल्डन फूलझडी बडी, 04 पैकेट गिफ्ट पैक



# "जेवर के ग्रामीण अंचल में तैयार उत्पाद मचाएंगे देश और विदेश में धूम"

ऋषि तिवारी

**नोएडा।** रविवार को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के साथ संवाद किया। मुख्य अतिथि और जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि "यद्यपि यह क्षेत्र औद्योगिक रूप से विकसित होने जा रहा है तथा यहां लगने वाले टेक्सटाइल उद्योगों में 70 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार मिलेगा, लेकिन उससे पहले ही ग्रामीण अंचल में ऐसी इकाइयों स्थापित करने का इरादा रखती हैं, जिससे वहां रोजगार की उपलब्धता हो और आर्थिक रूप से सम्पन्नता आ सके, जिसके लिए हम एमएसएमई के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को ट्रेनिंग के साथ साथ उनको योग्यतानुसार काम देंगे और ऐसा मंच प्रदान करेंगे, जहां उनके हाथों से बनाए गए उत्पादों की बिक्री देश और विदेश में की जा सके। हम इस मुहिम से ग्रामीण परिवेश के पढ़ें लिखे नौजवानों की जोड़ेंगे, जिससे वह भी इस मुहिम का हिस्सा बनकर रोजगारोन्मुख हो सकें।" जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के साथ हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट चेयरमैन श्री सीपी शर्मा, पानीपत से नीलांबर सिंह, महिला उद्यमी याशिका गुप्ता और आंचल बोरा के साथ साथ राष्ट्रीय किसान कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुधीर त्यागी और भारतीय जनता पार्टी जनपद गौतमबुद्धनगर के वरिष्ठ नेता सुशील शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि "जब तक यहां उद्योग धंधे स्थापित हो, तब तक हम अपने गांवों को इतना मजबूत बना दें कि उनके उत्पादों की डिमांड पूरी दुनिया में हो। महिलाओं के सहयोग से यह देश तेजी से तरक्की करेगा। आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी चाहते हैं कि ग्रामीण परिवेश को मजबूत कर, देश को मजबूत किया जाए। आज देश और दुनिया में हाथ से बने उत्पाद की बहुत डिमांड है।"

पानीपत इंडस्ट्री से नीलांबर सिंह ने कहा कि "टेक्सटाइल के माध्यम से हम वर्ल्ड शक्ति बन सकते हैं। हम आपको ऑनलाइन क्लासेस उपलब्ध कराएंगे। आपके पास बहुत शक्ति और बहुत ताकत है। इसलिए आप जेवर को गहना बना सकती हैं। हम आपके साथ हैं और हमेशा रहेंगे।" महिला उद्यमी याशिका गुप्ता ने महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि "महिलाओं के लिए अपना जीवन समर्पित कर चुकी हूं और उन्हें आगे बढ़ना ही मेरा सपना है। आप अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा के माध्यम से अपने उत्पादकों का प्रचार और प्रसार देश और विदेश

# दीवाली को लेकर बाजारों में रौनक, रंग बिरंगी लाइटों से जगमग हुआ बाजार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** दीवाली को लेकर शहर प्रमुख बाजार सज गए हैं। कहीं लाइट लगी है तो कहीं कृत्रिम फूल की लटकन लगी हुई है। बाजार में कपड़ों से लेकर सजावटी सामान की हर दुकान त्यौहार पर ग्राहकों के स्वागत के लिए तैयार है। व्यापारियों ने अपने-अपने बाजारों को लाइटों से भी सजा दिया है। सोमवार से दीवाली के त्यौहार शुरू हो जाएगा। धनतेरस पर सबसे ज्यादा खरीदारी की जाती है। ऐसे में बाजार तैयार हो गए हैं। रंगबिरंगी सजावटी सामान से लेकर रंगबिरंगी लाइटों ने सभी का मन हो रखा है। रविवार को अवकाश होने के कारण खरीदारी ज्यादा होने की उम्मीद है। शहर के तुराबनगर, घंटाघर, चौपला मंदिर, दिल्ली गेट, डासना गेट, नवयुग मार्केट, बसंत रोड, आबंडेकर मार्ग, गोल मार्केट, गांधी मार्केट के सभी बाजारों में रौनक छाई हुई है। लोग घरों की सफाई के बाद सजावट सामान की खीदारी में जुटे हैं। इस कारण सजावटी सामान की बाजार में धूम हैं। अब बिजली की लाइटों ने भी पूरे बाजार को रंगबिरंगा कर दिया है। बिजली की दुकानों पर विभिन्न प्रकार की झालर और पट्टी देर रात तक चमक रही है। चौपला बाजार के व्यापारी अशोक गर्ग ने बताया कि बाजार ग्राहकों की लिए सज गया है। खरीदारी शुरू हो गई है। अभी केवल सजावटी सामान की खरीदारी हो रही है।

# दिल्ली के कई इलाकों में दिवाली तक नहीं आएगा पानी

ऋषि तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कई इलाकों में दिवाली तक (1 नवंबर 2024) पानी सप्लाई बंद रहेगी। बता दे कि दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, दिवाली तक जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है, उनमें पूर्वी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और एनडीएमसी का क्षेत्र शामिल है। दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, भागीरथी और सोनिया विहार जल संयंत्र अब 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक अस्थायी रूप से कच्चे पानी के लिए यमुना पर निर्भर हैं। लेकिन, यमुना के पानी में अमोनिया की मात्रा अधिक होने की वजह से इसे उपचारित करना मुश्किल है। इसलिए, भागीरथी और सोनिया विहार में उत्पादन क्षमता को 30 प्रतिशत तक कम किया गया है। दिल्ली जल बोर्ड ने इसके लिए खेद भी जताया है। इन इलाकों में नहीं रहेगा पानी सप्लाई दिल्ली में गर्मी के मौसम में अधिकतर इलाकों में पानी की किल्लत रही. अब मौसम में बदलाव के बावजूद राजधानी में लोगों को पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है. दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार, प्रभावित क्षेत्रों में गोकुलपुरी, सोनिया विहार, करावल नगर, बाबरपुर, ताहिरपुर, दिलशाद गार्डन, नंद नगरी, शहादरा, लक्ष्मी नगर, गीता कॉलोनी, मयूर विहार, कोंडली, दल्लूपुरा, यमुना विहार, जाफराबाद, झिलमिल, मंडावली, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, विवेक विहार, कड़कड़डूमा, जगतपुरी, शालीमार पार्क, कृष्णा नगर, पटपड़गंज, प्रीत विहार, विश्वकर्मा पार्क, ललिता पार्क, सीलमपुर, शास्त्री पार्क, ब्रह्मपुरी, कैलाश नगर, सराय काले खां, जल विहार, लाजपत नगर, मूलचंद हॉस्पिटल, ग्रेटर कैलाश, वसंत कुंज, देवली, अंबेडकर नगर, ओखला, कालकाजी, कालकाजी एक्सटेंशन, गोविंदपुरी, जीबी पंत पॉलीटेक्निक, श्याम नगर कॉलोनी, ओखला सब्जी मंडी, अमर कॉलोनी, दक्षिणपुरी, पंचशील पार्क, शाहपुर जाट, कोटला मुबारकपुर, सरिता विहार, सिद्धार्थ नगर, अपोलो, ग्रेटर कैलाश नार्थ, मालवीय नगर, डीयर पार्क, गीतांजलि, श्रीनिवास पुरी, ग्रेटर कैलाश साउथ, छतरपुर के अलावा एनडीएमसी से जुड़े इलाके शामिल हैं. जल बोर्ड की लोगों से खास अपीलः जल बोर्ड ने कहा कि

## एक नजर

### गाजियाबाद में प्लास्टिक के पाइपों में भीषण आग, मचा हड़कंप

**गाजियाबाद, एजेंसी।** वेव सिटी क्षेत्रांतर्गत एनएच नौ डासना स्टैंड के समीप देव हाइट्स के गेट पर रखे प्लास्टिक के पाइपों में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग का विकराल रूप देख लोग एकत्र हो गए। जल निगम का ठेकेदार मौके पर पहुंचे और पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आधा घंटे में आग पर काबू पाया। जल निगम के अधीशासी अभियन्ता को आग लगने की सूचना नहीं। एचडीसीपीआरएम कम्पनी द्वारा कस्बे में पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा। नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत रास्तों में पानी सप्लाई के लिए जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाली जा रही है। प्लास्टिक पाइप को डासना स्टैंड एनएच नौ स्थित देव हाइट्स सोसाइटी के गेट के पास रखा गया था। पाइप के बंडल लगभग तीन माह से रखे हुए थे। जल निगम के ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि वह भी देव हाइट्स में ही रह रहे हैं। रविवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पाइपों में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे अंशुल कुमार ने बताया कि आग का विकराल रूप देखकर उन्होंने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। पाइपों में आग लगने से आसमान में जबरदस्त धुएं का गुबार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ठेकेदार अंशुल कुमार ने बताया कि यह पाइप पिछले तीन माह से यहां रखा हुआ था। डासना नगर पंचायत में जल निगम द्वारा पीने के पानी के लिये कस्बे में पाइप लाइन बिछाई जा रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 16-17 लाख रुपए की कीमत का प्लास्टिक पाइप आग लगने से नष्ट हो गया।

### शहर के प्रमुख चौराहे रंग-बिरंगी लाइट से सजाए जा रहे

**गाजियाबाद, एजेंसी।** नगर निगम का प्रकाश विभाग शहर के प्रमुख चौराहे पर रंग-बिरंगी लाइट लगा रहा है। दिवाली को ध्यान में रखकर चौराहे सजाए जा रहे हैं। नगर आयुक्त ने प्रकाश विभाग को सभी प्रमुख चौराहे पर लाइट लगाने के निर्देश दिए हैं। हापुड़ रोड पर हापुड़ चुंगी चौराहे पर रंग-बिरंगी लाइट लगाई गई। यहां रंग-बिरंगी लाइट के अलावा अन्य साज सज्जा की जा रही है।इसके अलावा चौधरी मोड, घंटाघर के पास और ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी चौराहों को सजाया जा रहा है। प्रकाश विभाग के प्रभारी केपी आनंद ने बताया कि चौराहों के लाइट लगाने के अलावा खराब स्ट्रीट लाइट भी ठीक कराई जा रही है। कई जगह नई लाइट भी लगाई है। उन्होंने बताया कि शहर में पांच हजार स्ट्रीट लाइट लगाने का काम चल रहा है।

### गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया अभियान, 400 किलो खोया कराया नष्ट

**गाजियाबाद, एजेंसी।** खोया से बदबू आ रही थी और मक्खियां भिनक रहीं थीं। यह देख खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वाहन को रुकवा लिया। इसी वाहन में खोया ले जाया जा रहा था। जानकारी करने पर पता चला कि इसकी सप्लाई चौपला मंदिर बाजार में होनी थी। इसी बाजार में खोया की बड़ी दुकानें हैं। टीम ने वाहन में रखा 400 किलो खोया नष्ट करा दिया। इसके सैंपल भी ले लिए। त्योहारों के इस सीजन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को रोज ही इस तरह कहीं बदबूदार मावा तो कहीं पनीर मिल रहा है। इसे देखने पर ही पता चलता है कि यह मिलावटी और सेहत के लिए खतरनाक है। शनिवार की दोपहर मेरठ से चौपला मंदिर बाजार जा रहे जिस वाहन में खोया की डलियां रखी थीं, उसमें साफ-सफाई भी नहीं थी।

चेकिंग अभियान में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि यह खोया सेहत के लिए हानिकारक था। इसकी कीमत लगभग 88,000 रुपये है। इसे नष्ट करा दिया गया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त अरविंद कुमार ने बताया कि और भी जगह जांच की गई।

खोड़ा कॉलोनी से खाने के तेल का नमूना लिया गया। लोहियानगर, पटेलनगर से रिफाइंड सोयाबीन तेल, बादाम, सफेद रसगुल्ले के नमूने लिए गए। ब्रिज विहार से गुलाब जामुन, बर्फी, कलाकंद, बेसन लड्डू और पेड़े के नमूने लिए गए। कुल 32 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। कई जगह देखा गया दुकानदार दिवाली, भैया दूज के लिए अभी से मिठाई बनाकर रख रहे हैं। तीन दिन में 780 किलो पनीर और मिठाई नष्ट कराई गई हैं।

### नगरपालिका ने छठ घाट पर शुरू की तैयारी

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी।** आगामी छठ पर्व को लेकर खोड़ा नगरपालिका परिषद ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। खोड़ा नगरपालिका परिषद ने छट घाट पर साफ सफाई का कार्य शुरू करवा दिया है। छठ पर्व पर प्रत्येक वर्ष हजारों की तादात में लोग खोड़ा से सटी हिंडन नहर में पूजा अर्चना करते है।

खोड़ा नगरपालिका परिषद हिंडन नहर के किनारें को अस्थायी तौर पर छठ घाट में तब्दील कर देती है। नगरपालिका परिषद हिंडन नहर के किनारे लकड़ी की बैरिकैंडिंग लगाने की योजना बना रही हैख, ताकि पूजा के समय श्रदालु नहर के बीच में नही जा सके। हिंडन नहर में फिलहाल पानी नहीं है। नहर में पानी आने से पहले नगरपालिका परिषद तैयारियों को पूरा करने में जुटी है। नगरपालिक परिषद के अधिशासी अधिकारी अभिषेक चौधरी का कहना है कि छठ पर्व के लिए हिंडन नहर के आसपास सफाई व्यवस्था शुरू कर दी गई है। कई अन्य कार्य भी जल्द शुरू करवा दिए जाएंगे।

### गाजियाबाद में वाहनों को चोरी कर निकालते थे स्पेयर पार्ट, गैंग के पांच शातिर गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** लोनी क्षेत्र के ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने वाहनों को चोरी कर उनके स्पेयर पार्टस को बेचने वाले गैंग के पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग में दो वाहन चोर, दो कबाड़ी और एक मिस्त्री है। आरोपियों के कब्जे चोरी की बाइक, स्कूटी, दो मास्टर चाबी, ऑटो और 26 कटे हुए वाहनों के पार्ट्स बरामद हुए है। आरोपी वाहनों के पार्ट्स को दिल्ली में बेच देते थे। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम हिमांशु वर्मा, रजीम निवासी ग्राम दौलतनगर, इरशाद निवासी 2 नंबर आर्य नगर लोनी, बिलाल निवासी इकराम नगर, समद निवासी चमन पार्क मुस्तफाबाद दिल्ली बताए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पांचों ने वाहन चोरी करने फिर स्पेयर पार्ट्स को अलग-अलग कर बेचने के लिए गैंग बनाया था। आरोपी दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में खड़े वाहनों को मास्टर चाबी से खोलकर उन्हें चोरी कर लेते थे। मौका देखकर चोरी के वाहनों के स्पेयर पार्ट्स व इंजन आदि को अपने साथियों की मदद से खोलकर राह चलते लोगों और दिल्ली कबाड़ी बाजार में बेच देते थे। मिलने वाले पैसों को आपस में बांट लेते थे।

### दोस्तों संग पैदल जा रहे पेंटर को बस ने कुचला, मौत

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-62 स्थित इलेक्ट्रॉनिक मेट्रो स्टेशन के निकट पैदल चल रहे युवक को पांच दिन पहले एक बस ने कुचल दिया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के बहनोई ने थाना सेक्टर-58 में बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिला गोरखपुर के गांव अभेया निवासी विजय ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह वर्तमान में सेक्टर-45 स्थित सदरपुर गांव में रहते हैं। नोएडा में जिला संतकबीरनगर के गांव वकेनिया पकड़ी निवासी साला हरेंद्र घरों में पेंट करने का काम करता था। 23 अक्तूबर की शाम वह साथी विजय निवासी गांव टुचरा जिला संतकबीरनगर और गोविंद के साथ सेक्टर-62 के निकट इलेक्ट्रॉनिक मेट्रो स्टेशन के पास पैदल सड़क किनारे चल रहा था। अचानक सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए हरेंद्र को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बस चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया।

# संस्कृत ही हमारी असली ताकत, इससे ही विश्वगुरु के रूप में उभर सकता है भारत : सीएम योगी



**वाराणसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के 69,195 संस्कृत विद्यार्थियों को 586 लाख रुपये की छात्रवृत्ति संवितरण की शुरूआत की। सीएम योगी ने प्रदेशभर में गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने का भी संकल्प लिया।

उन्होंने संस्कृत भाषा को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में उभरने की संभावना पर जोर दिया और छात्रों से इसे गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो मानवता का पक्षधर है, वह संस्कृत का भी हिमायती है। सीएम योगी ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है, बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सरल और सहज बनाती हैं। इसलिए, हम संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए प्रयासों की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का महत्व बताते हुए कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने इसे सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश में संस्कृत के 69,195 विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया, जिससे उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ सीधा और सुरक्षित रूप से मिल सके।

संस्कृत और भारतीय संस्कृति के महत्व को रेखांकित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति को फिर से प्रदेशभर में लागू करने की योजना है। यह परंपरा ही हमारी असली ताकत है और इससे ही भारत विश्वगुरु के रूप में उभर सकता है।

उन्होंने घोषणा की कि गुरुकुल संस्थानों को अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएंगी, जिसमें छात्रों के लिए निःशुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था करने वाले संस्थानों को सरकार की ओर से विशेष सहायता मिलेगी। ऐसे संस्थानों को अच्छे आचार्यों की नियुक्ति की भी स्वतंत्रता दी जाएगी। राज्य सरकार काशी हिंदू विश्वविद्यालय में स्थापित वैदिक विज्ञान केंद्र के माध्यम से संस्कृत के विशिष्ट शोध को प्रोत्साहित कर रही है। इस केंद्र में शोध करने वाले छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति भी दी जाएगी ताकि वे आर्थिक चिंता किए बिना अपने शोध को आगे बढ़ा सकें।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और भारत का समय आ गया है। भारत के समय को नेतृत्व देने के लिए संस्कृत विद्यार्थियों को स्वयं को तैयार करना होगा।

उन्होंने कहा कि जब भौतिकवाद और चकाचौंध वाली दुनिया में हर व्यक्ति भौतिकता के पीछे भाग रहा है, तब भी यूपी में डेढ़ लाख बच्चे अपना जीवन संस्कृत और भारतीय संस्कृति के साथ समर्पित करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। यह सरकार और समाज का दायित्व है कि इस विरासत को संजोए रखें। उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। जिन स्थानों पर अभी तक शिक्षक नहीं हैं, वहां मानदेय के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और उनके अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने संस्कृत साहित्य को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए महर्षि अरविंद के विचारों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य भारत की महान विरासत है, जो देश की मूल प्रतिभा को जीवंत रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि संस्कृत को केवल धार्मिक भाषा नहीं बल्कि विज्ञान, तकनीक और समाज की तमाम समस्याओं को सुलझाने का एक सशक्त माध्यम मानकर उसका अध्ययन करें।

आखिर में सीएम योगी ने कहा कि विरासत को विकास के साथ जोड़ने के प्रयासों में काशी को केंद्र बिंदु बनाया गया है। दीपावली से छठ तक उत्सव और पर्व की परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और इसे आगे बढ़ाने में हमारी युवा पीढ़ी का योगदान महत्वपूर्ण है। सरकार इस दिशा में हर संभव सहायता करेगी।

# योगी सरकार में जनता के साथ लगातार बदतमीजी कर रहे हैं अधिकारी : शिवपाल यादव



लखनऊ, एजेंसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने शनिवार को जसवंतनगर में कवि सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान योगी सरकार पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस सरकार में लगातार जनता के साथ बदतमीजी हो रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, 'मौजूदा सरकार को यह बात याद रखनी चाहिए कि अगर जनता के साथ ज्यादती होगी, उनके हितों पर कुठाराघात होगा, उनके हितों से समझौता होगा, तो ऐसे में इस सरकार को सत्ता से भी हाथ धोना पड़ सकता है। लोकतंत्र में जनता ही सबकुछ होती है, अगर जनता के साथ अन्याय होगा, तो सत्ता बदलने में देर नहीं लगेगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'लोगों के साथ पुलिस और अन्य अधिकारियों के द्वारा की जा रही बदतमीजियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। लोकतंत्र में अगर शासन प्रशासन का रवैया दमनकारी हो, तो यह जनता के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। मगर, अफसोस मौजूदा सरकार लगातार लोकतंत्र के सिद्धांतों पर कुठाराघात करने पर उतारू हो चुकी है। मौजूदा सरकार की कार्यशैली से यह साफ जाहिर हो रहा है कि उसे जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है।'

इस बीच, शिवपाल यादव ने गाय के दुर्घटनाग्रस्त होने का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे बताया गया है कि कल रात किसी गाय का एक्सीडेंट हो गया था। इस बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार फोन किया गया। लेकिन, अफसोस किसी ने भी फोन उठाने की जरूरत नहीं समझी। गाय दर्द से कराह रही थी। कुत्ते उसे नोंच रहे थे। लेकिन, अधिकारियों की संवेदनहीनता का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि किसी ने भी फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई। क्या एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप प्रशासन से ऐसी कार्यशैली की उम्मीद करते हैं। खैर, इसके बाद सुबह कुछ लोग उस गाय को लेकर आए, उसका उपचार करवाया।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में जितना कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार है, उतना मैंने आज तक किसी भी सरकार में नहीं देखा था। यह सरकार अब तानाशाही व्यवस्था को आत्मसात कर चुकी है, जिसे जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। यह लोग अब सिर्फ अपनी मनमानी करने पर उतारू हो चुके हैं। लोगों ने ऐसी सरकार की उम्मीद नहीं की थी।

## लखनऊ के कई होटलों को बम से उड़ाने धमकी

**लखनऊ, एजेंसी।** गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल भेज कर होटल को बम से उड़ाने की दी गई है।

लखनऊ के राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल फॉर्चून, लेमन ट्री, होटल मैरियट समेत कई होटलों को धमकी मिली है। इसके बाद आनन-फानन में होटल संचालकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बड़े पैमाने पर जांच में जुट गई है। मेल भेजने वाले की भी जांच की जा रही है। भारत में इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक कई स्कूलों, कॉलेजों, होटलों और हवाई अड्डों को बम की धमकी के ईमेल और कॉल मिले हैं। ये धमकियां दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुंबई और जयपुर सहित कई शहरों में दी गई। इसको लेकर स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से दी गई हैं। अब मामलों की जांच के लिए केंद्र सरकार मेटा और एक्स जैसी सोशल मीडिया एजेंसियों की मदद लेने जा रही है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें विभिन्न एयरलाइनों को मिल रही बम की फर्जी धमकियों के प्रसार को रोकने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित सभी मध्यस्थों की जिम्मेदारी तय की गई है और इन अफवाहों को रोकने में विफल रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से एयरलाइनों को फर्जी बम धमकी के संदेशों के बारे में डेटा साझा करने के लिए कहा है और ऐसी गतिविधियों के पीछे के लोगों की पहचान करने के लिए कहा है।

इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉरवर्डिंग, री-शेयरिंग, री-पोस्टिंग, री-ट्वीट के विकल्प की उपलब्धता के कारण इस तरह की झूठी बम धमकियों के प्रसार का पैमाना खतरनाक रूप से अनियंत्रित पाया गया है।

# दीपोत्सव को भव्य एवं अलौकिक बनाना है : कुलपति

## सभी समिति एक दूसरे से सामंजस्य बनाते हुए दीपोत्सव को भव्यता प्रदान करें



**अयोध्या, एजेंसी।** दीपोत्सव की सफलता के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में रविवार को कुलपति की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें दीपोत्सव-2024 को भव्य बनाने के लिए गठित विभिन्न समितियों के संयोजक एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। कुलपति ने समितियों के कार्य प्रगति पर समीक्षा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाना है। सभी समिति कार्य को युद्धस्तर पर अंजाम दे। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव सभी का है। प्रभु श्रीराम को मन में रखकर सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

बैठक में कुलपति प्रो. गोयल ने प्रातः नौ बजे समन्वय समिति, सामग्री समिति, दीप गणना समिति, भोजन समिति के संयोजकों एवं सदस्यों से कार्य की अद्यतन समीक्षा करते हुए समन्वय से कार्य लेने का निर्देश प्रदान किया। वहीं दूसरी बैठक में कुलपति ने अनुशासन समिति, सुरक्षा समिति, यातायात समिति, स्वच्छता समिति, फोटोग्राफी एवं मीडिया समिति, प्राथमिक चिकित्सा समिति, साजसज्जा व रंगोली समिति की भी समीक्षा की। वहीं तीसरी बैठक में पर्यवेक्षण समिति, अग्निशमन समिति, समग्र नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण समिति, कार्यालय समिति, वालंटियर आईकार्ड समिति, इंस्टीट्यूटनल कोआर्डिनेशल समिति, प्रशिक्षण समिति, सामग्री प्राप्ति व अवशेष समिति, त्वरित कार्यवाही बल समिति की समीक्षा करते हुए कुलपति ने कहा कि सभी को जिम्मदारियों के साथ कार्य को अंजाम देना है। दीपोत्सव हम सभी के लिए एक बड़ा उत्सव है। इसे भव्य एवं अलौकिक बनाने के लिए सभी दीपोत्सव स्थल पर तैनात रहें। सभी एक दूसरे से सामंजस्य बनाते हुए दीपोत्सव को भव्यता प्रदान करें।

वहीं कुलपति प्रो. गोयल ने सायं 4 से 6 बजे तक राम की पैड़ी पर बनाये गए दीपोत्सव अस्थायी कार्यालय में सभी समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों के साथ बैठक की।

# गोचर भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ योगी सरकार का अभियान



**लखनऊ, एजेंसी।** योगी सरकार प्रदेश में पशुओं के लिए उपलब्ध गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बड़ा अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक अवैध कब्जे वाली 6,930 हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि में से 4,740 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि शेष कब्जे वाली भूमि को खाली कराने के लिए प्रक्रिया जारी है।

गौरतलब है कि राजस्व परिषद के 15 अक्टूबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 61304.504 हेक्टेयर गोचर भूमि उपलब्ध है। वहीं, 6930.619 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। कुल मिलाकर 4740.598 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा चुका है।

देवरिया में कुल 256.296 हेक्टेयर भूमि चारागाह के लिए उपलब्ध है, जिसमें 16.458 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें 5.431 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि अभी 11.027 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है।

इसी तरह, जौनपुर में कुल 1361.983 हेक्टेयर गोचर भूमि में से कब्जे वाली 70.945 हेक्टेयर भूमि पर 21.181 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। 49.764 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

शामली की बात करें तो कुल 293.577 हेक्टेयर भूमि में 105.752 हेक्टेयर पर अवैध कब्जे में से 27.056 हेक्टेयर को मुक्त करा लिया गया है, जबकि 78.696 हेक्टेयर भूमि के लिए अभियान चल रहा है। इसी तरह, बिजनौर, मऊ, संभल और गाजियाबाद में भी उपलब्ध कुल गोचर भूमि में से चिह्नित कब्जे वाली भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही जारी है।

पशुपालन विभाग द्वारा गोचर भूमि पर हरा चारा उत्पादन की बात करें तो प्रदेश में कुल 6708 ग्रामीण गो आश्रय उपलब्ध हैं। इनमें टैग्ड गोचर भूमि 3060 है जो कुल गो आश्रय स्थलों का 45.62 प्रतिशत है।

# बुंदेलखंड में विदेशी ड्रैगन फ्रूट की खेती से किसानों की बदल रही तकदीर

## कम लागत में मोटी कमाई होने से खेती का भी लगातार बढ़ रहा ग्राफ



**हमीरपुर, एजेंसी।** बुंदेलखंड में विदेशी ड्रैगन फ्रूट की खेती से किसानों की अब तकदीर बदल रही है। कम लागत में बड़ा मुनाफा होने से इसकी खेती का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इस समय विदेशी ड्रैगन फ्रूटों से पेड़ों की डालें लद गई हैं। जिन्हें देख किसानों के चेहरे में खुशी भी देखी जा रही है। यह फ्रूट तमाम असाध्य बीमारी में रामबाण होने से इसकी डिमांड मार्केट में बढ़ रही है।

बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले के चार गांवों में विदेशी ड्रैगन फ्रूट की खेती की शुरूआत कुछ साल पहले हुई थी। मौदहा क्षेत्र के पाटनपुर गांव में ही ऋषि शुक्ला ने दो साल पहले एक एकड़ में इस फ्रूट की खेती शुरू की थी जिसमें दो लाख रुपये की लागत आई थी। पहले साल में इससे कोई फायदा नहीं हुआ लेकिन अब इन्हें इसकी खेती से डबल कमाई हो रही है। ऋषि शुक्ला ने बताया कि एक एकड़ में ड्रैगन फ्रूट के पौधे लगाए गए थे। जिस पर उद्यान विभाग से तीस हजार रुपये का अनुदान भी मिला था। बताया कि इस साल एक एकड़ में ड्रैगन फ्रूट भारी मात्रा में पैदावार हुई है। जिससे लाखों रुपये का मुनाफा उन्हें मिल रहा है। बताया कि हमीरपुर जिले के गहरौली गांव में पीयूष गुरुदेव, गोहानी गांव के राजेन्द्र सिंह व भरसवां गांव के राजकुमार पाण्डेय ने भी एक-एक एकड़ खेत में विदेशी ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की है। इसके अलावा बुंदेलखंड के बांदा, महोबा समेत अन्य आसपास के इलाकों में भी किसान इसकी खेती से अपनी किस्मत चमका रहे हैं।

विदेशी फ्रूट की खेती को उद्यान डिपार्टमेंट दे रहा बम्पर अनुदान

उद्यान विभाग के निरीक्षक सौभाग्य सोनी ने बताया कि बुंदेलखंड में विदेशी ड्रैगन फ्रूट की खेती करने पर किसानों को तीस हजार रुपये का अनुदान मिलता है। पिछले साल हमीरपुर के तीन किसानों को अनुदान दिया गया था। बताया कि इस फ्रूट से मोटी कमाई होने के कारणअब इस बार खेती का दायरा बढ़ाने की तैयारी में किसान लगे हैं। आगामी फरवरी महीने में फ्रूट की खेती के लिए अब बढ़ावा दिया जाएगा।

ड्रैगन फ्रूट की खेती से लगातार तीस सालों तक मिलेगी मोटी कमाई

विदेशी ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले ऋषि शुक्ला व राजेन्द्र सिंह ने बताया कि एक एकड़ खेत में विदेशी ड्रैगन फ्रूट की खेती करने पर पहले साल दो लाख रुपये की लागत कम से कम आती है फिर अगले साल से ही इससे आमदनी होने लगती है। बताया कि शुरूआती साल में ही खेती करने पर लागत लगती है फिर तीस सालों तक बिना लागत लगाए ही मोटी कमाई होने से इसकी खेती को लेकर किसानों में रुचि बढ़ी है।

विदेशी ड्रैगन फ्रूट खाने से अस्थमा और शुगर बीमारी रहती है कन्ट्रोल

जिला अस्पताल के पूर्व फिजीशियन डॉ.पीके गुप्ता ने बताया कि विदेशी ड्रैगन फ्रूट मेंपोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। इसे खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। आयुर्वेद चिकित्सा के डॉ.दिलीप त्रिपाठी व सरकारी जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ.आरएस प्रजापति ने बताया कि इस फल में विटामिन सी व फाइबर पाए जाते है जिससे पेट सम्बन्धी बीमारी ठीक होती है। वहीं अस्थमा, शुगर जैसी गम्भीर बीमारी भी नियंत्रित रहती है।

# एक नजर

## रेलवे ट्रैक के साथ हो रही छेड़खानी को रोकने के लिए पुलिस कर रही निगरानी

**इटावा, एजेंसी।** रेलवे ट्रैक के साथ छेड़खानी गंभीर दुर्घटनाओं का सबब बनती है। पिछले कई दिनों से रेलवे ट्रैकों पर छेड़खानी की शिकायत को देखते हुए इटावा पुलिस ट्रैक की निगरानी कर रही है। पुलिस द्वारा दिन में ट्रैक की नियमित निगरानी के अलावा रात में भी टॉर्च लेकर जांच की जा रही है। इसी क्रम में बीती रात इटावा पुलिस बल ने ट्रैक का भ्रमण किया। करीब 3 किलोमीटर तक पुलिस ने ट्रैक पर भ्रमण कर यह पता लगाने की कोशिश की कि कोई छेड़खानी तो नहीं की गई। बीते दिनों कई रेलवे ट्रैकों पर सिलेंडर, लकड़ी, लोहे की छर्रे देखने को मिले हैं, जिसके बाद रेल विभाग में हड़कंप मच गया था। इसके बाद अब रात में भी ट्रैक की निगरानी करने का फैसला किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर समय रहते रोकथाम हो सके। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने कहा, ह्‘एसएसपी के निदेर्शानुसार इटावा के सभी ट्रैक की सुरक्षा की जा रही है। यही नहीं, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई अप्रिय घटना न घट सके।' उन्होंने कहा, 'पूरे जनपद के ट्रैकों की सुरक्षा की जा रही है। रात में ही नहीं, बल्कि हमने दिन में भी ट्रैक की निगरानी करने का फैसला किया है। हर प्रकार की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने का फैसला किया है, क्योंकि हर यात्री की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि रेलवे के ट्रैक पर कोई भी आवंछित वस्तु नहीं रखी जाए। इसके साथ ही जो लोग ऐसा कर रहे हैं, हम उन्हें भी चिन्हित करने में जुटे हैं।'

## ट्रेन में कोच सहायक ने महिला से छेड़छाड़ की, प्राथमिकी दर्ज

**बलिया (उप्र), एजेंसी।** वाराणसी से मुजफ्फरपुर जाने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में एक महिला यात्री के साथ कथित रूप से कोच सहायक द्वारा छेड़खानी की गयी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) बलिया के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विवेकानंद के अनुसार, यह घटना 22 अक्टूबर की रात को बलिया रेलवे स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के बाद हुई। एसएचओ ने बताया, 'बिहार के मोतिहारी जिले की एक युवती जब अपनी सीट पर सो रही ती तब कोच सहायक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कथित तौर पर छेड़छाड़ की और उसे परेशान किया।' एसएचओ ने बताया कि पीड़िता ने तुरंत ट्रेन में ही रेलवे पुलिस को घटना की सूचना दी। शिकायत के आधार पर 24 अक्टूबर को छपरा बिहार जीआरपी थाने में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को मामले को आगे की जांच के लिए बलिया जीआरपी को सौंप दिया गया है।

## कार एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौत, एक महिला घायल

**सोनभद्र (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के अनपरा थाना क्षेत्र में एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर होने से दो युवकों की मौत हो गयी और एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पिपरी के क्षेत्राधिकारी (सीओ) अमित कुमार ने बताया कि रेणुकूट से अनपरा की तरफ जा रही एक कार और सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल के बीच अनपरा थाना क्षेत्र के करहिया ग्राम के पास शनिवार की देर शाम टक्कर हो गई। सीओ ने बताया कि इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार महेश (19) और रामनारायण (20) की मौके पर ही मौत ही गई। उन्होंने बताया कि ये दोनों युवक मजदूरी करते थे। कुमार ने बताया कि टक्कर लगने के बाद कार के पलट जाने से उसमें सवार एक महिला घायल हो गयी। सीओ ने बताया कि घायल महिला को डिबुलगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## जिम ट्रेनर ने महिला की हत्या कर शव डीएम आवास के पास गाड़ा, पुलिस पर भी उठे सवाल

**कानपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। चार महीने पहले जिले के ग्रीन पार्क इलाके में जिम ट्रेनर ने एक महिला को अगवा करके उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को जिलाधिकारी आवास के पास के पांच फीट का गड्ढा खोदकर गाड़ दिया। इससे पुलिस भी सवालों के घेरे में आ गई है। आरोपी का नाम विमल सोनी बताया जा रहा है। जिलाधिकारी आवास सहित पूरा जिलाधिकारी कंपाउंड, जिसमें जिले के कई प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारियों की एक्टिविटी होती रहती हैं, में बिना पुलिस की नजर में आए एक पांच फीट का गड्ढा खोदकर महिला को गाड़ देने पर भी सवाल उठ रहे हैं। शनिवार को जिम ट्रेनर की गिरफ्तारी के बाद इस घटना का खुलासा हुआ, जबकि महिला के पति ने इस मामले की रिपोर्ट चार महीने पहले ही दर्ज कराई थी। महिला 24 जून को अपने घर से जिम के लिए गई थी, उसके बाद से वह गायब थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने जिलाधिकारी कंपाउंड में खुदाई कर महिला की लाश बरामद की। इसके बाद महिला के पति ने लाश की शिनाख्त की। महिला के दो बच्चे हैं। घटना की जानकारी देते हुए महिला के पति ने कहा, 'मैं अभी सदमे में हूं। चार महीने बाद मेरी पत्नी का शव मिला है। पुलिस से मुझे शनिवार को जानकारी मिल गई थी कि मेरी पत्नी की गुमशुदगी के मामले में उसके जिम ट्रेनर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मैंने 24 जून को ही पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी। उसके बाद मैं लगातार पुलिस स्टेशन जाता रहा हूं। पुलिस ने शव की खुदाई रात में ही क्यों की, इसकी जनकारी प्रशासन ने नहीं दी। इन चार महीनों में मैंने इतने कष्ट उठाए हैं, जिसको सिर्फ मैं ही जान सकता हूं।

## उप्र वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता में मुरादाबाद की टीम ओवर ऑल चैम्पियन

**मुरादाबाद, एजेंसी।** डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी के घुड़सवारी मैदान में रविवार को चार दिवसीय 26वीं उत्तर प्रदेष वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता-2024 का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अकादमी के निदेषक व अपर पुलिस महाननिदेषक राजीव सब्बरवाल ने विजेताओं को ट्राफी व पुरस्कार वितरण किए। प्रतियोगिता में प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर ओवर ऑल चैम्पियनशिप विजेता होने का गौरव प्राप्त कर पाण्डु कप पर अपना कब्जा बनाये रखा। इस प्रतियोगिता की उपविजेता टीम का गौरव कानपुर जोन ने प्राप्त किया। अश्वरोहण प्रतियोगिता में रविवार को शो जम्पिंग ओपन सिक्सवार एवं टेंट पेंगिंग व्यक्तिगत स्पर्धा, पुलिस हार्स टेस्ट, शो जम्पिंग टॉप स्कोर, फाल्ट एण्ड आउट आयोजित की गई। शो जम्पिंग ओपन सिक्सवार स्पर्धा में प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद, लखनऊ जोन, कानपुर जोन एवं मेरठ जोन के प्रतिभागियों भाग लिया, जिसमें प्रशिक्षण जोन के एसआईसीपी भगवान सिंह अश्व मोन्टीना के साथ प्रथम स्थान एचसीएमपी वीर सिंह अश्व रिमझिम के साथ द्वितीय स्थान, एचसीएमपी मुकेश बाबू अश्व गुलाब के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। टैन्ट पैगिंग व्यक्तिगत स्पर्धा में कानपुर जोन, बरेली जोन, मेरठ जोन, लखनऊ जोन, प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रशिक्षण जोन मुरादाबाद के एसआईएमपी भगवान सिंह ने अश्व राजा के साथ प्रथम स्थान, बरेली जोन से एचसीएमपी हिमांशु कुमार अश्व राजा के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया कानपुर जोन के एसआईएमपी दिलशाद अहमद अश्व पार्थ के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अबकी दीपोत्सव 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक

इस साल 5 नहीं 6 दिन का रहेगा दीपोत्सव, कार्तिक अमावस्या रहेगी दो दिन



**पटना,दीपक कुमार तिवारी।** इस साल दीपावली की तारीख को लेकर पंचांग भेद हैं, क्योंकि कार्तिक मास की अमावस्या 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दो दिन रहेगी। इस वजह से दीपोत्सव 5 नहीं 6 दिन का रहेगा। इस साल कार्तिक अमावस्या 31 अक्टूबर की दोपहर करीब 3 बजे से शुरू हो जाएगी और अगले दिन यानी 1 नवंबर की शाम करीब 4.40 बजे तक रहेगी। कार्तिक अमावस्या की रात में लक्ष्मी पूजा करने की परंपरा है। इसलिए 31 अक्टूबर की रात लक्ष्मी पूजा करनी चाहिए, क्योंकि 31 की रात में ही अमावस्या तिथि रहेगी और 1 नवंबर की रात में कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि रहेगी।

**29 अक्टूबर को धनतेरस:**

मंगलवार, 29 अक्टूबर से दीपोत्सव शुरू हो जाएगा। इस दिन धनतेरस मनाई जाएगी। धनतेरस पर भगवान धनवंतरि जयंती भी मनाते हैं। धनतेरस की रात में यमराज के लिए दीपक जलाने की परंपरा है। इस तिथि पर देवी लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है।

**30 अक्टूबर को रूप चौदस:**

बुधवार, 30 अक्टूबर को रूप चौदस मनाई जाएगी, इसे नरक चतुर्दशी भी कहते हैं। इस दिन उबटन लगाने की परंपरा है। माना जाता है कि इस तिथि भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नाम के दैत्य का वध किया था। इसी वजह से इस पर्व को नरक चतुर्दशी कहते हैं।

**31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा:**

गुरुवार, 31 अक्टूबर की रात देवी लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाएगी। मान्यता है कि देवताओं और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था और इस मंथन से कार्तिक मास की अमावस्या पर देवी लक्ष्मी प्रकट हुई थी। देवी लक्ष्मी ने भगवान विष्णु का वरण किया था। इसके साथ एक अन्य मान्यता ये है कि इस तिथि पर भगवान राम 14 वर्ष का वनवास खत्म करके और रावण वध करके अयोध्या लौटे थे। तब लोगों ने राम के स्वागत के लिए दीपक जलाए थे।

**1 नवंबर को स्नान-दान की कार्तिक अमावस्या:**

शुक्रवार, 1 नवंबर को भी कार्तिक मास की अमावस्या रहेगी। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य करना चाहिए। दोपहर में पितरों के लिए धूप-ध्यान भी करें। इस दिन शाम को कार्तिक अमावस्या तिथि खत्म हो जाएगी।

**2 नवंबर को गोवर्धन पूजा:**

शनिवार, 2 नवंबर को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा यानी गोवर्धन पूजा पर्व है। इस दिन मथुरा स्थित गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की परंपरा है। द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने ब्रज के लोगों से कंस की नहीं, गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा था, तब से ही इस पर्वत की पूजा की जा रही है।

**3 नवंबर को भाई दूज:**

रविवार, 3 नवंबर को भाई दूज है। ये पर्व यमुना और यमराज से संबंधित है। माना जाता है कि इस तिथि पर यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने जाते हैं। यमुना यमराज को भोजन कराती हैं। मान्यता है कि इस तिथि पर जो भाई अपनी बहन के घर भोजन करता है, यमराज-यमुना की कृपा से उसकी सभी परेशानियां दूर होती हैं और भाग्य का साथ मिलता है।

## एक नजर

### समस्तीपुर सीनियर डीसीएम अनन्या स्मृति ने किया बेतिया रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण



**पश्चिम चंपारण/बेतिया,बिट्टू कुमार।** रेलवे स्टेशन बेतिया का समस्तीपुर सीनियर डीसीएम अनन्या स्मृति ने किया औचक निरीक्षण। रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर, साफ सफाई तथा मोटर साइकिल, टेंपू स्टेन का समस्या के बारे मे सुना और दिए दिशा निर्देश और स्टेशन के सामने नो पार्किंग का बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिए। स्टेशन पर बने रेस्टोरेंट का भी जायजा लिए। स्टेशन के सुविधाओं को लेकर के अपने कर्मियों व अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। रेल खंड पर बिना टिकट चलने वाले यात्रियों की धर पकड़ कर जुमार्ना वसूलने के लिए मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे तथा मजिस्ट्रेट चेकिंग में बिना टिकट लिए हुए यात्रियों से लगभग 50 हजार का जुमार्ना वसूला गया। मौके पर स्टेशन अधीक्षक लालबाबु राउत, आरपीफ प्रभारी शशि भूषण सिंह, जीआरपीएफ प्रभारी राजेश कुमार पंडित, मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश कुमार, अब्दुल हन्नान अंसारी रेड प्रभारी, डीसीआई तथा दर्जनों टिकट निरीक्षक सहित आरपीएफ, जीआरपीएफ जवान बड़ी संख्या में रेल कर्मियों की मौजूदगी रही।

### पंचशील बौद्ध विहार में हुआ बैठक



**पश्चिम चंपारण/बेतिया,बिट्टू कुमार।** पंचशील बौद्ध बिहार में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कि गई। जिसका अध्यक्षता अरविंद कुमार रवि ने किया। इस बैठक का उद्देश्य था कि जो समाज में अंधविश्वास है उस अंधविश्वास को खत्म करना और लोगों में जागरूकता फैलाना। वही रामदास बौद्ध ने कहा कि हमें दीपदान उत्सव एवं दीपावली मनाना चाहिए या नहीं? क्योंकि बौद्ध साम्राज्य के दसवें राजा बृहद के शासनकाल में रहे सेनापति ने अपने चतुराई से राज्य पर कब्जा पा लिया और वह आदेश दिया कि जो भी व्यक्ति बौद्धों का सिर काट कर लायेगा उसको इनाम दिया जाएगा उस दिन दीपावली का दिन था। आगे उन्होंने कहा कि इससे प्रदूषण काफी मात्रा में फैलता है जो मानव शरीर के लिए खतरनाक होता है। इसलिए हमें दीप नहीं जलाना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि जिसका इच्छा है उसे कौन मना कर सकता है। बैठक में सकलदेव प्रसाद, नवलदेव महतो, गोपाल प्रसाद, नंदलाल पटवा, देशबंधु गुप्ता, योगेंद्र बैठा, बच्चू दास, गौतम कुमार, अंबर चंद्र, सुनीता कुमारी, उषा बौद्ध, शारदा भारती, मधुसूदन प्रसाद गुप्ता आदि शामिल थे।

### हिना साहब और बेटे ओसामा आरजेडी में हुए शामिल

**पटना,संवाददाता।** सिवान के पूर्व दिवंगत राजद सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन का परिवार एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ जुड़ गया है, जिससे बिहार की सियासत गरमा गई है। रविवार को पटना में आयोजित एक समारोह में शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब और उनके पुत्र ओसामा शहाब ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। हिना और ओसामा के साथ उनके कई समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ली। हिना शहाब और ओसामा के राजद में शामिल होने पर तेजस्वी यादव ने उन्हें गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मोहम्मद शहाबुद्दीन आरजेडी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और लंबे समय तक विधायक और सांसद रहे। पार्टी के बड़े नेता के रूप में उनकी भूमिका अहम रही है। तेजस्वी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हिना और ओसामा के राजद में आने से पार्टी को सिवान के साथ-साथ पूरे बिहार में मजबूती मिलेगी। तेजस्वी यादव ने बताया कि हिना शहाब और ओसामा के पार्टी में शामिल होने से राजद को सिवान में नया संजीवनी मिलेगा और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजद की विचारधारा धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

तेजस्वी ने कहा, "हमलोगों की विचारधारा धर्मनिरपेक्षता और



सामाजिक न्याय है। इस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। तेजस्वी यादव ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि वे विकास की बात नहीं करते और समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "ये बुद्ध की धरती है और यहां के लोग अमन-चैन शांति का माहौल चाहते हैं। आज हमलोग एकजुट हुए हैं और सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे। अब सांप्रदायिक शक्तियों को भगाएंगे। तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि आरजेडी की प्राथमिकता सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ एकजुट होना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जरूरी है कि सभी धर्मनिरपेक्ष और न्यायप्रिय लोग मिलकर सांप्रदायिक ताकतों का मुकाबला करें। "हमलोग एकजुट होकर सांप्रदायिक शक्तियों का सामना करेंगे। ये बांटने की साजिश कर रहे हैं उस समय जरूरी है कि हम एकजुट रहें," तेजस्वी ने कहा। इस घटनाक्रम से बिहार की सियासी हलचल तेज हो गई है और आने वाले समय में इसका असर बिहार की राजनीति पर साफ दिखाई देगा। हिना शहाब और ओसामा के राजद में शामिल होने से पार्टी को नया संजीवनी मिला है और इसके परिणामस्वरूप सिवान में राजद की पकड़ और भी मजबूत होगी।

## इस बार नीतीश के निशाने पर ये दो नेता, 28 अक्टूबर की बैठक में देंगे भाजपा को चेतावनी

**पटना,दीपक कुमार तिवारी।** बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने जनवरी 2024 में इंडिया ब्लॉक से नाता तोड़कर एनडीए में वापसी की थी। इसके बाद से उन्होंने कई बार स्पष्ट किया कि अब वे आरजेडी से हाथ नहीं मिलाएंगे। बावजूद इसके, आरजेडी के नेता इस पर यकीन नहीं कर पा रहे।



आरजेडी सांसद मीसा भारती और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, दोनों ही समय-समय पर नीतीश कुमार के साथ आने का संकेत देते रहे हैं। आरजेडी की सोच यह है कि नीतीश कुमार का भाजपा से तालमेल नहीं बैठ रहा। चाहे वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का मुद्दा हो या भाजपा नेताओं के मुसलमानों के खिलाफ भड़काऊ बयान, नीतीश के सिद्धांतों से यह मेल नहीं खाता। खासकर, भाजपा के फायरब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा और अररिया से भाजपा सांसद प्रदीप सिंह के विवादास्पद बयान ने नीतीश की नाराजगी को और बढ़ा दिया है। नीतीश कुमार ने अब 28 अक्टूबर को एनडीए की बैठक बुलाई है। चर्चा है कि इस बैठक में वे भाजपा के नेताओं को सख्त चेतावनी देंगे। नीतीश की नाराजगी इस बात पर भी है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जेडीयू को केवल दो सीटें ही दीं, जबकि जेडीयू 11 सीटों की मांग कर रहा था। नीतीश ने इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया, लेकिन जेडीयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

बैठक में नीतीश कुमार भाजपा नेताओं से कह सकते हैं कि अनर्गल बयानों से परहेज करें और भाजपा की हिंदू-समर्थक छवि को लेकर सावधानी बरतें। आगामी विधानसभा उपचुनाव में मुसलमानों के खिलाफ बयानबाजी जेडीयू को नुकसान पहुंचा सकती है, जिसका नीतीश को अंदेशा है। एनडीए की इस बैठक में सभी घटक दलों के विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों के अलावा जिला अध्यक्षों को भी बुलाया गया है। बैठक में विधानसभा उपचुनाव और 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाई जाएगी। नीतीश के सख्त तेवर इस बार एनडीए में भाजपा नेताओं को चेताने का संकेत दे रहे हैं। जिस तरह महागठबंधन में रहते हुए उन्होंने आरजेडी नेताओं को फटकारा था, उसी अंदाज में अब भाजपा नेताओं को भी हिदायत दे सकते हैं। हालांकि, राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि नीतीश फिलहाल एनडीए से अलग नहीं होंगे, भले ही उनकी नाराजगी बनी हुई हो।

## गायघाट में नए सड़क निर्माण से विकास की ओर कदम: विधायक

**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** गायघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गायघाट प्रखंड में लगभग 180 लाख रुपये की लागत से चार सड़कों का शिलान्यास किया गया। इन सड़कों का निर्माण क्षेत्र के लोगों के आवागमन को आसान बनाने और स्थानीय विकास को गति देने के लिए किया जा रहा है। निर्माण की जाने वाली सड़कों में कमरथू सकरवारा रोड से खतवे टोला तक पथ निर्माण,मकरंदपुर खजूरी रोड से थलवाड़ा पोखर सहनी टोला तक पथ निर्माण,



नाजिरपुर मकरंदपुर पुल से मकरंदपुर ग्राम की ओर जाने वाली सड़क,बेनीबाद मिश्रौली रोड से रामपट्टी फकीर तकिया तक की सड़क शामिल है। इस अवसर पर गायघाट विधायक निरंजन राय ने कहा कि गायघाट, बन्दरा, और कटरा प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए वे दृढ़ संकल्पित हैं।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों के प्रेम और समर्थन से अभिभूत विधायक ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में राजद के प्रमुख नेता और स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिनमें राजद प्रखंड अध्यक्ष पांचू महासेठ, जिला प्रवक्ता अरविंद राय, पूर्व प्रमुख शिवशंकर राय, मुखिया संजय रजक,राहुल यादव और अन्य सम्मानित नेता शामिल थे।

## दरवाजे के बाहर 10 फुट का मगरमच्छ, देखते ही मची भगदड़



**चंपारण,संवाददाता।** यदि आप सुबह सोकर उठें और आंख मलते हुए घर के बाहर निकलें, तभी सामने कोई विशालकाय और खतरनाक जीव नजर आए तो आपकी क्या स्थिति होगी? ठीक यह स्थिति बिहार के पश्चिम चंपारण के बिसहा गांव में रहने वाले सुरेश यादव की भी हुई। सुरेश यादव रविवार की सुबह बिस्तर छोड़ते ही घर का दरवाजा खोलकर बाहर निकले। अचानक उन्होंने देखा कि मुश्किल से चार कदम के फासले पर एक 10 फीट का मगरमच्छ है। यह देखकर उनकी हालत खराब हो गई। वह वापस भागकर घर में घुस गए और फिर शोर मचाकर पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। इस खबर मात्र से ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को काबू किया और फिर उसे गंडक नदी में ले जाकर छोड़ दिया गया। वन विभाग वाल्मीकि नगर के रेंजर राज कुमार पासवान के मुताबिक मगरमच्छ को सफलता पूर्वक काबू कर गंडक नदी में छोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि कई बार वन्य जीव भटकते हुए रिहायशी इलाके में आ जाते हैं। यह मगरमच्छ भी रास्ता भटककर यहां आया था। उन्होंने आम लोगों ने आग्रह किया कि कहीं भी कोई वन्य जीव दिखे तो उसे परेशान करने या मारने के बजाय वन विभाग को सूचित करें। बता दें कि पश्चिम चंपारण के वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना वन प्रमंडल 2 में बड़ी संख्या वन्य जीव हैं ये वन्य जीव अक्सर वन्य क्षेत्र के बाहर भी निकल जाते हैं। इसकी वजह से कई बार हादसे भी हो चुके हैं। हालांकि वन विभाग के अधिकारी भी इन वन्य जीवों की सतत निगरानी रखते हैं और जैसे ही खबर मिलती है, तत्काल मौके पर पहुंच कर वन्य जीवों को रेस्क्यू करते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बरसात के बाद यहां रिहायसी इलाके में सरीसृप प्रजाति के जीव ज्यादा नजर आते हैं। इसी क्रम में रविवार को इस प्रजाति का मगरमच्छ गांव में आया था। बताया जा रहा है कि 10 फीट लंबा और भारी भरकम यह मगरमच्छ त्रिवेणी कैनाल के जरिए बिसहा गांव में पहुंचा था।

## बिहार सिविल सेवा परीक्षा में अधिकतम आयु सीमा 42 वर्ष करने की मांग

**मुजफ्फरपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा बिहार प्रदेश प्रवक्ता सह सीतामढ़ी जिला प्रभारी प्रद्युम्न रंजन राणा ने आज निजी दौरे पर आए बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय राज भूषण निषाद से मुलाकात की।



इस दौरान उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (इढरउ) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सिविल सेवा परीक्षा में अधिकतम आयु सीमा को बढ़ाकर 42 वर्ष करने की मांग की। राणा ने कहा कि बिहार के आर्थिक, सामाजिक, भौगोलिक और शैक्षणिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सिविल सेवा परीक्षा में आयु सीमा में वृद्धि आवश्यक है। उन्होंने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 से 46 वर्ष के बीच है, जबकि बिहार में यह केवल 37 वर्ष है। राणा ने कहा कि बिहार जैसे राज्य में यह आयु सीमा अभ्यर्थियों के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है और उन्हें प्रतिस्पर्धा में पिछड़ने के लिए मजबूर करती है। उन्होंने कहा, "अभ्यर्थियों को आश्चर्य होता है जब वे दूसरे राज्यों की भर्ती परीक्षाओं के लिए योग्य होते हैं, लेकिन अपने ही राज्य में अयोग्य हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उन्होंने पूर्व में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ज्ञापन सौंपा था, जिसका पत्रांक संख्या 21/2024 दिनांक 3 मार्च 2024 है, और उन्हें आश्वासन मिला था कि इस पर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करेगी, जिससे राज्य के अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में एक नई उम्मीद मिलेगी।

## कपड़े खरीदे, पेमेंट किया, फिर दुकानदार को मार दी गोली

मुजफ्फरपुर में अपराधियों का तांडव

**संवाददाता,मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बदमाश बेखौफ हो गए हैं। जिले में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे ही अपराध का एक नया मामला साहेबगंज क्षेत्र के नवानगर निजामत गांव से सामने आया है। यहां दो बदमाशों ने एक कारोबारी को गोलीमार कर हत्या करने की कोशिश की है। इस घटना में कारोबारी को पहली गोली गर्दन से छू कर निकल गई। वहीं, दुसरी गोली उसकी पीठ में लग गई. जिसके बाद घायल कारोबारी को स्थानीय लोग अस्पताल लेकर पहुंचे।



नवानगर निजामत गांव के डालडा चौक पर ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने कपड़ा खरीदने के बाद कारोबारी दीपांशु कुमार को गोली मार दी। बदमाशों ने दीपांशु को दो गोली मारी है, जिसमें की पहली उसके गर्दन को छू कर निकल गई। वहीं, दूसरी गोली पीठ में जा लगी। गोली लगने से दीपांशु गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के तुरंत दीपांशु को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखने के बाद सीएचसी से दीपांशु को प्राथमिक उपचार देने के बाद एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। मार्किट में गोली चलते ही स्थीनय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब आरोपी फरार हो गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, परिजनों की शिकायत पुलिस ने मुकदमा दर्ज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बाद से ही पूरे इलाके के कारोबारी डरे हुए हैं। गांव वालों के अनुसार दो युवक दीपांशु की दुकान पर पहुंचे और फिर दोनों ने कपड़ों की खरीदारी की। कपड़े का ऑनलाइन पेमेंट भी की थी। इसी दौरान दुकान से निकलते हुए एक युवक ने दीपांशु पर फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनकर गांव वालों के जुटने से पहले ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए. बताया जा रहा है कि गोली मारने वाला आरोपी घायल दीपांशु के ही गांव का रहने वाला है। परिजनों ने गांव के दीपू कुमार, संजय सिंह और बृजेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को छानबीन में स्थानीय लोगों से पता चला कि कारोबारी की दुकान पर अनंत भगत का पोता एक अन्य लड़के के साथ मास्क लगाकर आया था। पीड़िता दीपांशु ने पुलिस को बताया कि वह दुकान पर बैठा था। इसी दौरान दो लोग दुकान पर आए। उन्होंने दुकान से खरीदारी के बाद 1300 रुपये की ऑनलाइन पेमेंट भी की। पांच मिनट बाद ब्रजेश ने वापस लौटकर उसके ऊपर गोली चला दी। दीपांशु ने बताया कि संजय सिंह ने हत्या की नीयत से उसके ऊपर गोली चलवाई है। पूरे मामले में सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं, बदमाशों को भी पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दे कि बीते 12 मई को दीपांशु के बड़े भाई हिमांशु की रामपुर हाई स्कूल के मैदान के मंच पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



चरण सिंह

विचार

## सरकार के लिए चुनौती बना लॉरेंस विश्नोई

सरकार के लिए चुनौती बन लॉरेंस विश्नोईलॉरेंस विश्नोई इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद तो जैसे विश्नोई देश का डॉन बन गया हो। सलमान को जान से मारने की धमकी मिली है। पांच करोड़ की मांग की गई है। उसके बाद सलमान खान से अपने सभी काम निरस्त कर रखे हैं। सलमान खान का एक वीडियो विश्नोई को चेतावनी देने वाला भी वायरल हो रहा है। जिसमें वह विश्नोई से कह रहे हैं कि क्या आप अपने परिजनों की अर्थी उठाने को तैयार हैं। विश्नोई समाज के माफी मांगने की शर्त पर सलमान खान के पिता सलीम खान ने भी कहा कि सलमान तो कीड़े मकौड़े भी नहीं मारता जब हमने हिरन मारा ही नहीं तो माफी क्यों मांगे। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सलमान को माफी मांगने का सुझाव दिया है। राकेश टिकैत ने कहा कि यह मामला समाज का है। विश्नोई कुछ भी कर सकता है। अनूप जलोटा ने भी सलमान को माफी मांगने की सलाह दी है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जब लॉरेंस विश्नोई जेल में बंद है तो वह इन हत्याओं और धमकियों को कैसे अंजाम दिलवा रहा है। कैसे उसने जेल से इंटरव्यू दे दिया। हालांकि इंटरव्यू मामले में जेल के कई कर्मचारियों पर एक्शन हुआ है। फिर भी प्रश्न यह है कि यदि लॉरेंस विश्नोई के नाम से हत्याएं हो रही हैं धमकियां मिल रही हैं तो फिर शासन प्रशासन क्या कर रहा है। क्या यह सरकारों को सीधी सीधी चुनौती नहीं है? अब करनी सेना के एक पदाधिकारी ने जब लॉरेंस विश्नोई पर इनाम रखा तो अब वह अपने नाम की सुपारी देने की शिकायत कर रहा है। करनी सेना के अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या के बाद भी मामला ठंडा पड़ गया था। सिद्धू मुसेवाला की हत्या का आरोप भी लॉरेंस विश्नोई गैंग पर लगा था। हालांकि विश्नोई गैंग के शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। पर हिंदुओं में एक तबका ऐसा भी है जो लॉरेंस विश्नोई को हिंदुओं का नायक बनाने में लगा है। अब देखना यह है कि लॉरेंस विश्नोई प्रकरण देश में क्या गुल खिलाता है।

## नौकरशाही पर लगता तानाशाही का आरोप

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

देश में जर्मनी प्रतिनिधिमण्डल ने आमद दर्ज की है। केन्द्र सरकार की पहल पर वहां के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने अपने सहयोगियों के साथ भारत में संभावनायें खोजना प्रारम्भ कर दीं हैं। कंसल्टेंसी फर्म केपीएमजी और जर्मन चैंबर्स आफ कामर्स एब्राड यानी एएचके के एक अध्ययन के अनुसार जर्मन कंपनियां भारत में नौकरशाही, भ्रष्टाचार और टैक्स प्रणाली को निवेश में बाधाओं के रूप में देखतीं हैं। बीसीजी के ब्राउन ने तो यहां तक कह दिया है कि यहां बाजार में पैर जमाने में बाधायें बहुत हैं। समाज के अंतिम छोर पर बैठकर देखा जाये तो भारत का तंत्र पूरी तरह से अंग्रेजों की परम्परा में रचा-बसा नौकरशाहों की मर्जी पर चलता हुआ प्रतीत होता है। कुछ सालों के लिए आने वाले विधायिका के सदस्यों को कानूनी लचीलेपन की जटिलताओं को रेखांकित करके कार्यपालिका के स्थाई सदस्य व्दारा ऐन-केन-प्रकारेण अपनी सोची समझी योजना के अनुरूप कार्यशैली निर्धारित करवा लेते हैं। दोष सभी सरकारों के पाले में आता है जबकि उपलब्धियों पर नौकरशाही का एकछत्र राज्य रहता है। तनख्वाय, भत्ते, सुविधायें, संसाधन आदि की प्रचुरता के मध्य विलासता भरे जीवन में सांसें लेने वाले नौकरशाहों को देश की आम आवाम गुलाम की तरह ही दिखाई पडती है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने अनेक बार समय की मांग के साथ संशोधनों के व्दारा अपने स्वरूप को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने का प्रयास किया किन्तु हर बार नौकरशाहों ने उसमें भी अपने रास्ते निकाल लिये। गोरों के काल मे नौकरशाहों की तानाशाही ने स्वाधीनता के बाद तो अपनी स्थिति में खासी बढोत्तरी की किया है। कुछ सालों के लिए सत्ता में आने वालों को स्थाई नौकरशाहों का समूह अपने ढंग से कार्य करने के लिये बाध्य कर देता है। सच्चाई तो यह है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री जैसे ओहदेदार भी एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अनियमितताओं पर सीधी कार्यवाही नहीं कर सकते हैं। उन्हें उत्तरदायी नौकरशाह को ही निर्देशित करना पडता है। इन निदेर्शों को मानने, न मानने के रास्ते भी कानूनी पेंचेदगी के मध्य से ही गुजरते हैं। देश में एक ही तरह के अपराध पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग मापदण्ड तय करने वाले अनेक मामले सामने आते रहते हैं। वाहनों पर पद, विभाग आदि का नाम लिखकर चलने वालों को शायद ही कभी अपने अनियमित कार्यों के लिये जुमार्ना या दण्ड भरना पडता हो। सरकारी तंत्र से जुडे सभी विभाग एक दूसरे के साथ लचीला व्यवहार करते देखे जा सकते हैं। पटवारी के व्दारा भू-स्वामी की जमीन के कागजातों पर मनमाना अंकन करने के बाद शायद ही कभी पटवारी, कानूनगो, तहसीलदार के विरुध्द आपराधिक मामला दर्ज हुआ हो, अधिकांश प्रकरणों में अंकन सही करवाने की पहल पीडित को स्वयं करना पडती है। खुलेआम भारी भरकम अतिक्रमण करने वाले प्रभावशालियों को निरंतर अनदेखा करके नौकरशाही व्दारा निरीह लोगों पर कार्यवाही करके लक्ष्य पूर्ति के आंकडे तैयार कर लिये जाते हैं। लाखों रुपये के बकाया बिजली बिलों के बाद भी सरकारी विभागों, असरदार लोगों, नौकरशाहों के विद्युत संयोजन विच्छेद नहीं किये जाते जबकि आम आवाम के परिस्थितिजन्य कारणों से बिल भुगतान में होने वाली देरी हेतु उसे तत्काल दण्डित कर दिया जाता है।

वाहन चौकिंग के दौरान नियमों की धज्जियां उडाने वाले स्थानीय असरदार लोगों तथा नौकरशाहों के वाहनों को नजरंदाज करके दूर-दराज के जिलों, प्रदेशों में पंजीकृत वाहनों का नम्बर देखकर प्रत्यक्ष और ई चालान काट दिये जाते हैं ताकि वसूली का आंकडा पार किया जा सके। रेल में यात्रा के दौरान शयनयान में तो स्वयं की आरक्षित सीट पर कब्जा पाना भी बेहद कठिन हो गया है। अब तो हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि खाकीधारी, रेल कर्मचारी, दैनिक यात्रा के पासधारियों व्दारा दबंगी के साथ वातानुकूलित कोचों पर भी जबरन कब्जा किया जाने लगा है। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए पात्र व्यक्तियों को आवेदन करने में ही नाकों चने चबाने पड रहे हैं जबकि नौकरशाही तक सीधा सम्पर्क रखने वालों के आवेदनों को सत्यापन के बिना ही स्वीकृत किये जाने वाली घटनायें अक्सर सुर्खियां बनती रहतीं हैं।

पुलिस के डंडे से बचने का उपाय अपराधविहीन गतिविधियां, निर्दोष स्थिति या कानूनी धाराओं का अनुपालन नहीं बल्कि नौकरशाहों के फरमानों को आंख बंद करके मानना है। कब किसे आरोपी बना कर पेश कर दिया जाये और कब किसे गवाह के रूप में प्रदर्शित कर दिया जाये, यह सब नौकरशाहों के स्वविवेक पर निर्भर करता है। सरकारी चिकित्सालयों में तैनात चिकित्सकों के बंगलों, निजी क्लीनिकों, व्यक्तिगत अस्पतालों में मरीजों की भीड देश भर में देखी जा सकती है। ओपीडी में डाक्टर की खाली कुर्सी पर प्रश्न उठाने पर राउण्ड पर हैं, रेस्ट पर हैं, आपरेशन में हैं, मीटिंग में हैं, कोर्ट गये हैं, जैसे बहाने पहले से ही तैयार रहते हैं। वार्ड में जगह पाने के लिए भी सरकारी चिकित्सक के आवासीय क्लीनिक पर सशुल्क आमद दर्ज करना या फिर पहुंच वालों से सिफारिश लगवाना आवश्यक बन गया है। योजनागत ऋण हेतु बैंक के नियमों के अलावा वहां तैनात अधिकारियों के अपने अलग मापदण्ड भी व्यवहार में देखने को मिलते हैं। सरकारी विभागों में वाहनों के अनुबंध की व्यवस्था के तहत ज्यादातर वाहनों में प्रदेश का नाम लिखकर शासन लिख दिया जाता है ताकि वह सरकारी वाहन की श्रेणी में समझा जाये। वाहन के कागजात चैक करने हेतु ई-सुविधा होने के बाद भी सरकारी वाहनों की खामियां कभी भी पोर्टल पर दिखाई नहीं देतीं।



-डॉ. सत्यवान सौरभ

'लेखक गांव' लेखकों, कवियों, साहित्यकारों और अन्य रचनाकर्मियों द्वारा महसूस की जा रही व्यावहारिक कठिनाइयों का निवारण करने की ओर एक अभिनव पहल है। उत्तराखंड में यह पहला लेखक गाँव भविष्य का पर्यटक गंतव्य बनकर उभरेगा। यह मंच उन लेखकों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो अपने शब्दों के माध्यम से समाज को नयी राह दिखाने का सामर्थ्य रखते हैं। लेखक गाँव के वातावरण में सृजनशीलता का प्रवाह अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित करेगा।

## लेखनी को पलने और बढ़ने का माहौल देता उत्तराखंड का 'लेखक गांव'

देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र में स्थित थानो गाँव ने देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का गौरव हासिल किया है। इस गाँव की अवधारणा से लेकर उसका विकास उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया है जो स्वयं एक विशिष्ट साहित्यकार के रूप में भी पहचान रखते हैं। उनका दावा है कि इस गाँव में लेखकों को अपनी कृतियों के सर्जन के लिए जरूरी एक शांत और रचनाशील वातावरण मिलेगा।

देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित "स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024" भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले "लेखक गाँव" का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं।

हिमालयीय वैषिश्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को ठौर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी नेअपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। "लेखक गाँव" का यह अनूठा आयोजन न केवल साहित्यकारों को प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यहाँ लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय और गंगा व हिमालय संग्रहालय जैसी संरचनाओं ने इसे एक सम्पूर्ण साहित्यिक तीर्थ बना दिया है।



25 से 27 अक्टूबर 2024 को स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में देहरादून के थानो में स्थित लेखक गाँव में अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य और संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया किया। इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। यह महोत्सव हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ और इसमें भाग लेने वाले विदेशी साहित्यकार अपने देशों में हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे।

देवभूमि उत्तराखण्ड का यह "लेखक गाँव" प्रदेश की अद्भुत रचनात्मकता और सृजनशीलता का प्रतीक है। यहाँ का शांत और सुरम्य वातावरण लेखकों को सर्जन के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। चिंतन, मनन और स्वयं की खोज में "लेखक गाँव" जैसे स्थानों की महत्ता है। ऐसे एकांत और सृजनात्मक वातावरण में लेखकों को आत्म-साक्षात्कार का सजीव अनुभव प्राप्त होता है। लेखक गाँव की मूल परिकल्पना को यथार्थ के धरातल पर उतारते हुए 'लेखक कुटीर' इस परिसर का सबसे महत्त्वपूर्ण और संवेदनाओं को सहेजता है। जीवन के तमाम कड़वे-मीठे अनुभवों और झंझावतों को स्वयं में समेटे ऐसे वयोवृद्ध लेखकों के लिए यह परिसर स्वयं में स्नेह और आशीष की छाँव में स्थापित एक ऐसा स्थान है जहाँ प्रतिक्षण मानवता की सेवा चरितार्थ होगी। विश्व के हिमालयीय सरोकारों से जुड़े प्रसिद्ध लेखकों, साहित्य साधकों एवं कालाकारो के नाम से 'लेखक कुटीर' नाम की तख्ती सजी होगी। प्रकृति के आँचल में नाना प्रकार के फूलों की सुगन्धित खुशबू पूरे परिसर को सकारात्मक ऊजार्युक्त तरंगों से महका देगी। अध्ययन, लेखन और जीवन को जीवंत बनाने के लिए 'लेखक कुटीर' में निवास कर रहे लेखकों को यथासम्भव सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। लेखक गाँव के ग्रंथालय में समस्त हिमालय राज्यों के साहित्य, संस्कृति, इतिहास, सामाजिक, राजनितिक, भूगोल, दर्शन, धर्म, ज्ञान-विज्ञान आदि विशयों से सम्बंधित ग्रंथो को स्थान दिया गया है और भी दिया जाएगा।

प्राचीन ऐतिहासिक मूर्तियों, चित्रों, सिक्को, पाण्डुलिपियों एवं अन्य दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह किया जाएगा। पहाड़ी चित्र कला, विश्व स्तरीय फोटोग्राफरों के चित्र ग्रंथालय की शोभा बढ़ाएंगे। ग्रंथालय का अतिरिक्त परिवेश निर्मित करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि पवित्रता और शांति का वातावरण बना रहे। ग्रंथालय का निर्माण हिमालयी लोक संस्कृति, वास्तु शिल्प के उद्धरण रूप में निर्मित होगा। पहाड़ी गाँव के भवन निर्माण शिल्प के आधार पर हिमालय ग्रंथालय का निर्माण किया जाएगा जिसमे खोली, छज्जा एवं तिवारी बनाई जाएगी। ग्रंथालय पहाड़ी पत्थर एवं स्थानीय ककाश्ठ से निर्मित किया जाएगा। ग्रंथालय का निर्माण हिमालयी लोक संस्कृति, वास्तु शिल्प के उद्धरण रूप में निर्मित होगा।

लेखक गाँव में आने वाले छात्रों, शोधार्थियों, लेखकों एवं विभूतियों सहित सभी आगंतुकों की आवासीय व्यवस्था, भवन का परिवेश केवल छात्रावास या विश्रामगृह तक सीमित न हो कर सुख, परम शांति और अद्भुत आनन्द से परिपूर्ण घर का पूर्ण आभास प्रदान करेगा। आवासीय परिसर प्रकृति के मध्य आगंतुकों के चित और चिंतन को नव ऊर्जा प्रदान करके आवासीय समय को सकारात्मक, रचनात्मक तथा अविस्मरणीय बनायेगा। "लेखक गाँव" जैसे स्थान भारत के साहित्य और संस्कृति को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की क्षमता रखते हैं। इनमें होने वाले महोत्सव साहित्य, कला और संस्कृति के विविध रंगों को संरक्षित और सशक्त बनाते हुए भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने का संकल्प दोहराते है।

लेखक गाँव के "स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024" ने साहित्यिक और सांस्कृतिक जागरूकता का नया अध्याय लिखा है। यह आयोजन न केवल उत्तराखण्ड की धरती पर रचनात्मकता का संचार लाया है बल्कि साहित्य, संस्कृति और कला के माध्यम से भारतीय धरोहर को संजोए रखने में सहायक सिद्ध होगा।

## नकली डिब्बा, नकली बोतल, ले ले मेरे यार

-राकेश अचल-

जब से होश सम्हाला है तभी से अमूल के उत्पादों पर भरोसा करता आया हूँ। अमूल मेरा बड़ा भाई है या बहन, ये मै नहीं जानता? लेकिन अमूल तो अमूल है। बिना कसी प्रधानमंत्री को अपना ब्रांड एम्बेस्डर बनाये अमूल आजादी मिलने से ठीक एक साल पहले वजूद में आया। मुझसे 13 साल बड़ा है अमूल। गुजरात के त्रिभुवन दस पटेल साहब की दें है। पटेल साहब के इस उपहार से पूरा देश धन्य हुआ और है। पटेल साहब को उस समय से लेकर आजतक किसी खास आदमी को अपना ब्रांड एम्बेस्डर नहीं बनाना पड़ा। अमूल आम आदमी के लिए था और अमूल का ब्रांड एम्बेस्डर भी आम आदमी ही है, लेकिन अब अमूल को भी नक्कालों की नजर लग गयी है। देश का आधा बाजार अमूल के नकली घी से अटा पड़ा है।

हम भारतीय किसी और में विश्व गुरू बने हों या न बने हों लेकिन नकल करने में दुनिया के विश्व गुरू अवश्य है। हमारे सामने नकल करने वाले दुसरे देश शायद कहीं नहीं टिकते। हमारे हुनरमंद नक्काल दुनिया के किसी भी उत्पाद की हू-ब-हू नकल करने में समर्थ है। खाने-पीने की चीज हो या पांव में पहनने की चप्पल। अंडर वियर हो या बनियान। हम उसकी नकल तैयार कर सकते है। घी, दवाएं, कपड़े, दाल-चावल, तेल तो सामान्य चीजे हैं। इन नकल विशेषजों की कड़ी मेहनत के फलस्वरूप अब बाजार में नकली अमूल घी भी उपलब्ध है। मुझे जब इस बारे में खबर मिली तब तक मेरे घर में अमूल घी का पदार्पण हो चुका थ। मुझे नहीं पता कि मै असली अमूल घी लाया हूँ या नकल। भगवान मेरे परिवार की ही नहीं अपितु मेरी तरह देश के तमाम अमूल घी प्रेमियों की रक्षा करें।

गनीमत है कि अमूल कम्पनी हमारी सरकारों की तरह गैर जिम्मेदार नहीं है, वो अपने उपभोक्ताओं का पूरा ख्याल रखती है इसलिए उसने खुद अमूल के नकली घी के बारे में खुलासा किया। अमूल ने नकली घी बेचने वालों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। कंपनी ने बताया कि कुछ लोग नकली अमूल घी बेच रहे हैं। खासकर ऐसे एक लीटर वाले रीफिल पैक में, जो अमूल तीन साल से नहीं बना रही है। अमूल ने लोगों से कहा है कि वे घी खरीदने से पहले पैकेजिंग की जांच जरूर कर लें। कम्पनी के इस खुलासे के बाद से हमारे पेट में उपद्रव शुरू हो गया है क्योंकि हम कुछ रुपए बचने के फेर में तीन साल से अमूल के रिफिल पैकेट ही घर में ला रहे थे। यानि हम सब नकली घी खा रहे थे, वो भी अमूल का। उस अमूल का जिसका मतलब ही अनमोल होता है।

हमारे देश में जबसे सरकार ने मेक इन इण्डिया, मेड इन इंडया जैसे नारे दिए हैं तबसे और उससे पहले से ही नक्काल सक्रिय हैं। देश में नकली उत्पादों का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। देश में यदि अमूल का कारोबार 4 बिलियन डालर का है तो नकली उत्पादों का करोबार इससे चार गुना ज्यादा होगा। आप चूंकि आजकल अखबार कम पपढ़ते हैं और मोबाईल में उलझे रहते हैं इसलिए शायद आपको नहीं पता कि दुनिया में नकली प्रोडक्टका कारोबार कुल बिजनेस का 3.3 फीसदी हिस्सा हो गया है।नकली उत्पादों के कुल मामले में से 84 फीसदी से अधिक सिर्फ पांच सेक्टर में से आते हैं।अकेले भारत में नकली प्रोडक्ट के उत्पादन/बिक्री के मामले सालाना 20 फीसदी की दर से ऐसे बढ़ रहे हैं जैसे अहिन की माता सुरसा का आकार बढ़ता है।

आप जो खा रहे हैं, जो पहन रहे हैं उसमें क्या असली है और क्या नकली है ये भगवान भी शायद आपको नहीं बता सकत। अब दीपावली पर आप जो मावा मिष्ठान खायेंगे, शुद्ध देशी घी के लड्डू खाएंगे उसमें कितना मावा असली होगा, कितना घी असली होगा ये कोई नहीं जनता। बस खाये जाओ, खाये जाओ और हरि के गुण गाये जाओ। क्योंकि देश की कोई भी सरकार इस नकल के कारोबार पर नकेल नहीं डाल सकती। किसी भी दल की सरकार हो, एक इंजिन की हो डबल इंजिन की, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नक्काल सभी राजनीतिक दलों और सरकारों से ऊपर हैं। पूरी दुनिया और खासकर हम हिन्दुस्तानी इन नक्कालों की कृपा, अनुकम्पा पर ही जिंदा हैं।

हमें याद है कि एक जमाने में देशी घी तो छोड़िये डालडा भी शुद्ध बिकता था। आज के जमाने में तो तिरुपति बाला जी का प्रसादम भी असली नहीं मिलता। लेकिन जो भी उत्पाद नेताओं की तरह घर-घर पहुंचा, उसकी नकल बाजार में आ गयी।हमने फिल्मों में ही नहीं बल्कि असल में नकली पुलिस, नकली आईएएस-आईपीएस, नकली डाक्टर देखे हैं और अब तो गुजरात में नकली जज और नकली अदालतें भी सम्मान पा चुकीं है। गुजरात मॉडल केवल विकास और सत्यानाश के मामले में ही अनुकरणीय नहीं है बल्कि नकल के मामले में भी अनुकरणीय है। जिन देशों की आर्थिक स्थिति खराब है वे भारतीय नक्कालों से परामर्श लेकर अपने आपको डूबने से बचा सकते हैं।

कोई माई का लाल नकली और असली में भेद करके बता दे तो मै उसके लिए पदम्‍ पुरस्कार दिलाने में सिफारिश करने का भरोसा दिला सकता हूँ। वैसे नकल उद्योग को देखते हुए इस देश में नक्कालों का भी हक बनता है कि वे पद्मश्री, पदम्‍ भूषण और पद्म विभूषण जैसे सम्मानों से अलंकृत किये जाएँ। भारतीय नक्काल केवल एक उत्पाद की नकल नहीं बना पाए और वो है नेता। देश में नकली नेताओं का घोर अभाव है। जितने भी और जैसे भी नेता हैं, वे असली है।

## दिवाली का प्रदूषण बनाम पेड़-पौधों और फूलों का रमणीय मंजर !

प्रोफेसर राजकुमार जैन

तीन दिन पहले जब मैंने अपने घरवालों से कहा कि मैं ग्वालियर में रमाशंकर सिंह के घर कुछ दिन रहने के लिए जा रहा हूँ, तो उन्होंने कहा, "आप भी गजब की बात करते हैं। भला कोई त्योहार के मौके पर अपना घर छोड़कर बाहर जाता है? अगर जाना भी है तो दिवाली के बाद चले जाना।" सुबह पार्क की गपशप मंडली में जब मैंने कहा कि अब दिवाली के बाद मुलाकात होगी, तो समवेत स्वर में सभी ने कहा, "यह क्या बात हुई! अरे, दिवाली का पूजन और रोशनी की रौनक देखकर फिर जाना।" इस पर हमारे पुराने मित्र चौधरी रतन सिंह ने कहा, "इनको कौन समझाएगा? इन्होंने कभी किसी की बात सुनी है।"

हकीकत इससे एकदम उलट है। आंखों में लगातार जलन, सांस लेने में दिक्कत, और ऊपर से जब टेलीविजन पर देखा कि प्रदूषण का स्तर 350 पार कर गया है, तो मैंने सोचा कि ऐसी कौन सी मजबूरी है कि दिवाली के मौके पर दिल्ली में बढ़ते हुए प्रदूषण में सांस लूं। पीने के पानी में अमोनिया भारी मात्रा में घुल गया है, जो अब पीने लायक भी नहीं है। न तो मैं धार्मिक आस्था वाला व्यक्ति हूं, न ही मुझ पर कोई पारिवारिक बंदिश या मजबूरी है, और न ही मुझे नौकरी के कारण कहीं जाना है, तो फिर क्यों न जाऊं? आने वाले चार दिनों में जो पटाखे दिल्ली में चलेंगे, उनकी पोटाश की गंध सीधी नाक में प्रवेश





कर जाएगी। लाख सरकारी मुनादी हो जाए, पर दिल्ली के नवधनाढ्‍य लोग गाजियाबाद, फरीदाबाद से पटाखों का बारूद लाकर अपनी हैसियत का प्रदर्शन करने से बाज नहीं आएंगे, उन्हें कौन रोक सकता है?

दिल्ली और ग्वालियर में लगभग 200 मील यानी 310 किमी का अंतर है। दिल्ली से आकर जैसे ही मैं ग्वालियर वाले घर में घुसा, तो ऐसा महसूस हुआ मानो किसी नई दुनिया में आ गया हूँ। दो तरफ से पहाड़ियों से घिरा, पेड़-पौधों, लताओं और फूलों से आच्छादित यह स्थान शहर के कोलाहल से दूर है, जहाँ मोर, चिड़ियाएँ, कबूतर और तोते चहचहा रहे हैं। ऊंचे-ऊंचे सागवान के दरख्तों के बीच, स्वान दौड़ते-भागते हैं, गौशाला में गाय-भैंसों की रम्भाने की आवाजें गूंजती हैं। मंद-मंद बहती शीतल समीर के बीच सुबह की सैर के वक्त, रमा से गुजरे 55 सालों के किस्सों को दोहराकर, "क्या खोया, क्या पाया" पर ठहाके लगाते हुए, मुक्त आकाश के नीचे फूलों और लताओं से घिरे हुए चाय की चुस्कियाँ लेते हैं। खेत की ताजी सब्जियाँ, अनाज, घर के घी और तेल से बना सादा भोजन आजकल का आचमन बना हुआ है।

आज जब रमा ने अपने पेड़ों पर एक पोस्ट लिखी, तो दो पाठकों ने तंज कसा कि पैसे की ताकत से बनाए गए इस माहौल में आपने कौन सा बड़ा तीर मीर दिया है; यह तो एक मायने में गरीबों का मजाक उड़ाना है। मुझे लगा कि इस पर स्पष्टीकरण देना जरूरी है।

लगभग 22 साल पहले, एक दिन रमा ने मुझसे कहा कि चलो, तुम्हें वह जगह दिखाता हूँ जहाँ मकान बनाना है। ग्वालियर रेलवे स्टेशन से करीब 12 किलोमीटर दूर एक बियाबान में, संकरी और टूटी-फूटी सड़क से होकर जिस जगह हम पहुंचे, वहाँ उबड़-खाबड़ जमीन थी, बस दो बबूल के पेड़, एक नीम का पेड़ और एक छोटा सा प्रेत मंदिर था—और बाकी सन्नाटा। मेरे मुँह से अनायास ही निकला कि तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है, इस निर्जीव और सुनसान जगह में मकान बनाना तो महज बेवकूफी होगी। गिनती के रुपयों में यह जमीन खरीदी गई थी। आज भी अगर मैं इसकी कीमत की बात करूँ, तो दिल्ली की जिस कॉलोनी में मैं रहता हूं 200-300 गज पर बने मकान से अधिक नहीं है, जिसमें मैं रहता हूँ। बिना किसी शान-शौकत या महंगी सामग्री के बने इस मकान के नंदनवन में रह रहा हूँ। यह कैसे हुआ, यह आश्चर्य की बात है।

सुबह घूमने निकला तो देखता हूँ कि रमा अपने माली से कह रहा था कि पाँच पेड़ आम के, चार अमरूद के झ इनकी चौहद्दी दिवाली से पहले बननी चाहिए। माली बोला कि आम के तो तीन ही पेड़ हैं, रमा ने कहा, "ध्यान से देखो, तीन इधर और दो उधर।" घर में जितने भी पेड़ लगे हैं, उनकी कटाई-छंटाई, खाद-पानी और देखभाल वह खुद करते हैं। बरसात में अपने हाथों से पेड़ लगाकर, कड़ी धूप में खड़े होकर पेड़ों को पानी की व्यवस्था का जायजा लेते उन्हें देखता हूँ। पक्षियों को दाना-पानी देने के लिए पेड़ों पर लटके हुए पात्रों में, अगर पानी खाली हो तो माली को तुरंत भरने की हिदायत देना रमा की रोजमर्रा की कवायद है। पेड़-पौधों की देखभाल ऐसे करते हैं जैसे कोई इंसान अपनी औलाद की करता है। बाहर से ग्वालियर लौटते ही उनका पहला काम अपने पेड़-पौधों की खैरियत जानना होता है।

प्रकृति के रमणीय वातावरण से सराबोर इस आशियाने से कुछ ही कदमों पर स्थित आईटीएम यूनिवर्सिटी का विशाल परिसर देखकर, जहाँ हजारों छात्र-छात्राएँ स्वच्छंदता और उल्लास से भरे हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस की याद आ जाती है। विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 22,000 से अधिक पौधे अब बड़े पेड़ों का रूप लेकर आकाश की ओर निहार रहे हैं, और ये सभी पिछले 25 सालों में छोटे पौधों के रूप में लगाए गए थे। छोटे पौधों और लताओं की तो गिनती ही नहीं है। विश्वविद्यालय के ग्रंथालय 'अक्षरधाम' में हर विषय की पुस्तकों का विशाल भंडार है, और जरूरत पड़ने पर परिसर में स्थित आधुनिक, उच्च-स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से संपन्न आईटीएम अस्पताल भी उपलब्ध है। यह सब एक बागवान की लगन, समर्पण और हिफाजत का प्रतीक है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### पंजाब में फायर एंड इंमरजेंसी सर्विस एक्ट लागू

अब तीन साल के लिए मान्य होगी फायर एनओसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल-2024 को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस बिल के लागू होने से अब हर साल की बजाय तीन साल बाद फायर से जुड़ी एनओसी लेनी होगी। साथ ही बिल में फायर से जुड़ी गतिविधियों का निरीक्षण करने और खराब प्रदर्शन पर सजा देने के लिए नियामक ढांचा भी बनाया जाएगा। इसके अलावा लड़कियों की भर्ती से जुड़े नियम भी बदलेंगे। इससे पहले पंजाब अपार्टमेंट एंड प्रॉपर्टी रेगुलेशन बिल को मंजूरी दी गई थी। राज्य में अग्निशमन विभाग को अब सभी इमारतों पर अग्नि कर लगाने का अधिकार होगा। अग्निशमन प्रशासन अग्नि कर पर उपकर भी लगा सकता है। अग्निशमन विभाग जनता को आग की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित अग्रिम सेवाएं प्रदान करने के लिए उपयोगकर्ता शुल्क एकत्र कर सकता है। बिल फायर अधिकारियों के लिए व्यवस्थित निरीक्षण करने के लिए एक रूपरेखा तैयार करता है। फायर अधिकारी आसानी से निरीक्षण करने के योग्य होंगे और किसी इमारत में संभावित आग के खतरों को प्रभावी ढंग से बेअसर करने के लिए निर्देश जारी कर सकेंगे। बिल फायर फाइटरों को आग बुझाने के कार्यों को प्रभावी ढंग से करने की अनुमति देता है।

### पंजाबः अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन के पैकेट बरामद



**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पाकिस्तान द्वारा पंजाब में नशा सप्लाई की घटना को असफल बनाते हुए अमृतसर क्षेत्र से दो पाकिस्तानी ड्रोन तथा दो पैकेट हेरोइन के बरामद किए हैं। बीएसएफ की तरफ से रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक इंटेलिजेंस रिपोर्ट के बाद बीएसएफ ने अमृतसर के गांव धनोए कलां में सीमावर्ती क्षेत्र से सटे खेतों से एक ड्रोन तथा एक पैकेट हेरोइन बरामद किया है। हेरोइन के पैकेट का वजन 550 ग्राम था। इस बीच बीएसएफ की टीम ने अमृतसर जिले के गांव उत्तर धालीवाल में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार तीसरे घटनाक्रम के तहत अमृतसर के सीमावर्ती गांव रोड़ावाला खुर्द से 510 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी ड्रोन चीन में बने हैं तथा डीजेआई माविक थ्री क्लासिक क्वालिटी के हैं।

### रोहतक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी गठित

**रोहतक।** कार्यकर्ता सहायिका यूनियन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रविवार को हुड्डा सिटी पार्क में हुआ। इसमें 16 सूत्री आंदोलन गठित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही यूनियन की सर्वसम्मति से प्रदेश कार्यकारिणी भी गठित की गई। कृष्णा मंढ़ाना व पुष्पा दलाल को पुन प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव चुना गया। साथ ही तारा देवी व शीला देवी को उपाध्यक्ष, बलजीत यादव को कोषाध्यक्ष, शीला मौन को सहसचिव, कृष्णा कुमारी को लेखाकार, संतोष ढांड को संगठन सचिव, कौशल्या चहल को प्रेस सचिव चुना गया, जबकि रौशनी चौधरी, सन्तोष सरोहा, सरोज, सन्तोष ढिल्लों, बिन्दु शर्मा, कविता व सुमन को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सरकार से आंगनवाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी बनाने और तब तक 28 हजार रुपए मासिक न्यूनतम वेतन देने, सरकारी कर्मचारी को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य हितलाभ प्रदान करने, 975 के रोके गए मानदेय का अविलम्ब भुगतान करने, आंगनवाड़ी केन्द्रों का किराया और गैस सिलेंडर के पैसे हर महीने देने और बच्चों और महिला लाभार्थियों को अच्छा क्वालिटी राशन उचित मात्रा में देने की मांग की।

### फाजिल्का में दो नशा तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन बरामद



**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए फाजिल्का सेक्टर से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हेराइन बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने रविवार को जारी जानकारी में बताया कि शनिवार रात चलाए गए ऑपरेशन के दौरान फाजिल्का सेक्टर के अंतर्गत गांव टाहलीवाला से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 540 ग्राम हेरोइन का पैकेट, एक आईफोन तथा यूएस डॉलर बरामद किया गया है। बीएसएफ के अनुसार गिरफ्तार किया गया एक आरोपित ढाब खुशहाल जोया तथा दूसरा आरोपित हजारा राम सिंह का रहने वाला है। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ जारी है।

# हरियाणा विधसभ के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को निष्क्षता एवं ईमानदारी के साथ निभाऊँगा : हरविंद्र कल्याण



**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल पहुंचे, जहां पर असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व मंत्री शशीपाल मेहता ,पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता , पूर्व ओएसडी संजय बठला, भाजपा नेता अशोक सुखीजा, अशोक भंडारी, निर्मल बैरागी , पूर्व विधायक कश्यप, जिला महामंत्री सुनील गोयल व जयभगवान सिकरी, उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा व प्रवीन लाठर, सोहन सिंह राणा, धीरज खरकारी, मेहर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक तथा मेघा भंडारी, मदन गुजर, कर्मबीर कल्याण सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता ने हरविंद्र कल्याण का पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी, ढ़ोल नगाड़ो व फूल मालाओ से स्वागत व गर्मजोशी से अभिनंदन किया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के स्वागत का यह कार्यक्रम रविवार को कुरुक्षेत्र जिला से शुरू हो गया था , रास्ते में नीलोखेड़ी विधानसभा के क्षेत्र में प्रवेश करने पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग पर माता काली मंदिर, तरावड़ी, झिझाड़ी स्वागत किया गया। इसके बाद ओसियस कर्ण लेक, बल्डी बाईपास चौक, बसंत विहार चौक, आईटीआई चौक, कर्ण कमल कार्यालय,सेक्टर-6 चौक, ताऊ देवी लाल चौक, कम्बोपुरा, पक्का पुल उंचासमाना तथा कल्याण फॉर्म हाउस पर सैकड़ों कार्यकताओं ने सहित भारी संख्या में लोगों ने पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी, ढ़ोल नगाड़ो व फूल मालाओ से स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने भी कार्यकत्राओं द्वारा किए गए अभिनंदन को सहर्ष और हाथ जोडकर अभिवादन स्वीकार किया। कार्यकताओं ने जगह-जगह लड्डू बांट कर खुशी जाहिर की और कार्यकर्ता बीच-बीच में सेल्फी लेते नजर आए।

इस मौके पर हरविंद्र कल्याण ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विधानसभा के पक्ष व विपक्ष के सभी सदस्यों ने मुझे हरियाणा विधानसभा का अध्यक्ष निर्विरोध चुना हैं, इसके लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। मुझे बतौर विधानसभा अध्यक्ष की जो जिम्मेवारी मिली है, मैं उसे निष्क्षता व पूरी ईमानदारी से निभाते हुए सदन को सुचारू रूप से चलाने का पूरा प्रयास करूगां। उन्होंने कहा कि मेरी यह भी कोशिश रहेगी कि सभी विधायकों को सदन में जनता की आवाज उठाने के लिए पर्याप्त समय मिलें। उन्होंने कहा कि संसद व विधानसभा लोकतंत्र का मन्दिर हैं। लोकतंत्र को मजबूती प्रदान के लिए निष्पक्षता से सभी सदस्यों को उनकी बात रखने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकताओं ने जो आज सम्मान दिया है इसके लिए मैं उनका आभारी हूं । करनाल के लोगों ने सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जिताने का कार्य किया हैं। हम सभी पांचों विधायक एक टीम की तरह कार्य करते हुए करनाल जिला को विकास की राह पर आगे बढ़ाएगें तथा सभी कार्यकताओं को उचित सम्मान मिलेगा। उन्होंने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को लेकर शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।

इस मौके पर असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि करनाल जिला की जनता का सौभाग्य है कि घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण को विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया हैं। यह इनकी निष्ठा व ईमानदारी का परिणाम है । उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी कार्यकताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आंन्द ने कहा कि करनाल जिला से विधानसभा का अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण चुने गए हैं जो कि बहुत खुशी की बात हैं। इसके लिए उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि यह करनाल की जनता को दीपावली त्यौहार पर बड़ी सौगात दी है ।उन्होंने कहा करनाल जिला में जो परियोजनाएं चल रही हैं उनको भी पूरा करवाया जाएगा तथा नई-नई परियोजनाओं के भी प्रयास किए जाएंगे ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिले।

## झज्जर जिला में दीपावली पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**झज्जर।** त्योहारों के दौरान जिले के बाजारों में बढे वाली भीड़ को ध्यान रखते हुए आमजन की सुरक्षा को लेकर पुलिस का पहरा और ज्यादा बढ़ गया है। बाजारों में लोगों की भीड़ भी बढ़ रही है वाहनों के चलते जाम की स्थिति भी बनने लगी है। ऐसे में जाम व अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस अलर्ट हो गई है। इसी को ध्यान रखते हुए भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे बाजारों, मॉल, होटल व मुख्य चौक चौराहों पर नजर रखी जा रही है।

बता दें कि दीपावली पर बाजारों में भीड़भाड़ के चलते छीना झपटी व जेब तरास गिरोह सक्रिय हो जाता है। ऐसे में बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए बाजारों में सादी वर्दी में पुलिस की तैनाती की गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है, जिनमें कुछ कर्मचारी सादा कपड़ों में ड्यूटी करते हुए असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। मनचले युवकों, चेन स्नेचर व जेब तराशने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी नजर रहेगी हैं। पैदल गश्त के अतिरिक्त राइडर व पीसीआर भी ऐसे स्थानों पर निरंतर गश्त कर रही। दुपहिया वाहनों पर चलने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस विभाग विशेष नजर रखे हुए है। साथ ही यातायात के नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी काटे जा रहे है। चौक चौराहे पर जहां पुलिस पी.सी.आर गश्त कर रही है, वहीं अप्रोच रास्तों पर चिता राइडर की तैनाती की गई। ताकि यातायात सुचारू रहने के साथ कोई अपराधिक घटना न हो। क्योंकि त्यौहारी सीजन में छीना झपटी की वारदातें बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली से पहले ही इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने कहां कि पुलिस कर्मचारी जहां वर्दी में रहकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं, वही आम नागरिक का भी यह दायित्व बनता है कि वे अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाकर एक अच्छे नागरिक होने का अपना कर्तव्य पूरा करें। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि दीपावली पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। बहादुरगढ़ शहर में अलग-अलग स्थानों पर 12 नाके लगाए गए हैं। रोड पर नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर उनको पुलिस की क्रेन द्वारा उठाया गया है और उनके चालान भी किए गए हैं। उन्होंने बहादुरगढ़ वासियों से अपील करते हुए कहा कि जब भी वे खरीदारी करने के लिए आए तो अपने वाहनों को पुरानी कोर्ट, पुराना बस स्टैंड, नाला रोड के पास खड़ा करें। बाजारों में वाहन लेकर नए आए इससे यातायात व्यवस्था खराब होती है अपने वाहन को निर्धारित जगह पर ही खड़ा करें और एक अच्छा नागरिक होने का दायित्व निभाएं।

## महाराजा अग्रसेन ने बनाया एक ईंट एक मुद्रा देने का नियम: बजरंग गर्ग



**फतेहाबाद।** वैश्य समाज की आवश्यक मीटिंग रविवार को अनाज मंडी भट्टू में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में संगठन को पहले से ज्यादा मजबूत बनाने पर जोर दिया। वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में वैश्य समाज के संगठन का विस्तार किया जा रहा है। महाराजा अग्रसेन जी त्याग की मूर्ति थे। महाराजा अग्रसेन जी ने गरीबों को ऊंचा उठाते हुए समाजवाद को बढ़ावा देने का काम किया।

अग्रसेन जी की नगरी में जब भयंकर अकाल पड़ा तब अग्रसेन जी ने जनता के लिए धन व अन्न के सारे भंडार खोल दिए और सारा खजाना खाली हो गया। उस समय महाराजा अग्रसेन जी ने महायज्ञ किया। महायज्ञ से प्रसन्न होकर माता महालक्ष्मी जी ने महाराजा अग्रसेन जी को वरदान दिया था कि हमेशा ही आपके कुल में मेरा वास रहेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने गरीब व जरूरतमंद को ऊंचा उठाते हुए हर घर से एक ईट एक मुद्रा देने का नियम लागू किया ताकि गरीब व्यक्ति ईंट से अपना मकान बना ले और मुद्रा से व्यापार करके अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। आज वही वैश्य समाज महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श पर चलकर राष्ट्र व जनता की सेवा में लगा हुआ है। वैश्य समाज अग्रोहा धाम के नेतृत्व में अलग-अलग संस्था बनाकर रात-दिन धार्मिक व सामाजिक कार्यों में लगा हुआ है। हम सबको एकजुट होकर देश व प्रदेश की तरक्की में अपना ही पूरा योगदान देना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 10 नवंबर को विशाल वार्षिक मेला लगेगा, जो ऐतिहासिक होगा। जिसमें भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, महामंडलेश्वर कुमार स्वामी व देश के कौने-कौने से सामाजिक व धार्मिक लोग भाग लेंगे।

## पंजाब पुलिस ने पांच सौ करोड़ की हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार किया




**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करों का पदार्फाश करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 किलो हेरोइन समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने अमृतसर के बाबा बकाला कस्बे से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन, 17 किलो डीएमआर, 5 विदेशी पिस्तौल और 1 देसी पिस्तौल बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों का सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ भुल्लर विदेश से यह नेटवर्क को चला रहा था। डीजीपी ने बताया कि उक्त सभी खेप सीमा पार पाकिस्तान से आई थी। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 500 करोड़ रुपए से ज्यादा है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन यूनिट में उक्त एफआईआर दर्ज की गई है। बीते दिनों पुलिस द्वारा एक खेप पकड़ी गई थी, उक्त आरोपितों की पूछताछ में इस रिकवरी की इनपुट मिली थी। पुलिस पिछले काफी समय से उक्त एरिया में ट्रैप और रेकी कर रही थी। नशे की यह खेप जलमार्ग के जरिए पंजाब तक पहुंचायी गयी है। इस खेप के साथ टायरों की बड़ी रबर ट्यूब भी बरामद की गई है, जिससे संकेत मिलता है कि जलमार्गों के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है।

## इंसानियत की मिसालः बधिर बच्चों के जन्मदिन का मनाया जश्न

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में श्रवण एवं वाणी केंद्र, न्यू कोर्ट रोड, सोनीपत में रविवार को जन्म से सुनने व बोलने में असमर्थ बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तीन बधिर बच्चों अवनी, अंजली और अंतिम का जन्मदिन विशेष उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया।

सेफ इंडिया फाउंडेशन से प्रोजेक्ट इंचार्ज अविनाश सेठी और बलराज वशिष्ठ ने बताया कि संस्था पिछले वर्ष से स्कूल के साथ जुड़कर इन बच्चों की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास कर रही है। इस मौके पर समाजसेवी प्रदीप गर्ग और मोनिका गर्ग ने तीनों बच्चों को उपहार स्वरूप ड्रेस भेंट की, जबकि रॉबिन हुड आर्मी के शशि कपूर ने बच्चों के लिए केक और नाश्ते की व्यवस्था की। इस कार्यक्रम में सीए रमन तनेजा, श्यांश गर्ग और अनन्या गर्ग जैसे प्रमुख व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता ने इस पल को और खास बना दिया।

# नारनौल में रतन टाटा की याद में की गई संगोष्ठी

देश के आर्थिक ढांचे की नींव मजबूत करने में रतन टाटा का अहम योगदानः सुरेश चौधरी



**नारनौल।** नारनौल के बंसी सिंह पार्क में रविवार को रतन टाटा की याद में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में नारनौल व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश चौधरी रहे जबकि अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता डा.आर.के. जांगड़ा ने की। इस मौके पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने रतन टाटा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने रतन टाटा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के आर्थिक ढांचे की नींव मजबूत करने में रतन टाटा का अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा रतन टाटा ने नैतिक मूल्यों को जिंदगी में सबसे ऊपर रखने में उनकी सादगी और सिद्धांतवादी ईमानदारी की मिसाल के पथ पर चलते हुई राष्ट्र सेवाओं को सर्वोपरि रखा। लोगों की जरूरत और दैनिक जीवन को समझने के लिए टाटा ने विभिन्न रूपों में उनकी मदद की। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में, रतन टाटा को विभिन्न सहायक कंपनियों के प्रमुखों से मजबूत प्रतिरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन अनके द्वारा टाटा समूह का कुशल नेतृत्व करते हुए, राजस्व 40 गुना से अधिक और लाभ 50 गुना से अधिक बढ़ गया। जब रतन टाटा ने कंपनी की कमान संभाली तो अधिकांश बिक्री कमोडिटी बिक्री थी, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत तक, अधिकांश बिक्री ब्रांडों से हुई। उनके नेतृत्व में, टाटा टी ने टेटली का अधिग्रहण किया, टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर का अधिग्रहण किया और टाटा स्टील ने कोरस का अधिग्रहण किया। इन अधिग्रहणों ने टाटा को मुख्य रूप से भारत-केंद्रित समूह से एक वैश्विक व्यवसाय में बदल दिया, जिसका 65 प्रतिशत से अधिक राजस्व अंतरराष्ट्रीय परिचालन और बिक्री से आता था। रतन टाटा ने शक्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से कई नीतियां लागू कीं, जिनमें सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित करना, सहायक कंपनियों को सीधे समूह कार्यालय में रिपोर्ट करना और सहायक कंपनियों को टाटा समूह ब्रांड के निर्माण में अपने मुनाफे का योगदान करने की आवश्यकता शामिल थी। रतन टाटा ने नवाचार को प्राथमिकता दी और युवा प्रतिभाओं को कई जिम्मेदारियाँ सौंपी। इस मौके पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण सहित अनेक प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## हस्तशिल्प उत्सव में भारतीय और उज्बेकिस्तान की कलाओं का भी हो रहा दीदार

**झज्जर।** बहादुरगढ़ में चल राष्ट्रीय हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक उत्सव हस्तशिल्प और दूसरी कलाओं के प्रेमियों के लिए खास अवसर बना हुआ है। यहाँ आने वालों को बड़े शिल्पियों से मिलने और उसकी कृतियाँ देखने और खरीदने का अवसर मिल रहा है। इतना ही नहीं, मेले में आए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी मेले में आने वाले कला प्रेमियों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। रविवार को छुट्टी के दिन लोगों की बहुत भीड़ रही। शाम को लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

राजस्थान के जयपुर से पधारे नेशनल अवार्डी चित्रकार हनुमान सैनी अपने स्टाल में ही छात्र छात्राओं को मिनिएचर पेंटिंग सिखा रहे हैं। रविवार को भी काफी विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। कितने ही बच्चे इनसे सीख कर इस कला में पारंगत हो चुके हैं। हनुमान सैनी की सहृदयता देखिए, इन बच्चों के फोन आने पर ये उन्हें ऑन लाइन मार्गदर्शन भी दे देते हैं। वह लगातार कई वर्ष से इस मेले में आ रहे हैं। सैंकड़ों छात्र छात्राओं को इस कला में प्रवीण बना चुके हैं, इन बच्चों व इस कला के प्रेमियों को सैनी के आने की खूब इन्तजार रहती है। बहादुरगढ़ में यह सांस्कृतिक उत्सव 30 अक्टूबर तक चलेगा। उत्सव 30 अक्टूबर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ समाप्त होगा। नाबार्ड के सहयोग से प्राचीन हस्तशिल्प कारीगर एसोसिएशन बहादुरगढ़ व रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस 10 दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से आए शिल्पकार व बुनकर आदि भाग ले रहे हैं। तमिलनाडु से दक्षिण भारतीय साड़ियां, असम का कपड़ा व शिल्प कला, गुजरात का हाथ से बना हुआ कपड़ा, जम्मू कश्मीर व हिमाचल का शॉल, उत्तराखंड का कपड़ा, पंजाब की जूती व फुलकारी सूट, बंगाल की ज्वेलरी, बंगाल का कपड़ा व जूट शिल्प कला, राजस्थान के सांगानेरी प्रिंट व शानदार मिनिएचर पेंटिंग, आदिवासी क्षेत्र से गोंड पेंटिंग, बनारसी साड़ी, लाख की चूड़ियां, उत्तर प्रदेश की पीतल की मूर्तियां, हरियाणा के रेवाड़ी में बने पीतल के बर्तन और हरियाणा व राजस्थान की लकड़ी पर नक्काशी लोगों को खूब लुभा रही है। महिलाओं के विभिन्न समूहों द्वारा शिल्पकला से बनाई हुई वस्तुएं , दिवाली के अवसर पर मिट्टी के दिये, गणेश लक्ष्मी की प्रतिमाएं व सजावटी सामान भी बिक रहा है। भारतीय किसानों के द्वारा तैयार ऑर्गेनिक उत्पादों को नाबार्ड के इस मेले में खासतौर पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

## एक नजर

### नटवर साहित्य परिषद ने मासिक कवि गोष्ठी में किया डॉ. महेन्द्र मधुकर का सम्मान



**मुजफ्फरपुर।** नटवर साहित्य परिषद द्वारा रविवार को शहर के छोटी सरैयागंज स्थित श्री नवयुवक समिति के सभागार में मासिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, पटना की ओर से साहित्य मनीषी व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेन्द्र मधुकर को 'विधा वाचस्पति' सम्मान से सम्मानित किए जाने पर परिषद ने उनका अभिनन्दन किया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेन्द्र मधुकर ने की, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ कवि-गीतकार डॉ. विजय शंकर मिश्र ने किया और धन्यवाद ज्ञापन परिषद के संयोजक डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी ने किया। गोष्ठी की शुरूआत आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री की एक गीत से हुई। डॉ. महेन्द्र मधुकर ने अपने संबोधन में हिन्दी भाषा को लोकतंत्र की भाषा बताते हुए कहा, "हम हिन्दी के लेखक हैं तो हमारा दायित्व भी बड़ा है। यह भाषा सिद्धों और संतों के संघर्षों से आज यहां तक पहुंची है। डॉ. विजय शंकर मिश्र ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, "दीप की पहचान रात भर जलने में...," और शायर डॉ. नर्मदेश्वर मुजफ्फरपुरी ने अपनी गजल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया - "भूखे से भगवान की बातें, रहने दो ये ज्ञान की बातें। पहले हाथ में रोटी तो रख, फिर करना ईमान की बातें। इस अवसर पर अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से गोष्ठी में चार चांद लगाए। इनमें डॉ. सिबगततुल्लाह हमीदी, डॉ. जगदीश शर्मा, रामबृक्ष राम चकपुरी, डॉ. देवव्रत अकेला, सविता राज, महफूज आरिफ, उमेश राज, मोहन कुमार सिंह, नरेन्द्र मिश्र, अरुण कुमार तुलसी, ओम प्रकाश गुप्ता, सत्येन्द्र कुमार सत्येन आदि शामिल रहे। सभी कवियों की रचनाएं श्रोताओं के दिलों में गूंज उठीं। इस अवसर पर अंजनी कुमार पाठक, उषा किरण, डॉ. रमेश कुमार केजरीवाल, प्रमोद नारायण मिश्र, सिद्धि मोहन, रिद्धि मोहन, नन्द किशोर पोद्दार आदि की रचनाओं को भी विशेष सराहना मिली।

### 15 की उम्र में कर दी बड़ी गलती, मिलन से पहले ही हो गया डंडे का शिकार



**नवादा,संवाददाता।** बिहार के नवादा जिले के कादिरगंज बाजार में एक 15 वर्षीय किशोर की प्रेम प्रसंग में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में एक अन्य युवक घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान नीरज कुमार के रूप में हुई है, जो कादिरगंज बाजार के निवासी नीतीश कुमार का भांजा था। घायल युवक का नाम सन्नी कुमार है, जो कादिरगंज चौधरी टोला निवासी राजो चौधरी का पुत्र है। घटना के संबंध में मृतक के मामा नीतीश कुमार ने बताया कि नीरज एक लड़की से मिलने गया था, तभी कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नीतीश कुमार ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मृतक की मामा ने बताया कि नीरज शाम 5:30 बजे घर से निकला था। रात 10:30 बजे पाचंबा गांव से फोन आया कि दो लड़कों को छेड़खानी करते हुए पकड़ा गया है। इसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव को सौंप दिया। उन्होंने आगे बताया कि जब मेरा भांजा जख्मी था तो एक लड़की के द्वारा लगातार फोन करके उसकी हाल समाचार पूछा जा रहा था, तब हम लोगों को पता चला की प्रेम प्रसंग में ही मेरा भांजा के साथ मारपीट किया गया है। मृतक की मां ने बताया कि और दर्द के कारण ही थोड़ी देर में ही मेरा भांजा ने दम तोड़ दिया। डीएसपी अनोज कुमार ने बताया कि जिस युवक की पिटाई की गई है उनके परिवार के आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर दी गई आगे की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रेम प्रसंग में युवक की पिटाई की गई जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हुई है। जिस लाठी से पिटाई किया गया था वह लाठी को भी बरामद की गई है। आगे की जांच की जा रही है।

### चक्रवात दाना के कारण पांडवेश्वर के कुमारडीही में भारी बारिश से कुआं ढहा, गाँव में भय का माहौल



**पांडवेश्वर।** चक्रवात दाना के प्रभाव से राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हो रही है, जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। पांडवेश्वर विधानसभा क्षेत्र के कुमारडीही गांव के बराथन पाड़ा में भारी बारिश के कारण धसान से एक कुआं पूरी तरह ढह गया, जिससे गाँव में भय का माहौल है। रविवार सुबह से पांडवेश्वर के कुमारडीही क्षेत्र में मूसलाधार बारिश जारी है। बारिश के कारण कुआं धरती में धंस गया, जो गाँव के एक घर के पिछवाड़े में स्थित था। घर के मालिक अभिजीत रॉय चौधरी ने बताया कि कुएं के पानी का पाइप जाम हो गया था, और जब मिस्त्री ने समस्या का निरीक्षण किया तो पाया कि जूट में फंसने के कारण यह समस्या हो रही है। हालांकि, कुआं ढहने की इस तरह की घटना उन्होंने अपने जीवन में पहली बार देखी है। कोयलांचल क्षेत्रों में धसान की घटनाएँ नई नहीं हैं, लेकिन गाँव के निवासियों के लिए यह पहली बार था जब किसी घर के पास स्थित कुआं ही धंस गया। ग्रामीणों का कहना है कि कुमारडीही गांव में इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई थी, जिससे लोग चिंतित और भयभीत हैं। गाँव में इस धसान के पीछे भूमिगत खदान क्षेत्र में कोयले के खनन को संभावित कारण माना जा रहा है। अब सभी की नजरें इस पर टिकी हैं कि स्थानीय प्रशासन और विशेषज्ञ इस समस्या का समाधान कैसे निकालते हैं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने उत्तराखंड के 'लेखक गांव' में हिंदी साहित्य में योगदान के लिए डॉ सत्यवान सौरभ को किया सम्मानित

**हिसार/देहरादून।** 25 से 27 अक्टूबर 2024 को स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में देहरादून के थानो में स्थित लेखक गाँव में अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य और संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया किया। इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। इस दौरान सिवानी के गाँव बड़वा में जन्मे और वर्तमान में हिसार में रह रहे युवा कवि और साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ ने मुख्य वक्ता के तौर पर शोध विषयों में भाग लिया। यही नहीं इस दौरान उनको भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक के द्वारा डॉ सत्यवान सौरभ को हिंदी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित "स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024" भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले "लेखक गाँव" का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं।

देवभूमि उत्तराखण्ड का यह "लेखक गाँव" प्रदेश की अद्भुत रचनात्मकता और सृजनशीलता का प्रतीक है। यहाँ का शांत और सुरम्य वातावरण लेखकों को सर्जन के लिए एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। चिंतन, मनन और स्वयं की खोज में "लेखक गाँव" जैसे स्थानों की महत्ता है। लेखक गाँव के "स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024" ने साहित्यिक और सांस्कृतिक जागरूकता का नया अध्याय लिखा है। यह आयोजन न केवल उत्तराखण्ड की धरती पर रचनात्मकता का संचार लाया है बल्कि साहित्य, संस्कृति और कला के माध्यम से भारतीय धरोहर को संजोए रखने में सहायक सिद्ध होगा।



### जामुड़िया में तृणमूल कांग्रेस का विजया सम्मेलन, ममता बनर्जी के नेतृत्व में विश्वास की अपील: हरेराम सिंह



**जामुड़िया।** जामुड़िया ब्लॉक एक के तृणमूल कांग्रेस की ओर से रविवार को नजरूल सप्तवार्षिकी भवन में भव्य विजया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख अतिथियों में आइएनटीटीयुसी जिला अध्यक्ष रितोव्रतो बनर्जी, जिला सभाधिपति विश्वनाथ बाउरी,विधायक अभिजीत घटक, हरेराम सिंह, सुब्रतो अधिकारी, शेख शानदार, प्रेमपाल सिंह, राखी कर्मकार, सिद्धार्थ राणा,प्रभात बनर्जी, लतीफा काजी,मिरदुल चक्रवर्ती, प्रदीप मुखर्जी, मोहन धीवर, अभिनव मुखर्जी सिन्टू भुइयां शामिल थे।

कार्यक्रम में विधायक हरेराम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं को एकजुट करना है। उन्होंने कहा जामुड़िया की जनता ने हमें 44 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए जीत दिलाई है। हमें उम्मीदों पर खरा उतरना है और सबको एक परिवार के रूप में एक साथ रहना है। इस अवसर पर जामुड़िया बोरो एक के वार्ड संख्या नौ से माकपा और भाजपा छोड़कर 50 परिवारों ने तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। विधायक हरेराम सिंह ने यह भी कहा कि यह एक गैर-राजनीतिक मंच है, लेकिन यहां भी राज्य की राजनीति की बातें जरूर सामने आती हैं। उन्होंने ममता बनर्जी का समर्थन करते हुए कहा जब तक राज्य की बागडोर ममता बनर्जी के हाथों में है,हर व्यक्ति सुरक्षित महसूस करता है।

आरजी कर अस्पताल की घटना का जिक्र करते हुए विधायक सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की बात कही थी, लेकिन सीबीआई अभी तक कोई नतीजा नहीं निकाल पाई है। उन्होंने उपस्थित लोगों से ममता बनर्जी के नेतृत्व में विश्वास बनाए रखने की अपील की और सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ एकजुट होकर राज्य की शांति को बनाए रखने पर जोर दिया।

### जय बालाजी इंडस्ट्री में करंट लगने से दो मजदूरों की मौत, मुआवजे की मांग पर परिजनों और श्रमिकों का प्रदर्शन



**रानीगंज।** रानीगंज के मंगलपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित जय बालाजी इंडस्ट्री लिमिटेड में शनिवार रात करीब डेढ़ बजे करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में 50 वर्षीय राकेश सिंह, निवासी सहारन, बिहार, और 20 वर्षीय देवज्योति सरकार,निवासी मेजिया ब्लॉक, बांकुड़ा,देवज्योति सरकार ठेका कर्मचारी थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भारी बारिश के बाद यूनिट नंबर तीन में पाइप हटाने के दौरान देवज्योति करंट की चपेट में आ गए। उन्हें बचाने की कोशिश में वरिष्ठ सुपरवाइजर राकेश सिंह भी करंट से प्रभावित हो गए। दोनों को तुरंत चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों और कार्यकताओं ने फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन किया। तृणमूल श्रमिक संगठन के नेता भी मौके पर पहुंचे और कारखाने अधिकारियों से मुआवजे की मांग की। कारखाने प्रबंधन ने परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा और अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रुपये देने की घोषणा की, साथ ही ठेका कंपनी के बीमा योजना के तहत अतिरिक्त सहायता का वादा किया।

कारखाने के सीईओ किशन बालाजी ने घटना पर शोक व्यक्त किया और कहा कि बारिश के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि देवज्योति अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे, इसलिए नौकरी की मांग नहीं की गई है।

पार्षद रणजीत सिंह ने कारखाने प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि बारिश के दौरान रात में लोडिंग-अनलोडिंग का काम करवाना असुरक्षित था। उन्होंने ठेका श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए 20 लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी, जिसमें से 10 लाख रुपये मुआवजे और ढाई लाख रुपये बीमा के तहत देने पर सहमति बनी।

## नसबंदी के 45 महीने बाद गर्भवती हुई महिला

□अब बिहार स्वास्थ्य विभाग से मांग रही मुआवजा



**पटना/सीतामढ़ी,संवाददाता।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के डुमरा प्रखंड क्षेत्र की एक महिला बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद भी गर्भवती हो गई है। यह सुनने में भले ही कुछ अटपटा लगे और एक पल के लिए यकीन न हो, पर मामला सच है। मामले का खुलासा महिला के बंध्याकरण का ऑपरेशन कराने वाली एएनएम ने किया है। परिवार के बढ़ते बोझ और बच्चों की परवरिश में आर्थिक बोझ से पूर्व से परेशान चल रही पीड़िता अब इस नई समस्या से चिंतित है। एएनएम ने मामले से डुमरा के पीएचसी प्रभारी को अवगत करा पीड़िता को सहयोग करने का आग्रह किया है।

प्रभावित महिला डुमरा प्रखंड की मिजार्पुर विशनपुर पंचायत के बनचौरी गांव की है। पीड़िता मीना देवी, नंदकिशोर राय की पत्नी है। उसे पूर्व से कई बच्चे है। पीड़िता को लगा कि महंगाई और अन्य समस्या के चलते बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और परवरिश कठिन है। परिवार का संचालन बेहतर तरीका से कर सके, इस सोच के बाद उसने डुमरा सीएचसी में 30 जनवरी 21 को बंध्याकरण का ऑपरेशन कराई थी। बताया है कि वह बंध्याकरण के बावजूद गर्भवती हो गई है। पीड़िता मीना देवी को चक्कर आने पर शंका हुई कि वह फिर गर्भवती हो गई है। तब उसने इसकी जांच कराई, तो गर्भवती होने की पुष्टि हुई। फिर मानो उसके पैरों तले की जमीं खिसक गई। वह चिंता में पड़ गई। पूरे परिवार के लोग इस बात को लेकर स्वास्थ्य विभाग को कोसने लगे। तब वह एएनएम से मिली और इसकी जानकारी दी। एएनएम ने डुमरा पीएचसी प्रभारी को लिखित तौर पर पीड़िता की समस्या से अवगत कराया है। बहरहाल, मामले में बंध्याकरण का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर की लापरवाही उजागर हुई है। मामले में पीड़िता बतौर मुआवजा 30 हजार रुपये मिलेगा। डुमरा पीएचसी के प्रभारी डॉ अक्षय कुमार ने बताया कि बंध्याकरण के ऑपरेशन के दौरान दो ट्यूब को बांध दिया जाता है। इस केस से लगता है कि एक ही ट्यूब बांधा गया होगा, जिससे पीड़िता के समक्ष ये समस्या उत्पन्न हुई है। इस मामले से वरीय पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

### रानीगंज में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशासन व मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित



**रानीगंज।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की रानीगंज शाखा ने अपने कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें संगठन से जुड़े सदस्यों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर रानीगंज शाखा के अध्यक्ष डॉ.चैताली बसु, सचिव पियाली दासगुप्ता,डॉ.एस.के.बसु, डॉ.सुभेंदु माझी,डॉ.पी.आर घोष सहित कई वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आईएमए ने रानीगंज थाना प्रभारी विकास दत्ता,बल्लभपुर फांड़ी प्रभारी सौमेन बैनर्जी,नीमचा फांड़ी प्रभारी मलय दास और पंजाबी मोड़ फांड़ी प्रभारी रविंद्रनाथ दोलुई को सम्मानित किया। उन्हें फूलों के गुलदस्ते और उत्तरीय देकर उनका अभिनंदन किया गया। इसके अलावा,कुछ मीडिया कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। यह आयोजन आरजी कर अस्पताल की घटना के संदर्भ में हुआ, जिसमें आईएमए रानीगंज शाखा ने लगातार आंदोलन किया था। इस आंदोलन में प्रशासन और मीडिया का सहयोग मिला, जिसके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## विश्व भारती जन सेवा संस्थान की कार्यशाला सम्पन्न

### पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तराखंड के कार्यकर्ता हुए शामिल

सहारा पीड़ितों के भुगतान के लिए देश भर मे संघर्षरत स्वयंसेवी संस्था विश्व भारती जनसेवा संस्थान के प्रधान कार्यालय निरसा मे दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया ,जिसमे पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तराखंड से सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा ,राष्ट्रीय महासचिव नागेंद्र कुशवाहा और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमरेश चक्रवर्ती राष्ट्रीय संयुक्त सचिव संतोष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, स्वागत भाषण मे राष्ट्रीय अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा ने बताया कि कैसे हम लोगों ने संस्था की नींव रखी ,और विगत चार वर्षों मे सहारा पीड़ितों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ रही है और माननीय सर्वोच्च न्यायालय मे निवेशकों के भुगतान के लिए याचिका लगाई ,अब देश के तेरह करोड़ लोगों को न्याय मिलेगा, संस्थान के प्रत्येक सदस्य की जिम्मेदारी तय की गई ।

संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि विश्व भारती जनसेवा संस्थान बहुत कम समय मे भारत मे लोकप्रिय हो गई है जिसके प्रमुख कारण सहारा निवेशकों के भुगतान की लड़ाई है उन्होने बताया कि अभी तक देश मे किसी संस्थान ने निवेशकों के हित के लिए सुप्रीम कोर्ट नही गई, संस्थान ने तीस हजार सदस्यों के द्वारा याचिका दायर की गई, और हमलोग प्रयासरत हैं जब तक भुगतान नही होगी तब तक हमलोग संघर्षरत हैं संस्था के द्वारा शोषित,आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा,स्वरोजगार, खेलकूद मे भी विस्तार करने जा रही है जिसके लिए संस्थान की राष्ट्रीय कमेटी मे तीस सदस्यों को नियुक्ती पत्र दिया गया और उन्हे जिम्मेदारी दी गई, जिससे संस्था का विकास हो । संस्थान के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमरेश चक्रवर्ती के द्वारा संस्था का लेखा जोखा पेश किया गया और भविष्य मे संस्था के द्वारा किए जाने वाले योजनाएं की जानकारी दी गई।




ईस कार्यक्रम मे पश्चिम बंगाल से संजीत मोदी, समीर चंद्र, झारखंड से प्रवीण श्रीवास्तव, संतोष कुमार, विजय सिहं, बिहार से अनिल सिंह, सांचा कुमार, सरफराज खान, मणिभुषण, राजीव रंजन राजा, श्रीकांत सिहं, वाल्मीकी मेहता, उत्तराखंड से सुनील कुमार, उत्तर प्रदेश से दुख हरण शुक्ला, राम मनोहर कुशवाहा, दिल्ली से नौशाद अली, महाराष्ट्र से जितेंद्र आंकड़े, सुनील हेमने, उड़ीसा से चित्रसेन स्वाईं, प्रमोद कुमार पांडा सहित कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे अशोक राम, मृत्युंजय कुमार, दीपेश सिहं,प्रदीप रवानी, पप्पू रंजीत सिंह की सराहनीय भुमिका रही। मंच का संचालन राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय संयुक्त सचिव अशोक कुमार राम ओर संयुक्त कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने किया।

# पीएमआई और वाहन बिक्री आंकड़ों से तय होगी बाजार की चाल

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार जारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब ढाई प्रतिशत की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह विनिर्माण पीएमआई, वाहन बिक्री आंकड़े और कंपनियों के तिमाही परिणाम से तय होगी।



बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1822.46 अंक अर्थात 2.24 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर करीब नौ सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 79402. 29 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 673.25 अंक यानी 2.7 प्रतिशत लुढ़ककर 24180.80 अंक रह गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक गिरावट रही। इस दौरान मिडकैप 2493.5 अंक अर्थात 5.2 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 45452.83 अंक और स्मॉलकैप 4164.39 अंक यानी 7.4 प्रतिशत कमजोर होकर 52335.66 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, बाजार के लिए एक बीता सप्ताह कठिन रहा। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव और एफआईआई की ओर से अचानक की गई प्रतिक्रिया से निवेशकों का मनोभाव थोड़ा निराशाजनक हो गया, जिससे निवेश धारणा प्रभावित हुई। मुख्य सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स में क्रमशः 2.7 प्रतिशत और 2.24 प्रतिशत की गिरावट आई वहीं मंदड़ियों ने मिडकैप और स्मॉलकैप को तहस-नहस कर दिया और इनमें क्रमशः 5.2 प्रतिशत और 7.4 प्रतिशत की गिरावट आई। हाल के उच्च स्तर से मुख्य सूचकांक करीब आठ प्रतिशत तक गिर गए हैं। एफआईआई की लगातार जारी बिकवाली और घरेलू बाजार में ट्रिगर्स की कमी से बाजार में निकट अवधि की धारणा प्रभावित हो सकती है।

साथ ही कंपनियों के वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तमाही के नतीजे कमजोर मांग और मार्जिन दबाव के कारण प्रभावित हुए, जिससे एफएमसीजी, धातु, ऑटो और रियल्टी समूह के शेयर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए जबकि आईटी अपेक्षाकृत स्थिर रहा तथा बीएफएसआई खर्च में वृद्धि तथा अमेरिकी खर्च में अनुकूल संभावना की उम्मीद में समग्र घाटे में इसका योगदान कम रहा। उम्मीद है कि समेकन अल्पावधि में जारी रहेगा। प्रवृत्ति में बदलाव एफआईआई की बिक्री तीव्रता में मंदी और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम पर निर्भर करेगा।

मूल्यांकन में नरमी, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में आय में वृद्धि तथा 2025 में आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से बाजार को समर्थन मिलेगा। अगले सप्ताह बाजार की नजर उपभोग, एफएमसीजी, बुनियादी ढांचा, नई पीढ़ी की कंपनियां, विनिर्माण और रसायन क्षेत्र की कंपनियों पर रहेगी।

बीते सप्ताह बाजार पांच दिन गिरावट पर रहे। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में सोमवार को सेंसेक्स 73.48 अंक टूटकर 81,151.27 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.95 अंक उतरकर 24,781.10 अंक पर आ गया। इसी तरह अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले फेड रिजर्व के ब्याज दर में बड़ी कटौती के संभावना से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई भारी मुनाफावसूली से मंगलवार को सेंसेक्स 930.55 अंक की भारी गिरावट के साथ 80,220.72 अंक और निफ्टी 309.00 अंक का गोता लगाकर 24,472.10 अंक पर बंद हुआ।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और पावर समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 138.74 अंक टूटकर 80,081.98 अंक और निफ्टी 36.60 अंक उतरकर 24,435.50 अंक पर आ गया।

वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, दूरसंचार, आईटी, रियल्टी और टेक समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 16.82 अंक फिसलकर 80,065.16 अंक और निफ्टी 36.10 अंक उतरकर 24,399.40 अंक पर आ गया। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम के साथ ही एफआईआई की लगातार जारी बिकवाली से उन्नीस समूहों के लुढ़कने से शुक्रवार को सेंसेक्स 662.87 अंक का गोता लगाकर 79,402.29 अंक और निफ्टी 218.60 अंक की गिरावट लेकर 24,180.80 अंक पर बंद हुआ।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण 2.09 लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 2,09,952.26 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं।



पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.46 अंक या 2.24 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 44,195.81 करोड़ रुपये घटकर 5,93,870.94 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 41,994.54 करोड़ रुपये घटकर 17,96,726.60 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 35,117.72 करोड़ रुपये घटकर 6,96,655.84 करोड़ रुपये पर आ गया, जबकि भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 24,108.72 करोड़ रुपये घटकर 9,47,598.89 करोड़ रुपये रह गई।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 23,137.67 करोड़ रुपये घटकर 14,68,183.73 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 19,797.24 करोड़ रुपये घटकर 5,71,621.67 करोड़ रुपये पर आ गया, जबकि इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,629.49 करोड़ रुपये घटकर 7,69,496.61 करोड़ रुपये रह गया।

आईटीसी की बाजार हैसियत 5,690.96 करोड़ रुपये घटकर 6,02,991.33 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक की 5,280.11 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 8,84,911.27 करोड़ रुपये पर आ गई।

इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 46,891.13 करोड़ रुपये बढ़कर 13,29,739.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

## मैक्रोटेक डेवलपर्स मार्च तक 10,000 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजनाएं शुरू करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में लगभग 80 लाख वर्ग फुट की आवासीय परियोजनाएं शुरू करेगी, जिनका अनुमानित बिक्री मूल्य 10,000 करोड़ रुपये है।



मुंबई की कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचता है।

मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अपने ताजा निवेशक प्रस्तुतीकरण में कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान 36 लाख वर्ग फुट क्षेत्र की परियोजनाएं पेश की हैं, जिनकी अनुमानित बिक्री बुकिंग क्षमता 6,130 करोड़ रुपये है।

कंपनी ने अपनी विस्तार योजनाओं के तहत चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 79 लाख वर्ग फुट क्षेत्र की पेशकश करने का लक्ष्य तय किया है।

मैक्रोटेक डेवलपर्स ने बेहतर आवास मांग के कारण जुलाई-सितंबर के दौरान बिक्री बुकिंग 21 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 4,290 करोड़ रुपये रही।

कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारही (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने कहा, 'हमने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में किसी भी तिमाही के मुकाबले सर्वश्रेष्ठ बिक्री बुकिंग हासिल की, जबकि यह तिमाही आमतौर पर मानसून और श्राद्ध के चलते कमजोर रहती है।'

## भारत अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगा: सीतारमण

**वाशिंगटन, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 और जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुये कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा।



श्रीमती सीतारमण ने आज यहां विश्व बैंक और अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोर्ष (आईएमएफ) के अवसर पर अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत और अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, बेहतर सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है।

उन्होंने विकास के लिए दीर्घकालिक और किफायती वित्तपोषण तक पहुंच बढ़ाने का आग्रह किया, जिसमें संरचनात्मक सुधारों और नीतिगत उपायों द्वारा घरेलू संसाधन जुटाने को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक वित्तीय लचीलापन बनाने के लिए विदेशी निवेश को आकर्षित करना चाहिए।

वित्त मंत्री ने विशेष रूप से बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमबीडी) की बढ़ी हुई ऋण देने की क्षमता के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से समर्थन बढ़ाने पर जोर दिया, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# भारत में 4जी, 5जी सेवाओं में अब भी काफी अवसर : एरिक्सन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वीडन की दूरसंचार उपकरण विनिमार्ता कंपनी एरिक्सन को उम्मीद है कि भारत में अंतिम उपयोगकर्ता तक डेटा खपत बढ़ने से उसकी वृद्धि का अगला चरण नेटवर्क 'सघनीकरण' (नेटवर्क डेंसिफिकेशन) से आगे बढ़ेगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।




एरिक्सन के भारत में प्रबंध निदेशक और दक्षिण-पूर्व एशिया, ओसियाना और भारतीय बाजार क्षेत्र के लिए नेटवर्क प्रमुख नितिन बंसल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारत में फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस में वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावना है, और तैनाती की संख्या के मामले में यह जल्द ही अमेरिका के आंकड़े को पार कर जाएगी।

बंसल ने कहा, 'वृद्धि का अगला चरण मुख्य रूप से नेटवर्क उपयोग को बढ़ाने के लिए नेटवर्क सघनीकरण के माध्यम से बढ़ती 'ट्रैफिक' जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित है। नेटवर्क का इस्तेमाल बढ़ने से नेटवर्क सघन होता है।'

नेटवर्क सघनीकरण नेटवर्क में 'नोड्स' का घनत्व बढ़ाने की प्रक्रिया है, जिससे क्षमता, कवरेज सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होता है।

एरिक्सन का अनुमान है कि भारत में डेटा ट्रैफिक 2029 तक प्रति स्मार्टफोन उपयोगकर्ता प्रतिमाह 29 जीबी से बढ़कर 68 जीबी तक पहुंच जाएगा।

बंसल ने कहा, 'यदि यह रुख जारी रहता है, तो सेवाप्रदाता उपयोगकताओं के अनुभव को बढ़ाने के लिए नेटवर्क को सघन करेंगे।'

भारत में 2022 की दूसरी छमाही और 2023 की शुरूआत में 5जी की तेजी से शुरूआत की वजह से एरिक्सन और अन्य दूरसंचार उपकरण विनिमार्ताओं के कारोबार में काफी तेजी आई थी। हालांकि, अब उनके कारोबार की रफ्तार धीमी हुई है।

एरिक्सन ने दक्षिण-पूर्व एशिया, ओसियाना और भारतीय क्षेत्र में सितंबर, 2024 की तीसरी तिमाही के लिए कारोबार में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। बंसल ने कहा, 'भले ही 5जी की मांग कम हो गई हो, लेकिन 4जी और 5जी सेवाओं में अब भी अवसर हैं, खासकर जब कंपनी बाजार में अपने आक्रामक दृष्टिकोण का विस्तार करना चाहती है।'

बंसल ने कहा कि डेटा की खपत 29 जीबी प्रति स्मार्टफोन से बढ़कर 2029 तक 68 जीबी होने की उम्मीद है। ऐसे में नेटवर्क में क्षमता वृद्धि की जरूरत होगी।

हाल ही में, वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने भारत में 17 सर्किल में 4जी और 5जी क्षमता के निर्माण के लिए 30,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय कार्यक्रम की घोषणा की है। उसने इस अनुबंध के लिए एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग का चयन किया है।

# विदेशी बाजारों में तेजी, त्योहारी मांग से बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहनों में सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में तेजी और देश में त्योहारी मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। इस तेजी के कारण सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार देखने को मिला।



बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चे पामतेल (सीपीओ) का भाव 1,200 डॉलर प्रति टन हो गया जो उसके पिछले सप्ताह 1,135-1,140 डॉलर प्रति टन था। इसी तरह सोयाबीन तेल का दाम 1,140-1,045 डॉलर प्रति टन से बढ़कर समीक्षाधीन सप्ताह में 1,242-1,247 डॉलर प्रति टन हो गया। इसके अलावा त्योहारी मांग बढ़ने से सभी तेल-तिलहनों में सुधार दर्ज हुआ।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को सूरजमुखी तेल की ही तरह आयात होने वाले सोयाबीन तेल, सीपीओ और पामोलीन तेल के लिए भी बाजार भाव के हिसाब से आयात शुल्क मूल्य (टैरिफ) निर्धारण की व्यवस्था कर देनी चाहिये, क्योंकि आयात शुल्क में वृद्धि के बाद सूरजमुखी और बाकी तेल के आयात शुल्क मूल्य निर्धारण के अलग-अलग मानदंड अपनाने की वजह से अब इन्हीं खाद्य तेलों के आयात भाव का अंतर काफी बढ़ जाता है, जिससे सूरजमुखी महंगा बैठता है। इससे इसका आयात प्रभावित हो सकता है। सूरजमुखी तेल का आयात प्रभावित होने से बाकी खाद्य तेलों के कीमतें भी प्रभावित होंगी।

सूत्रों ने कहा कि देश में आयातित खाद्य तेलों का आयात शुल्क बढ़ाने के बाद सरसों तेल के दाम में 10 रुपये प्रति लीटर दाम बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर मूंगफली जैसे महंगे खाद्य तेल के थोक दाम कम हुए हैं। राजस्थान में तो मूंगफली तेल, आयातित तेलों के अलावा सरसों तेल से भी नीचे थोक दाम पर बिक रहा है।

उन्होंने कहा कि आयात शुल्क में वृद्धि करने का सरकार का फैसला देश के तेल-तिलहन उद्योग के अनुकूल साबित हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि जो सरसों मिलें चल नहीं रही थीं, वे मिलें चल पड़ी हैं।

सूत्रों ने कहा कि मिलावटी बिनौला खल की वजह से साल दर साल कपास खेती का रकबा घट रहा है जो पिछले साल के 126.12 लाख हेक्टेयर से घटकर इस बार 112.43 लाख हेक्टेयर रह गया है। इस ओर ध्यान देने और मिलावटी खल के कारोबार पर सख्ती बरतने की जरुरत है।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपये के सुधार के साथ 6,475-6,525 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 400 रुपये की तेजी के साथ 13,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 45 रुपये और 55 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 2,160-2,260 रुपये और 2,160-2,285 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 115 रुपये और 110 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,760-4,810 रुपये और 4,460-4,695 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 550 रुपये, 500 रुपये और 450 रुपये बढ़कर क्रमशः 13,650 रुपये, 13,150 रुपये और 10,050 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 50 रुपये की सुधार के साथ 6,350-6,625 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 300 रुपये की तेजी के साथ 15,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 20 रुपये की तेजी के साथ 2,270-2,570 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 400 रुपये की तेजी के साथ 12,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 475 रुपये की तेजी के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 475 रुपये की तेजी के साथ 12,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

तेजी के आम रुख के अनुरूप, समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 400 रुपये की तेजी के साथ 12,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## एक नजर

### एसबीआई को 'ग्लोबल फाइनेंस' से सर्वश्रेष्ठ भारतीय बैंक का पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 2024 के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक घोषित किया है। वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के इतर आयोजित अपने 31वें वार्षिक सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कार समारोह में ग्लोबल फाइनेंस ने 2024 के लिए एसबीआई को भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में मान्यता दी। बैंक ने एक बयान में कहा कि एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। बैंक को यह पुरस्कार असाधारण सेवाएं प्रदान करने और अपने ग्राहकों का विश्वास जीतकर देशभर में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए मिला है। दशकों से ग्लोबल फाइनेंस के सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कारों ने दुनिया के वित्तीय संस्थानों के मूल्यांकन के लिए विश्वसनीय मानक स्थापित किए हैं। इससे वे कॉरपोरेट निर्णय लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण बन गए हैं, खासकर जब वैश्विक अर्थव्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है।

### हयात का अगले पांच-छह साल में भारत में अपने होटल की संख्या 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक आतिथ्य क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हयात होटल्स कॉरपोरेशन का अगले पांच से छह साल में भारत में अपने होटल की संख्या को दोगुना कर 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कंपनी का इरादा अपने शीर्ष वैश्विक वृद्धि के बाजारों में से एक भारत में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने का है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हयात होटल्स कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक (भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया) संजय शर्मा ने ईमेल के जरिये दिए गए साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी हयात के पोर्टफोलियो से अतिरिक्त वैश्विक ब्रांड को भारत में पेश करने के अवसरों की भी सक्रियता से तलाश कर रही है। उन्होंने कहा, 'हम भारत में अपनी विस्तार योजनाओं को लेकर उत्साहित हैं। अपनी मजबूत पाइपलाइन और रणनीतिक विकास पहल के साथ हमें भरोसा है कि हम अगले 5-6 साल में 100 होटल का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।' शर्मा ने कहा, 'यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य भारत में फलते-फूलते यात्रा और आतिथ्य उद्योग, उच्च गुणवत्ता वाले आतिथ्य की बढ़ती मांग और यात्रियों के साथ हमारे ब्रांड के मजबूत संबंध से प्रेरित है।' वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि कंपनी अगले पांच साल में भारत में कितनी संपत्तियां और कमरे खोलने की योजना बना रही है। वर्तमान में हयात होटल्स के पास दक्षिण-पश्चिम एशिया में नौ अलग-अलग ब्रांड में 52 होटल हैं (भारत में 50 और नेपाल में दो)। भारत में अन्य वैश्विक ब्रांड लाने की कंपनी की योजनाओं पर उन्होंने कहा, 'हम हयात के पोर्टफोलियो से अतिरिक्त वैश्विक ब्रांड को भारत में पेश करने के अवसरों की सक्रिय रूप से तलाश कर रहे हैं।' हाल ही में, हयात ने ग्रैंड हयात मुंबई में 'ग्रैंड शोरूम' पेश किया है। शर्मा ने कहा कि यह भारत में कंपनी की व्यावसायिक उपस्थिति को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पीरामल फार्मा चालू वित्त वर्ष में 8.5 करोड़ डॉलर का पूंजीगत व्यय करेगी: चेयरपर्सन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीरामल फार्मा चालू वित्त वर्ष में क्षमता विस्तार, रखरखाव और सीडीएमओ साइट को बाधा-मुक्त करने सहित विभिन्न पहल पर लगभग 8.5 करोड़ डॉलर का पूंजीगत व्यय कर रही है। कंपनी की चेयरपर्सन नंदिनी पीरामल ने यह बात कही है। मुंबई में मुख्यालय वाली इस कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2029-30 तक अपनी आमदनी को दो अरब डॉलर के पार पहुंचाने का है। कंपनी पहले से चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में लगभग तीन करोड़ डॉलर का निवेश कर चुकी है। पीरामल ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'उम्मीद है कि इस वर्ष पूंजीगत व्यय पिछले वर्ष के समान स्तर पर रहेगा, जो लगभग 8.5 करोड़ डॉलर है।' उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय का एक हिस्सा घरेलू बाजार के लिए नियोजित किया गया है, जबकि इसका कुछ हिस्सा अमेरिकी कारोबार में भी जाएगा। पीरामल ने कहा, 'इसका कुछ हिस्सा (लगभग तीन करोड़ डॉलर) रखरखाव पूंजीगत व्यय है, और बाकी तेलंगाना और दहेज (गुजरात) संयंत्रों में क्षमता विस्तार और कुछ सीडीएमओ साइट की बाधा को दूर करने में खर्च किया जाएगा।' कंपनी का सितंबर तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना से अधिक होकर 23 करोड़ रुपये रहा है। दवा निमार्ता ने दूसरी तिमाही के लिए 2,242 करोड़ रुपये का राजस्व भी दर्ज किया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,911 करोड़ रुपये था।

### चालू त्योहारी सत्र में कुल नौकरियों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई: अपना डॉट कॉम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चालू त्योहारी सत्र में लॉजिस्टिक और परिचालन, ई-कॉमर्स तथा आतिथ्य क्षेत्र में नौकरियों की संख्या में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।ोशेवर नेटवर्किंग मंच अपना डॉट कॉम ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान कुल 2.16 लाख अवसर दर्ज हुए। इस साल का त्योहारी सत्र विशेष रूप से उन व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण था, जो उपभोक्ता खर्च में मंदी के बाद फिर से अपनी जगह बनाना चाहते थे। इसके अतिरिक्त तेजी से सामान पहुंचाने वाले त्वरित कॉमर्स उद्योग के विस्तार ने भी भर्ती में योगदान दिया। इस दौरान लॉजिस्टिक और परिचालन क्षेत्र में अवसर सालाना आधार पर 70 प्रतिशत बढ़ गए। दूसरी ओर खुदरा और ई-कॉमर्स में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि रेस्तरां और आतिथ्य क्षेत्र में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रैपिडो, डेल्हिवरी, ईकार्ट और शिपरॉकेट जैसी कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए 30,000 से अधिक रिक्तियां दर्ज की हैं। अपना डॉट कॉम के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निर्मित पारिख ने कहा कि यह साल हमारे नियोक्ता भागीदारों के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्हें उपभोक्ता मांग में 20-25 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद की है।

### फिल्म और गेम का एमर्सिव अनुभव देता है एसर का सुपर सीरीज टीवी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एंड्रायड 14 पर आधारित देश का पहला और गूगल टीवी की नई तकनीक आधारित एसर सुपरी सीरीज का टीवी मनोरंजन और गेम का बेहतर अनुभव देता है। इंडकल टेक्नोलॉजीज भारत में एसर ब्रांड के टीवी का विपणन करती है और कंपनी ने हाल ही में सुपर सीरीज टेलीविजन बेहतरीन अनुभव के लिए लॉन्च किए। इसी के साथ भारतीय बाजारों में एंड्रॉयड 14 पर आधारित गूगल टीवी लॉन्च करने वाली यह पहली कंपनी बन गयी है। इस टीवी की प्रमुख विशेषताओं में अल्ट्रा-क्यूएलईडी डिस्प्ले शामिल है जो टीवी पर आने वाले सीन को डॉल्बी विजन के साथ एकदम वास्तविक अंदाज में पेश करती है। इसमें एमईएमसी, सुपर ब्राइटनेस, डब्ल्यूसीजी प्लस, एचडीआर 10 प्लस और कई अन्य अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है। सुपर सीरीज के टीवी में पिक्चर टेक्नोलॉजी के मामले में एएलएम और वीआरआर के साथ-साथ एमआईएमसी शामिल किया गया है, जो इसे गेम के दीवानों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है। कंपनी के फ्रेमलेस डिजाइन वाले सुपर सीरीज टीवी में बेहतर साउंड के लिए 80 वॉट के जबर्दस्त प्रो-ट्यून्ड स्पीकर हैं, जिसमें गीगा-बास है। इन्हें यूजर्स को एक बेहतरीन, अभूतपूर्व आवाज का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# सजगता से टालिये अल्जाइमर का असर

मौजूदा स्मार्ट दौर में बड़े पैमाने पर लोग अल्जाइमर या मनोभ्रंश का शिकार हो रहे हैं। मेमोरी से जुड़ी यह एक ऐसी समस्या है जो हमारी सोचने की ताकत, रोजमर्रा के काम करने की क्षमता और दूसरों के साथ हमारे नियंत्रित व्यवहार को प्रभावित करती है। हम सोचने, काम करने जैसी चीजों से एक उम्र के बाद नियंत्रण खोने लगते हैं या पूरी तरह से खो देते हैं। अल्जाइमर बीमारी डिमेंशिया जैसे कई लक्षणों का कारण बनती है। इससे हमारी याद्दाश्त चली जाती है। हम बोलने में कंपकंपाने लगते हैं। भाषा का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते। व्यक्तित्व में स्थिरता नहीं रहती। रोजमर्रा के कामों को भी खुद से करने में मुश्किल होती है। हमारा व्यवहार लगातार विघटनकारी या अनुचित होता जाता है।

## पीड़ितों की संख्या में लगातार वृद्धि



अल्जाइमर रोग का सबसे आम प्रकार मनोभ्रंश या याद्दाश्त के साथ गड़बड़ होना ही है। इस तेज रफ्तार जीवनशैली के दौर में जब लोग इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा तेज सोचते हों, उसी दौर में बहुत तेजी से यह अल्जाइमर बीमारी लगातार बढ़ रही है, जिसमें एक उम्र के बाद व्यक्ति अपनी जिंदगी खुद से जी पाने में असमर्थ होने लगता है।

चिंता यह भी कि इस तेज मेडिकल विकास के दौर में अल्जाइमर से पीड़ितों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साल 2020 में पूरी दुनिया में 5 करोड़ लोग अल्जाइमर से पीड़ित थे, जिसमें 56 लाख लोग अकेले अमेरिका में थे और तमाम चाकचौबंद स्वास्थ्य व्यवस्था के बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2060 तक अमेरिका में ही अल्जाइमर पीड़ितों की संख्या बढ़कर 1. 40 करोड़ हो जायेगी।

## भारत के लिए भी चुनौती

जहां तक अपने देश भारत की बात है तो साल 2022 में हमारे यहां अल्जाइमर से पीड़ित लोगों की संख्या 40 लाख को पार कर गई थी और 2023 के एक अध्ययन के मुताबिक, 2050 तक सबसे ज्यादा अल्जाइमर से पीड़ित लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में ही होंगे। यह संख्या कुल अल्जाइमर्स पीड़ितों की 75 फीसदी तक होगी। इस तथ्य से अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में किस तरह भारत में जबरदस्त अल्जाइमर पीड़ितों की संख्या हो सकती है।

**अल्जाइमर की बीमारी में मानसिक कार्यकलाप में धीरे-धीरे पतन होता है, जो कि मस्तिष्क के ऊतक का क्षरण बताता है, जिसमें तंत्रिका कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं, बीटा-एमाइलॉइड नामक एक असामान्य प्रोटीन का संचय और न्यूरोफ़ाइब्रिलरी गुत्थियों का विकसित होना शामिल है।**

## दिमाग में कुछ प्रोटीन जमा होना है वजह !

अल्जाइमर का रोग दरअसल एक तरह का दिमाग से संबंधित रोग है। मस्तिष्क में कुछ प्रोटीन जमा हो जाने की वजह से ये होता है और समय के साथ यह बढ़ता रहता है। खतरनाक बात यह कि अल्जाइमर का कोई इलाज नहीं है। कुछ दवाएं लाइफ क्वालिटी को महज बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस्तेमाल होती हैं। इस भयानक बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों के जानने और इसे लेकर सचेत रहने की जरूरत है। अल्जाइमर का पहला कारण यह है कि हम एक स्थिति के बाद अपने दिमाग का इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं और जिंदगी जीने के लिए ज्यादा से ज्यादा उपकरणों और तकनीकों पर निर्भर हो जाते हैं। इससे मस्तिष्क को नियमित मिलने वाला तनाव और एक्सरसाइज कम हो जाती है, नतीजतन हम अल्जाइमर की तरफ बढ़ने लगते हैं। दूसरा प्रमुख कारण हमारे जीन भी होते हैं। अगर हमारे मां-बाप या वंशबेल में किसी को यह समस्या होती है तो वह आगे भी बढ़ती रहती है। ऐसे ही अगर कभी सिर पर ऐसी गुम चोट लग जाए, जिससे सोचने समझने की क्षमता प्रभावित हो, तो भी यह चोट अल्जाइमर में परिवर्तित हो सकती है।

## ये उपाय हैं फायदेमंद

बड़े पैमाने पर मोटर वाहन दुर्घटनाओं के शिकार लोग अल्जाइमर से पीड़ित पाये गये हैं। जो लोग तनाव-अवसाद में रहते हैं, उन्हें भी अल्जाइमर होने की अधिक आशंका रहती है। क्योंकि लगातार अवसाद में रहने से मस्तिष्क में एमिलॉयड बीटा प्रोटीन जमा हो जाता है, जो अल्जाइमर का कारण बनता है। जानिये अल्जाइमर से बचाव के एहतियात उपाय – नियमित रूप से एक्सरसाइज करें और मानसिक रूप से भी सक्रिय रहें। इसके लिए बेहतर है कि नये कौशल सीखें, क्रास वर्ड बनाएं। वहीं मानसिक चुनौतियों को स्वीकार करें। नई भाषा के बारे जानकारी हासिल करें। वहीं संतुलित आहार लें, जिसमें सब्जियां, फल और प्रोटीन भरपूर हों। शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। इसके अलावा हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करें। धूम्रपान से बचें, अंधाधुंध शराब न पीएं। यह भी जरूरी है कि सिर को चोट लगने से बचाएं और अगर सुनाई कम पड़ने लगा हो तो तुरंत इलाज कराएं। याद रखें अल्जाइमर का कोई इलाज नहीं है, बस इससे बचाव के लिए सचेत रहना ही सबसे बड़ी दवा है।



# नई ऊर्जा का संचार करें बदलाव का समय

**भारतीय भौगोलिक और मौसमी परिस्थितियां किसी दैवीय वरदान और आशीर्वाद से कम नहीं हैं। भूमध्य रेखा के करीब और उस पर बसे देश सदा ही सूर्य की तीक्ष्ण किरणों का सामना करने को मज़बूर हैं। दूसरी ओर, अधिकांश पश्चिमी देश जहां लोगों को कई दिनों तक सूर्य देव के दर्शन भी दुर्लभ हो जाते हैं। भारत को प्रकृति सभी ऋतुओं का आशीर्वाद प्रदान किया है।**

हम भारतीय वर्षभर में छह ऋतुओं का आनंद उठाते हैं : वर्षा, ग्रीष्म, शरद, हेमंत, शिशिर और वसंत। हर ऋतु में एक अलग ही आनंद और उत्साह लोगों में देखने को मिलता है। ग्रीष्म ऋतु में खूब गर्मी होती है, तो वर्षा में झमाझम पानी बरसता है और शिशिर में कंपकपाने वाली ठंड भी खूब पड़ती है। तीन मुख्य ऋतुओं को जोड़ने वाली हेमंत, वसंत और शरद, दो-दो ऋतुओं का आनंद एक साथ प्रदान करती हैं। इसीलिए शास्त्रों में भारतीय धरा को देव धरा माना गया है।

## हिंदू पंचांग अनुसार

हेमंत ऋतु, शीत ऋतु का स्वागत करती है। हिंदू कैलेंडर में वर्णित छह ऋतुओं में से एक है, जो सूर्य की स्थिति पर आधारित है। इस अवधि के दौरान, मीठी, सुखद ठंड की स्थिति बनी रहती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हेमंत ऋतु 'मार्गशीर्ष' और 'पौष' मास के दौरान आती है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हेमंत ऋतु वास्तव में वर्ष का सबसे सुखद और आनंददायक समय है। हेमंत ऋतु वह ऋतु है जो शरद (शरद ऋतु) और शिशिर (सर्दियों) के बीच आती है। इस मौसम में शरद ऋतु से सर्दियों का आगाज होता है, साथ ही तापमान अपनी न्यूनता की ओर अग्रसर हो जाता है। अक्तूबर और नवंबर हेमंत के महीने हैं। इस समय के दौरान अनुभव किए जाने वाले उत्सव की भावना को बढ़ाने के लिए मौसम सबसे अनुकूल है। हेमंत ऋतु को सर्दियों पूर्व मौसम माना जाता है, जिसमें शीतलता के साथ शुष्कता रहती है।

## आध्यात्मिकता से ओतप्रोत

हेमंत ऋतु को पितरों को समर्पित ऋतु भी माना गया है। इस ऋतु में प्रातःकाल जल्दी उठकर, स्नानादि से निवृत्त होकर, पूजा-पाठ करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ज्योतिषविदों के मतानुसार, हेमंत काल में सूर्य की स्थिति वृश्चिक और धनु राशि में रहती है। खगोलीय और ज्योतिषीय विश्लेषण के अनुसार, सूर्य की यह स्थिति परोपकार और आध्यात्मिक विचारों को प्रबल बनाती है। इस शीतल काल में मन-मस्तिष्क शांत और प्रसन्नचित रहता है, जिसके कारण प्रभु ध्यान और मनन का माहौल निर्मित होता है।

## स्वास्थ्य प्रदान

हेमंत ऋतु वर्षा के बाद और शिशिर से पूर्व का मौसम है, जिसमें ठंडी पवन और सूर्य का पूरा प्रकाश प्राप्त होता है। दोनों ही स्वास्थ्यवर्धक तत्व हैं। ताज़ी हवा शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का संचार करती है। सूर्य का प्रकाश रोगनाशक तत्व के रूप में मदद करता है।

इस मौसम में पाचन तंत्र अच्छे से कार्य करता है, जिसके कारण पाचन शक्ति बढ़ती है और हम जो भी भोजन ग्रहण करते हैं, वह शरीर को लगता है और शरीर को ताकत मिलती है। सूर्य के मंगल और बृहस्पति राशियों में आगमन जठराग्नि को बढ़ाकर, भोजन के प्रति रुचि उत्पन्न करता है। इस मौसम में सूर्य दक्षिणायन रहता है और हेमंत ऋतु की समाप्ति के साथ ही सूर्य की स्थिति उत्तरायण होनी शुरू हो जाती है।

## कब शुरू होगी

हिंदू पंचांग के अनुसार, सौर हेमंत ऋतु का प्रारंभ 23 अक्तूबर, बुधवार से होगा और समापन शिशिर आरंभ के साथ 21 दिसंबर शनिवार को होगा। हिंदू संस्कृति में ऋतु परिवर्तन और ऋतुओं का विशेष महत्व है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ते तापमान में हेमंत और शिशिर जैसे सुहावने, मध्यम से तीव्र ठंडे मौसम की अपनी एक अलग ही विशेषता है।

## हेमंत ऋतु



हेमंत ऋतु में ताज़ी हवा और सूर्य की रोशनी हमारे मन और शरीर को ऊर्जा देती है। हेमंत ऋतु में पितरों को श्रद्धांजलि देने का विशेष महत्व है, जिससे हमें उनके आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। यह मौसम उत्सवों और पर्वों के लिए भी अनुकूल होता है, जो मन में खुशी और उल्लास का संचार करता है। इस प्रकार, हेमंत ऋतु जीवन में नई ताज़गी और सकारात्मकता लेकर आती है।



**हेमंत ऋतु वर्षा के बाद और शिशिर से पूर्व के मौसम में पाचन तंत्र अच्छे से कार्य करता है, जिसके कारण पाचन शक्ति बढ़ती है और हम जो भी भोजन ग्रहण करते हैं, वह शरीर को लगता है और शरीर को ताकत मिलती है।**

## दिवाली वाले दिन पता चलेगा आईपीएल टीमें किन-किन खिलाड़ियों को करेगी रिटेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी 10 टीमों को अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक की दी है। 31 तारीख तक सभी टीमें रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप देगी। 31 अक्टूबर को दीवाली है और इस दिन ही क्रिकेट फैंस को पता चल पाएगा कि किस टीम ने किस खिलाड़ी को रिटेन किया और किसे बाहर किया।

अब सवाल ये है कि इसका पता क्रिकेट फैंस को कैसे पता चलेगा तो चलिए इसके बारे में हम आपको बताते हैं। आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों के बारे में पूरी जानकारी जियो सिनेमा पर दी जाएगी। जियो सिनेमा पर 31 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से इसके लिए विशेष कार्यक्रम पेश किया जाएगा और इसके जरिए पूरी जानकारी सबको उपलब्ध हो पाएगी। इसके जरिए खेल प्रशंसकों को आसानी से पता चल जाएगा कि किसे रिटेन किया गया है और किसे रिलीज किया जा रहा है।

फ्रेंचाइजियों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। टीमों को अधिकतम 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई है, जिनकी कीमत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे रिटेंशन के लिए 18 करोड़ रुपये, 14 करोड़ रुपये और 11 करोड़ रुपये है। वहीं चौथे रिटेंशन के लिए भी 18 करोड़ जबकि पांचवें रिटेंशन के लिए भी 14 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक खिलाड़ी को कोई भी टीम अनकैप्ड प्लेयर के रूप में रिटेन कर सकती है जिसके लिए 4 करोड़ रुपये की अनुमति दी गई है।

**आईपीएल 2025 रिटेंशन लाइव स्ट्रीमिंग की पूरी डिटेल**

क्रिकेट फैंस जियो सिनेमा ऐप और वेबसाइट पर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 रिटेंशन की मुफ्त लाइव स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं। जियो सिनेमा ने 31 अक्टूबर को अपने प्लेटफॉर्म पर इस इवेंट को मुफ्त में देखने की घोषणा की है।

**आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी कब होगी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। हालांकि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में होगी।

## ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड



**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

डब्ल्यूटीटी चैम्पियंसः

# मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट में सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। मनिका को क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका से इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रहीं एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।




## शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे: मैकडोनाल्ड

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलगी। भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है।

तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।

अंडर-23 विश्व चैंपियनशिपः

## अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुंचे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है।

नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65 ) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

# लुईस का शतक, वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया




**पाल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी।** एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की।

श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। दोबारा खेल शुरू होने पर कुसाल मेंडिस (नाबाद 56) ने शुरुआती चार गेंद पर चौके लगाए। निसांका ने रन आउट होने से पहले 58 गेंद में अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस ने सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक जड़ा। उन्हें भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया।

लुईस और कप्तान शाई होप (22) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारा। होप के आउट होने के बाद लुईस और शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 50, 26 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मोर्चा संभाला और एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई दी। रदरफोर्ड ने सिर्फ 26 गेंद में अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

# पीएम मोदी ने अर्जुन एरिगेसी को 2800 शतरंज रेटिंग पार करने पर दी बधाई





**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे। ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई!

यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

# ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, अभी भी सामने नहीं आया कप्तान का नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली शानदार जीत के बाद अब पाकिस्तान की टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है. इस दौरे की शुरुआत 4 नवंबर से होगी. इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी. पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी को टीम में चुना गया है. इन तीनों स्टार खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच टीम से अलग किया गया था. लेकिन इन खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया है. वहीं, मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया दौरे के अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे. वह भी टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे.

**इन खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका**

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सैम अयूब को पहली बार शामिल किया गया है. दूसरी ओर जहानदाद खान और सलमान अली आगा पहली बार टी20 टीम में चुने गए हैं. वहीं, मोहम्मद हसनैन की लंबे समय के बाद टीम में वापसी हुई है.

**अभी भी नहीं हुआ नए कप्तान के नाम का ऐलान**

दरअसल, बाबर आजम ने हाल ही में वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ी थी. ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम को नया कप्तान मिलेगा. लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने टीम के ऐलान के साथ कप्तान के नाम का खुलासा नहीं किया है. पीसीबी की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज के मुताबिक, कप्तान के नाम का ऐलान 27 अक्टूबर यानी आज दोपहर 4 बजे किया जाएगा.



**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम**

वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी.

**टी20 टीमः** अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकीम, उस्मान खान.

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम**

**वनडे टीमः** आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर.

**टी20 टीमः** अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान.

# मलाइका अरोड़ा के बर्थडे पर अर्जुन कपूर ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट



सलमान खान की एक्स भाभी मलाइका अरोड़ा किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं. कुछ समय पहले ही मलाइका अरोड़ा ने अपने पिता को खोया है. पिता के जाने के बाद मलाइका अरोड़ा ने अपना बर्थडे सेलीब्रेट किया. अब एक बार फिर से मलाइका अरोड़ा लाइमलाइट में आ गई हैं. मलाइका अरोड़ा के बर्थडे के मौके पर अर्जुन कपूर ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की है. इस पोस्ट को देखकर कयास लगाए जाने लगे हैं कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पूरी तरह से अलग हो चुके हैं. मलाइका अरोड़ा का नाम लिए बिना अर्जुन कपूर ने लिखा, तुमको ये बात नहीं भूलनी चाहिए कि तुम हो कौन.. %द लायन किंग% अर्जुन कपूर ने फिल्म %द लायन किंग% का ये डायलॉग लिखकर सनसनी मचा दी है.फिल्म में ये डायलॉग मुफासा अपने बेटे सिंबा से कहता है. इस पोस्ट को देखने के बाद लोग मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं. गौरतलब है कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने एक दूसरे को 6 साल तक डेट किया है. माना जाता है कि अरबाज खान से तलाक की वजह भी अर्जुन कपूर ही थे.तलाक के बाद मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के साथ रहना शुरू कर दिया था. कई इवेंट्स में मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर को साथ देखा जाने लगा. 6 साल बाद अचानक खबर आई कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है. हालांकि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने कभी भी अपने ब्रेकअप के बारे में कभी कोई बयान नहीं दिया. मलाइका अरोड़ा के पिता का देहांत होते ही अर्जुन कपूर उनके घर जा पहुंचे थे. इस दौरान अर्जुन कपूर ने मलाइका अरोड़ा के परिवार को सांत्वना दी. उस समय लोगों को लगने लगा था कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर अब भी साथ हैं. हालांकि अर्जुन कपूर की इस पोस्ट को देखकर एक बार फिर से फैंस का दिल टूट गया है।







# बिग बॉस 18 के मेकर्स पर भड़कीं काम्या पंजाबी

सलमान खान का रियलिटी शो बिग बॉस का 18वां सीजन पहले दिन से ही चर्चा में बना हुआ है. शो में पहले हफ्ते से ढेर सारे लड़ाई झगड़े देखने के लिए मिल रहे हैं, जिस वजह से कुछ कंटेस्टेंट ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. इस लिस्ट में विवियन डीसेना का नाम भी शामिल है. टीवी के टॉप एक्टर विवियन डीसेना को फैंस ने अपना विनर मान लिया है. इतना ही नहीं, उन्होंने शो में आते ही %बिग बॉस का लाडला का टैग भी मिल गया है, लेकिन ये बात काम्या पंजाबी को पसंद नहीं आई. इसी वजह से एक्ट्रेस ने बिग बॉस के मेकर्स की क्लास लगाई है.

**मेकर्स संग विवियन डीसेना की सेटिंग पर बोल चुकी हैं हेमा शर्मा**

दरअसल, बिग बॉस 18 में कई बार कंटेस्टेंट ने विवियन डीसेना के लिए बिग बॉस का लाडला शब्द का इस्तेमाल किया है और काम्या पंजाबी ने इसी वजह से मेकर्स की क्लास लगाई है. काम्या बिग बॉस पर अपनी पैनी नजर बनाकर रखती हैं. वह बीते कई सीजन के दौरान कंटेस्टेंट्स के खेल पर अपनी राय रखती हैं. बिग बॉस 18 के लिए भी वह लगातार ट्वीट कर रही हैं. वहीं, अब काम्या ने विवियन के लिए लिखा, इस कलर्स के लाडले का क्या मतलब है? और क्यों ? इसका उस पर उल्टा असर पड़ेगा। यहां कोई किसी का पसंदीदा नहीं है...यह सिर्फ खेल है। बता दें कि काम्या पंजाबी और विवियन डीसेना टीवी सीरियल शक्ति अस्तित्व का एहसास में को-एक्टर रह चुके हैं. इस शो में काम्या ने विवियन की मां का रोल निभाया था.बता दें कि हाल ही में बिग बॉस 18 के घर से हेमा शर्मा बाहर हुई हैं. हेमा ने शो से बाहर आते ही विवियन को मिल रहे स्पेशल ट्रीटमेंट पर सवाल उठाया है. हेमा ने सवाल उठाते हुए कहा था कि हम जैसे लोगों ने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की हैं और ऐसे लोगों के लिए ये सब देखना थोड़ा असहज हो जाता है. इस मौके पर हम तो सिर्प सोच ही सकते हैं कि क्या विवियन का पहले से ही कोई कनेक्शन है. ऐसी ही एंटरटेनमेंट की लेटेस्ट खबरों के लिए बॉलीवुडलाइफ के साथ बने रहिए।

# अपनी फिल्म के प्रीमियर से पहले अक्षय कुमार ने कहा- टाइगर असल जिंदगी में मेरे छोटे भाई हैं



बॉलीवुड के पावरहाउस अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी धमाकेदार एक्शन कॉमेडी, बड़े मियां छोटे मियां से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का प्रीमियर सोनी मैक्स पर होगा। टाइगर मेरे छोटे भाई की तरह हैं। हम तुरंत कनेक्ट हो गए, और हमारी दोस्ती कमाल की है। हमने कई घंटे साथ बिताए। इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करने से लेकर वॉलीबॉल और लूडो जैसे गेम खेलना शामिल था। वह पूरी तरह से पेशेवर हैं। मैंने उससे बहुत कुछ सीखा है। अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो मैं टाइगर के साथ शूटिंग मिस करने वाला हूं। वह असल जिंदगी में मेरे छोटे हैं। सोनी मैक्स पर प्रीमियर से पहले अक्षय कुमार ने टाइगर श्रॉफ के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया।बड़े मियाँ छोटे मियाँ क्लासिक फ़िल्म का आधुनिक रूप है, जिसमें रोमांचकारी कहानी, शानदार दृश्य और दमदार एक्शन सीक्वेंस हैं। फिल्म दो पूर्व सैनिकों की कहानी है जो दुनिया को एक बड़े खतरे से बचाने के लिए सेना में शामिल होते हैं।बड़े मियाँ छोटे मियाँ एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा का एक बेहतरीन मिश्रण है। यह हर उम्र के दर्शकों का मनोरंजन करने का वादा करती है। 27 अक्टूबर को रात 08:00 बजे सोनी मैक्स पर फ़िल्म का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर देखना न भूलें।

# विविध भूमिकाएं चुनने से मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला : श्रद्धा कपूर



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, जो वर्तमान में अपनी हालिया रिलीज स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रही हैं, ने बताया कि वह बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा स्टार्स में से एक क्यों हैं।आईएएनएस से बात करते हुए श्रद्धा ने कहा- मेरा मानना ??है कि इंडस्ट्री में मेरी तरक्की कई कारकों के संयोजन से हुई है। अलग-अलग भूमिकाएं चुनने से मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने और व्यापक दर्शकों से जुड़ने का मौका मिला है।हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में कल्कि लेबल के लिए रनवे पर चलने वाली अभिनेत्री ने कहा कि प्रामाणिकता मुख्य घटक है। अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी अभिनेत्री ने कहा, अपने प्रदर्शन और बातचीत में प्रामाणिकता बनाए रखने से प्रशंसकों के साथ वास्तविक संबंध बनाने में मदद मिली है। इसके अलावा, निरंतर सीखने और आत्म-सुधार के प्रति मेरी लगन ने मुझे एक अभिनेता और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने में सक्षम बनाया है।स्त्री 2, जिसने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। 600 करोड़ बेंचमार्क, मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है और 2018 की ब्लॉकबस्टर स्त्री की अगली कड़ी है, जिसमें राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी हैं। 37 वर्षीय अभिनेत्री ने हाल ही में क्लिक होने से बचने के लिए शटरबग्स पर एक मज़ेदार प्रैंक किया और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के नाम का इस्तेमाल किया।रवीना टंडन की बेटी राशा के साथ डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ??की दिवाली पार्टी से बाहर निकलते हुए श्रद्धा का एक वीडियो। दोनों को पपराज़ी लोगों के एक समूह ने घेर लिया था, जो श्रद्धा की एक झलक पाने के लिए तरस रहे थे। अभिनेत्री को मज़ेदार तरीके से बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का नाम ज़ोर से लेते हुए सुना जा सकता है ताकि शटरबग्स का ध्यान भटक जाए ताकि वह कार की ओर भाग सकें।श्रद्धा को यह कहते हुए सुना जा सकता है- अरे वो देखो शाहरुख खान। शाहरुख खान।अभिनेत्री की बात करें तो उन्होंने 2010 में 'तीन पत्ती' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उनकी पहली हिट 'आश्की-2' थी। इसके बाद उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने हर छोटी अवधि के बाद हिट फिल्में देना जारी रखा। पिछले कुछ सालों में उन्होंने 'स्त्री', 'स्त्री-2' और 'तू झूठी मैं मक्का' जैसी हिट फिल्में दी हैं। श्रद्धा ने हाल ही में रिलेशनशिप में होने की बात स्वीकार की और कहा कि उन्हें अपने पार्टनर के साथ समय बिताना पसंद है। आगे की खबर यह है कि श्रद्धा 'धूम' की चौथी किस्त में रणबीर कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी।





# भूल भुलैया 3 से विद्या बालन, माधुरी दीक्षित का आमना-सामना हुआ वायरल

भूल भुलैया फ्रैंचाइज़ ने प्रतिष्ठित गीत अमी जे तोमर 3.0 संस्करण के साथ वापसी की है। आधुनिक संस्करण का अनावरण शुक्रवार (25 अक्टूबर) को मुंबई के शानदार रॉयल ओपेरा हाउस में किया जाएगा। अब अमी जे तोमर 3.0 की शूटिंग से अभिनेत्री विद्या बालन और माधुरी दीक्षित की जोड़ी का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। क्लिप में, हम विद्या और माधुरी के आमने-सामने होने को देख सकते हैं। शूटिंग से दो अभिनेताओं का वीडियो वायरल होने पर कई प्रशंसकों ने अपनी खुशी साझा की।यह ट्रैक मूल गीत के आकर्षण को बनाए रखने का वादा करता है, जिसे 2007 की फिल्म में रिलीज़ किया गया था, जिसमें विद्या बालन मंजुलिका के रूप में थीं। इस गाने को श्रेया घोषाल ने गाया है और प्रीतम ने इसे कंपोज किया है। नेटिज़ेंस ने ट्रैक की प्रशंसा करते हुए टिप्पणियों में अपने विचार साझा किए। एक उपयोगकर्ता ने लिखा, यह फिल्म का एकमात्र अच्छा हिस्सा होगा।

# कृति सेनन और काजोल की दो पत्ती ओटीटी पर हुई रिलीज



कृति सेनन के लिए साल 2024 शानदार रहा है. उनकी पहले शाहिद कपूर संग फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने दर्शकों का दिल जीता और फिर करीना कपूर खान, तबू के साथ उनकी फिल्म क्रू भी हिट रही. वहीं कृति सेनन अब साल की अपनी तीसरी रिलीज 'दो पत्ती' के साथ वापस आ गई हैं.इस फिल्म में काजोल और शाहीर शेख भी मुख्य भूमिका में हैं. शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित 'दो पत्ती' एक रोमांटिक थ्रिलर है. फिल्म ने अपने ट्रेलर और शानदार स्टार कास्ट के साथ काफी बज क्रिएट किया है.चलिए यहां जानते हैं ये फिल्म ओटीटी पर कब और कहां देख सकते हैं?बता दें कि दिलवाले के बाद काजोल और कृति एक बार फिर 'दो पत्ती' में नजर आएंगीं. फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंड हैं. वहीं फाइनली ये सस्पेंस थ्रिलर आज ओटीटी पर रिलीज हो रही है. दरअसल 'दो पत्ती' 25 अक्टूबर को यानी आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है. फिल्म का प्रीमियर ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म पर शुक्रवार को दोपहर 1:30 बजे होने की उम्मीद है.

रोमांटिक थ्रिलर 'दो पत्ती' की कहानी एक पहाड़ी शहर देवीपुर की है जो एक कॉप विद्या ज्योति (काजोल स्टारर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अलग-अलग पर्सनैलिटी वाली ट्विंस सौम्या और शैली से जुड़े मुश्किल मामले को सुलझा रही है. फिल्म में कृति सेनन जुड़वां बहनों के रोल में हैं. वहीं टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर शहीर शेख ने 'दो पत्ती' से बॉलीवुड में डेब्यू किया है. वे फिल्म में कृति संग रोमांस फरमाते नजर आएंगे.